डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹80200 10 ग्राम

₹100000 01 किलो

सेंसेक्स 75,311.06 -424.90 | डॉलर 86.572 +0.011

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 24 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-131, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-09 शिवरात्रि में मेला स्थल तक गाड़ी...

## एक नजर

### आज हरमू सहित कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**रांची।** रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के तहत रांची में विद्युत संरचना को मजबूत करने के लिए सोमवार को कई इलाकों में काम किया जाएगा। बिजली विभाग विद्युत शक्ति उपकेंद्र, हरमू के ओल्ड हरमू फीडर में भगत सिंह चौक के पास एलटी लाइन का काम किया जाएगा। इसलिए इससे संबंधित इलाकों की बिजली आपूर्ति सुबह 11.30 बजे से दोपहर तीन बजे तक बाधित रहेगी। इसके अलावा, विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अशोकनगर के पुंदाग फीडर में गिरजाटोली में एलटी और एचटी लाइन का काम किया जाएगा। इससे 11 केवी पुंदाग फीडर की बिजली आपूर्ति भी इतनी ही देर तक बाधित रहेगी। विद्युत शक्ति उपकेंद्र, पुंदाग के क्षेत्र में आनेवाले इलाकों में भी साढ़े तीन घंटे तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली विभाग की ओर से रविवार को दी गई है।

### हिमाचल प्रदेश के मंडी में लगे भूकंप के झटके

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर भूकंप के झटके लगे हैं। रविवार सुबह मंडी जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे कुछ देर के लिए लोगों में भय का माहौल बन गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई और इसका केंद्र मंडी जिले में 31.48 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.95 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था।


### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।


### आज कल




सदन में 11:30 बजे राज्यपाल का होगा अभिभाषण

# झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से

**27 फरवरी को सदन पटल पर रखी जाएगी वर्ष 2024-25 की तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी**

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार (24 फरवरी) से शुरू हो रहा है। इस सत्र में हेमंत सरकार वित्त वर्ष 2025-26 का पूर्ण बजट पेश करेगी। बजट वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर पेश करेंगे। बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को दिन में 11:30 बजे संविधान के अनुच्छेद 176 (1) के तहत राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण होगा। फिर शोक प्रकाश के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित हो जाएगी। राज्यपाल के अभिभाषण पर 25 फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव के बाद वाद-विवाद होगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है, इसलिए उस दिन विधानसभा की



कार्यवाही नहीं चलेगी। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर 27 फरवरी 2025 को प्रश्न काल के बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी सदन के पटल पर रखेंगे। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद होगा और बाद में सरकार इस पर जवाब देगी। 28 फरवरी को तृतीय अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद होगा और अनुपूरक बजट पर मतदान के बाद विनियोग विधेयक को पेश किया किया जाएगा। 01 मार्च को शनिवार और 02 मार्च को रविवार है, इसलिए उन दोनों दिन सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी।

### वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर 3 मार्च को पेश करेंगे बजट



वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर 03 मार्च 2025 को वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे। फिर उनका बजट अभिभाषण होगा। इसके बाद सदन की कार्यवाही अगले दिन तक के लिए स्थगित कर दी जाएगी। 04 और 05 मार्च को बजट के आय-व्यय पर वाद-विवाद के बाद सरकार अपना जवाब देगी। 06 मार्च से अगली 10 कार्यवाही के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुदान मांगों पर वाद-विवाद होगा। 24 मार्च 2025 तक अनुदान मांगों पर वाद-विवाद के बाद सरकार अपना जवाब देगी।

# भारत की 'विराट' जीत

**पाकिस्तान को छह विकेट से हराया, कोहली ने वनडे में जड़ा 51वां शतक**

**विराट कोहली 14,000 रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बने**




**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी के हाई वोल्टेज मुकाबले में भारत की पाकिस्तान पर जीत 'विराट' रही। कोहली के 'विराट' खेल से भारत ने पाकिस्तान पर को छह विकेट से हरा दिया। कुलदीप यादव और हार्दिक पांड्या की शानदार गेंदबाजी के बाद विराट कोहली के नाबाद शतक के दम पर भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान को 45 गेंद शेष रहते छह विकेट से करारी शिकस्त दी। पाकिस्तान की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में 241 रन पर सिमट गई। सऊद शकील (62) और मोहम्मद रिजवान (46) के अलावा कोई पाकिस्तानी बल्लेबाज नहीं चला। जवाब में भारत ने 42.3 **शेष पेज 11 पर**

सुरक्षित वापसी के लिए परिजन भगवान से मांग रहे हैं दुआएं

# टनल में फंसे गुमला के चार श्रमिकों के परिजनों का रो-रोकर है बुरा हाल






**तेलंगाना हादसा**

**प्रशासन के अधिकारियों ने श्रमिकों के परिजनों को दिया दिलासा**

**रेस्क्यू ऑपरेशन पर राज्य की सरकार की है लगातार निगाह**

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) टनल प्रोजेक्ट का एक हिस्सा गिरने से इसमें आठ मजदूर फंस गए हैं, जिनमें झारखंड के गुमला जिले के चार मजदूर शामिल हैं। हादसे के बाद टनल में फंसे होने की सूचना मिलते ही उनके परिवारों में बेचैनी और चिंता का माहौल है। वहीं, स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने एसएलबीसी सुरंग में फंसे श्रमिकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया है कि श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन पर राज्य की सरकार की लगातार निगाह है।

गुमला के जो चार मजदूर सुरंग हादसे में फंसे हैं, उनमें संतोष साहू (तिर्रा गांव, सदर थाना, गुमला), अनुज साहू (खंभिया कुंबा टोली, घाघरा थाना, गुमला), जगता खेस (कोबी टोली, रायडीह थाना, गुमला) और संदीप साहू (उमड़ा नकटी टोली, पालकोट थाना, गुमला) शामिल हैं।

बताया गया कि परिजनों को हादसे की खबर टनल से बचकर निकले मजदूरों ने दी, लेकिन अब तक तेलंगाना सरकार की ओर से कोई जानकारी नहीं मिली है। संतोष साहू की पत्नी संतोषी देवी और उनके तीनों बच्चे - ऋषभ, रीमा और राधिका - अपने पति व पिता की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं। अन्य तीन मजदूरों के परिजन भी चिंतित हैं क्योंकि वे अविवाहित हैं और घर का सहारा हैं।

गुमला के करौंदी पंचायत के तिर्रा गांव निवासी संतोष साहू के परिवार में मातम पसरा हुआ है। जैसे ही उनके टनल में फंसे होने की खबर मिली, उनकी पत्नी संतोषी देवी, बेटियां रीमा और राधिका कुमारी, और बेटा ऋषभ साहू का रो-रोकर हाल-बेहाल हो गया। परिजन भगवान से दुआएं मांग रहे हैं। संतोष की पत्नी रविवार की सुबह खूंटी जिले के **शेष पेज 11 पर**

### सीएम के निर्देश पर झारखंडी श्रमिकों की कुशलता की ली गई जानकारी



**रांची।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) टनल हादसे में झारखंड सहित अन्य राज्यों के कुछ श्रमिकों के फंसे होने की सूचना राज्य सरकार को विगत शनिवार (22 फरवरी 2025) को मिली थी। सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सक्रिय हो गए। झारखंड के श्रमिकों के फंसे होने की सूचना के बाद श्रमिकों को सुरक्षित निकालने को लेकर उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भी संपर्क किया। वहीं, मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने तेलंगाना सरकार से संपर्क किया। टनल में गुमला के अलावा उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के श्रमिक फंसे हुए हैं। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के अनुसार, फिलहाल एनडीआरएफ की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है। नियंत्रण कक्ष ने एएलओ नागरकुरनूल से संपर्क किया। एएलओ नागरकुरनूल ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम टनल में प्रवेश कर चुकी है, लेकिन अभी तक श्रमिकों से कोई संपर्क स्थापित नहीं हो सका है। टनल के अंदर की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेर्शानुसार गुमला के बधिमा (पालकोट), कुंबा टोली (घाघरा), खटंगा-कोबी टोली (रायडीह) और करुंदी (गुमला प्रखंड) निवासी श्रमिकों की पारिवारिक जानकारी श्रम अधीक्षक और जिला प्रशासन, गुमला द्वारा रविवार को सत्यापित की गई है। सत्यापन के दौरान परिजनों ने बताया कि सभी श्रमिक 3-4 वर्षों से तेलंगाना में कार्यरत थे। वे अपनी स्वेच्छा से वहां गए थे। वे वर्ष में एक बार अपने गांव आते-जाते रहते थे। हादसे की खबर से परिजन अत्यंत चिंतित हैं तथा अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी की कामना कर रहे हैं।

'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-

# मोटापे की समस्या गंभीर, 10 प्रतिशत कम करें खाद्य तेल का उपयोग

**महिला दिवस पर एक दिन के लिए महिलाओं के हवाले करेंगे सोशल मीडिया अकाउंट**

**हम वैश्विक खेल का पावर हाउस बन रहे, खिलाड़ी व 'खेलो इंडिया' अभियान हैं अहम**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में आधुनिक जीवन शैली से बढ़ती जा रही स्वास्थ्य समस्या के तौर पर मोटापे का विषय उठाया। उन्होंने इस संबंध में आमजन से अपने भोजन में खाद्य तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत की कमी लाने की अपील की। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जागरूकता पैदा करने के माध्यम के तौर पर 10 लोगों को खाद्य तेल में कटौती से जुड़ी चुनौती देने की बात भी कही। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के 119वें एपिसोड में आज मोटापे के विषय पर ओलंपिक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, निखत जरीन तथा स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ देवी शेट्टी से हुई बातचीत सुनाई। उन्होंने कहा कि खाने में तेल के कम उपयोग और मोटापे से निपटना केवल व्यक्तिगत विषय नहीं है, बल्कि यह परिवार के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। खानपान में तेल का अधिक इस्तेमाल दिल की बीमारियों, शुगर और उक्त रक्तचाप जैसी ढेर सारी बीमारियों की वजह बनता है। उन्होंने कहा कि खानपान में छोटे-छोटे बदलाव से हम हमारे भविष्य को मजबूत, सशक्त और रोग मुक्त बना सकते हैं। उन्होंने कहा, आप तय कर लीजिए कि हर महीने 10 प्रतिशत तेल कम उपयोग करेंगे। आप तेल की खरीद में 10 प्रतिशत की कमी लाएंगे। यह मोटापा कम करने की दिशा में अहम कदम होगा। प्रधानमंत्री मोदी 'मन की बात' में पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीव संरक्षण जैसे विषयों को लगातार उठाते रहे हैं। इसी क्रम में आज उन्होंने भारत के जीवंत पारिस्थितिक तंत्र की बात की। उन्होंने उन परंपराओं की जानकारी दी जिसके जुड़कर लोग वन्य जीवन और प्रकृति के संरक्षण को प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि एशियाई शेर, **शेष पेज 11 पर**

## महा शिवरात्रि को लेकर पहाड़ी मंदिर में हल्दी मेंहदी की रस्म की गई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) द्वारा पहाड़ी मंदिर के महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर हल्दी मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पहाड़ी बाबा का फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। हल्दी की रस्म के दौरान भगवान शिव को सबसे पहले हल्दी और तेल का लेपन और तिलक किया गया। इसके बाद उन्हें स्नान करवाकर नए वस्त्र धारण करवाए गए और उन्हें पीले फूलों से सजाया गया। इसके साथ ही मंदिर में आए भक्तों ने भी भगवान की हल्दी रस्म में शामिल होकर एक दूसरे को भगवान की प्रसाद रूपी हल्दी भी चढ़ाई। हल्दी की रस्म के बाद मंदिर में भगवान शिव का संगीत का आयोजन हुआ। महिलाओं ने भजन गाकर भगवान शिव की संगीत रस्म को निभाया। उसके बाद पहाड़ी बाबा की भव्य आरती की गई, जिसमें सैकड़ो महिलाएं और पुरुष सम्मिलित रहे। श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार के संस्थापक नन्द किशोर सिंह चंदेल और अध्यक्ष गुलशन मिढ़ा ने बताया कि 26 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन दिन पहाड़ी बाबा के मुख्य द्वार से शहर की सबसे पहली शिव बारात निकाली जाएगी और ऐतिहासिक झांकी निकाली जाएगी। मौके पर संस्थापक नन्द किशोर सिंह चंदेल, मुख्य संयोजक ललित ओझा, राजू काठपाल, अध्यक्ष गुलशन मिड्ढा, संजय जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश मक्कड़ नेशु, महासचिव जीतू अरोड़ा, रिंकू, राजु सिन्हा, मोनू शर्मा, विनय सिंह, अजित सिंह, मोहन गोस्वामी, प्रिया बर्मन, वीणा श्री, अंजना प्रियदर्शनी, वीणा सिंह, विनीता, अर्चना झा, मोनिका, सोनी, रीता सेन समेत अन्य उपस्थित थे।

## सिम कार्ड बेचने के लिए 1 अप्रैल से डीलरशिप रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**31 मार्च 2025 है डीलर वेरिफिकेशन की अंतिम तिथि**

– ब्यूरो

**नई दिल्ली।** क्या अब फर्जी सिम कार्ड नहीं बिकेंगे? किसी व्यक्ति के जानकारी के बिना उसके नाम से सिम लेकर लोग फ्रॉड नहीं कर सकेंगे? कहा तो यही जा रहा है कि सरकार ने फर्जी सिम कार्ड की बिक्री पर रोक लगाने की तैयारी कर ली है। इसके लिए सिम कार्ड डीलर का वेरिफिकेशन अनिवार्य कर दिया है। इसकी डेडलाइन 2 माह और बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया है। इसके बाद भी यदि सिम कार्ड डीलर 31 मार्च 2025 तक सरकार के पास खुद की डीलरशिप का रजिस्ट्रेशन नहीं कराते हैं, तो वे डीलर अप्रैल 2025 से सिम कार्ड की बिक्री नहीं कर पाएंगे। इसके लिए केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशंस ने मोबाइल फोन ऑपरेटर्स की फ्रैंचाइजी, एजेंट्स व वितरकों को तुरंत रजिस्ट्रेशन कराने की हिदायत दी है। मालूम हो कि सरकार ने अगस्त 2023 में सिम कार्ड डीलर्स का वेरिफिकेशन अनिवार्य कर दिया था। इसके लिए सभी फ्रैंचाइजी, पॉइंट ऑफ सेल एजेंट्स और वितरकों को टेलीकॉम ऑपरेटर्स को 12 माह में रजिस्टर करने की डेडलाइन दी थी। इसके बाद भी टेलिकॉम कंपनियों को वेरिफिकेशन प्रॉसेस पूरा करने की डेडलाइन को कई बार बढ़ाया जा चुका है। प्राइवेट टेलिकॉम कंपनी जैसे रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया ने ने 31 मार्च तक अपने एजेंट्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स को रजिस्टर कर लिया था, लेकिन सरकारी कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड ने सरकार से ज्यादा समय मांगा था। बीएसएनएल का कहना था कि उसे अपने सॉफ्टवेयर इश्यू को ठीक करने की जरूरत है। ऐसे में उसे ज्यादा वक्त दिया जाए। डाट ने नोटिफिकेशन जारी करके कहा है कि 1 अप्रैल 2025 से, केवल वही पीओएस कस्टमर्स को एनरोल व नया सिम कार्ड बेच पाएंगे, जो 31 अगस्त, 2023 के डाट की गाइडलाइन के हिसाब से रजिस्टर्ड होंगे। इससे फर्जी सिम कार्ड बिक्री पर रोक लगाने में मदद मिलने की संभावना है।

**इंडिया**

# अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुराने जिन्न को बाहर निकाला



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शनिवार को किए दावे कि बाइडन प्रशासन ने भारत को उसके चुनाव में मदद के लिए 1.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि आबंटित की जॉर्ज सोरोस मामले का जिन्न भी बाहर आ गया है। जयशंकर ने कहा है कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी चिंताजनक है और सरकार इसकी जांच कर रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में आयोजित डीयू साहित्य महोत्सव के दौरान पूछने पर कहा कि यह चिंताजनक है और ऐसी गतिविधियां हैं जिनका एक निश्चित उद्देश्य है किसी विमर्श या दृष्टिकोण को बढ़ावा देना।जयशंकर ने कहा, 'एक सरकार के रूप में, हम इसकी जांच कर रहे हैं, क्योंकि ऐसे संगठनों का दायित्व है कि वे जानकारी दें और, मेरा मानना है कि सच सामने आएगा।' उन्होंने कहा कि यूएसएड को सद्भावनापूर्ण गतिविधियां करने के लिए यहां अनुमति दी गई थी।'उन्होंने कहा, 'अब अमेरिका से यह संकेत मिल रहे हैं कि कुछ गतिविधियां दुर्भावनापूर्ण थीं जिसपर निश्चित रूप से गौर किया जाना चाहिए और यदि ऐसा कुछ है तो मेरा मानना है कि देश को पता होना चाहिए कि दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों में कौन लोग शामिल हैं।'इससे पहले मियामी में बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) द्वारा दिए गए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के वित्त पोषण पर सवाल उठाया था और सवाल किया था कि क्या किसी और को चुनाव जिताने के प्रयास के तहत ऐसा किया गया। इससे पहले 2023-24 में विवादित अमेरिकी अरबपति व्यापारी जॉर्ज सोरोस चर्चा में था ।2023 में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि जॉर्ज सोरोस का बयान भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बर्बाद करने की घोषणा थी। जॉर्ज सोरोस ने जर्मनी के म्यूनिख रक्षा सम्मेलन में कहा था कि भारत तो एक लोकतांत्रिक देश है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकतांत्रिक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारत रूस से कम कीमत पर तेल खरीदता है। जॉर्ज सोरोस के अनुसार गौतम अदाणी मामले में मोदी फिलहाल खामोश हैं लेकिन विदेशी निवेशकों और संसद में सवालों का उन्हें जवाब देना होगा। इससे सरकार पर उनकी



पकड़ कमजोर होगी। उनका यहां तक दावा था कि इससे भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का 'पुनरुत्थान' होगा। उल्लेखनीय है जॉर्ज सोरोस की इस मामले में पहले ही फजीहत हो चुकी है जबः सुप्रीम कोर्ट ने भारत विरोधी जॉर्ज सोरोस से जुड़ी ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की रिपोर्ट को अप्रमाणिक करार देते हुए खारिज कर दिया था, जिसका मीडिया ने हिंडनबर्ग रिसर्च के अदाणी ग्रुप की कंपनियों द्वारा स्टॉक में हेराफेरी और शॉर्ट-सेलर के आरोपों की जांच करने में सेबी की विफलता के दावे को विश्वसनीय बनाने के लिए इस्तेमाल किया था। बीजेपी ने कांग्रेस पर सोरोस से संबंध रखने का आरोप लगाया था। पार्टी ने इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की जिससे राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। बीजेपी का आरोप था कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी उस संगठन से जुड़ी हैं जो सोरोस से फंड लेती हैं। यह संगठन अलग कश्मीर की वकालत करता है। पार्टी का आरोप है कि मोदी सरकार को कमजोर करने के लिए कांग्रेस ने सोरोस के साथ हाथ मिलाया है। सोरोस की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति नफरत जगजाहिर है। जॉर्ज सोरोस पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर साल 1992 में बैंक ऑफ इंग्लैंड को तबाह कर खुद की जेब भरने का आरोप लगा। ब्रिटेन को तब ब्लैक वेंजडे का सामना करना पड़ा था जिसमें सोरोस ने एक अरब डॉलर की कमाई की थी। अपनी ओपन सोसाइटी फाउंडेशन की मदद से वह करीब 100 देशों में सक्रिय हैं। आरोप है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज बुश को हराने के लिए उन्होंने 125 करोड़ रुपये खर्च किए थे। इतना ही नहीं उन्होंने मीडिया कंपनी फॉक्स न्यूज को बर्बाद करने के लिए 10 लाख डॉलर लगा दिए थे। इसी तरह ब्रेक्जिट के खिलाफ अभियान चलाने में चार लाख पाउंड खर्च कर दिए। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को ठग कहा था। सोरोस पर आरोप लगता रहा है कि उन्होंने अनैतिक तरीकों से पैसा बनाया है। वर्ष 2002 में फ्रांस की अदालत ने सोरोस को अनैतिक और अनधिकृत व्यापार का दोषी पाया था। इसके लिए फ्रेंच कोर्ट ने सोरोस पर 23 लाख डॉलर का जुमार्ना लगाया था। जब उन्होंने फ्रांस की सुप्रीम कोर्ट में फैसले को चुनौती दी तो उसने भी सोरोस का जुमार्ना बरकरार रखा। अमेरिका में भी बेसबॉल में पैसा लगाकर अनैतिक तरीके से पैसे बनाने का आरोप लगा। इटली की फुटबॉल टीम एएस रोमा को लेकर भी सोरोस विवादों में आए। अपनी मां को आत्महत्या करने में मदद करने का खुलासा उन्होंने ही साल 1994 में किया था।

# पेपर लीक मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा : डीजीपी

**कहा, कोई भी बच्चों को प्रभावित करने की कोशिश करेगा, तो वे सलाखों के पीछे जाएंगे**

**जैक 10वीं बोर्ड के हिंदी और विज्ञान का प्रश्नपत्र लीक होने पर परीक्षा हो चुकी है रद्द**



नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के 10वीं बोर्ड की परीक्षा के हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक होने के मामले में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। कई अहम डिजिटल साक्ष्य भी बरामद हुए हैं और इन साक्ष्य और जानकारियों के आधार पर छापेमारी की जा रही है। साथ ही, पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी की जा रही है। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने साफ कर दिया है कि मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। जैक 10वीं बोर्ड के पेपर लीक मामले में पुलिस की जांच और कार्रवाई तेज हो गई है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पेपर लीक के तार कोडरमा से जुड़े पाए गए हैं। कोडरमा जिले से कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। इस पेपर लीक मामले में शामिल सभी लोगों पर कानून का शिकंजा कसा जा रहा है। बरामद डिजिटल डिवाइस से कई तरह की जानकारियां मिल रही हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### केबल का कार्य पूरा, देर शाम बिजली बहाल

**हुसैनाबाद।** पचंबा ग्रीड से देवरी सब स्टेशन जाने वाली 33 हजार केवीए मुख्य लाइन के जपला दातानगर के समीप अंडर पास केवल बदलने का कार्य रविवार की देर शाम पूरा कर लिया गया है। सहायक विद्युत अभियंता रामप्रसाद महतो ने बताया कि शाम छह बजे तक हुसैनाबाद की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। कार्य होने के कारण बिजली आपूर्ति दिन भर बंद रही। कार्य पूर्ण होने से बरसात के समय केबल के भ्रष्ट होने के कारण परेशानी होती थी। लेकिन अब यह समस्या नहीं रहेगी। इस मौके पर जितेंद्र ठाकुर, संतोष कुमार सिंह, उबैत अहमद के अलावा कई बिजली मिस्त्री मौजूद है।

# तीन अनोखे शिव मंदिर: शिवलिंग के सामने है मानव मस्तक का आकार

## महाशिवरात्रि पर उमड़ती है भक्तों की आस्था





**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** इस इलाके में तीन ऐसे अनोखे शिव मंदिर हैं, जिनमें शिवलिंग के सामने मानव मस्तक स्थापित हैं। इस संबंध में एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची यूनिवर्सिटी के इतिहास विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक कुमार गुप्ता ने विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के प्रमुख देवताओं में से एक भगवान शिव का विशिष्ट स्थान हैं। जिनको अनादि व पर ब्रह्म माना जाता है। इनके प्रमुख रूप से दो स्वरुप हैं। पहला लिंग विग्रह और दूसरा मानव विग्रह। पहले स्वरुप में भगवान शिव शिवलिंग के रूप में हैं। दूसरे स्वरुप में इनके कई रूप हैं, जैसे रौद्र रूप,अनुग्रह रूप, संघात रूप, कल्याण सुन्दर और नटराज आदि रूप में दर्शाए गए हैं। झारखंड राज्य में इन दोनों रूपों की मूर्तियां मिलती हैं। इनसे संबंधित बहुत सारे मंदिर भी हैं। जिनसे पलामू जिला का यह इलाका भी अछूता नहीं है। इस क्षेत्र में भगवान शिव के तीन ऐसे मंदिर हैं, जहां की एक अनोखी परंपरा अन्य मंदिरों से इन्हें अलग और अनूठी बनाती है।

### देश में ऐसी मंदिर देखने को नहीं मिली है

डॉ. अभिषेक का मानना है कि झारखंड क्या भारत देश के अन्य किसी क्षेत्र में शायद ही ऐसा शिव मंदिर देखने को मिलता है, जैसा अनूठे मंदिर कबरा कलां ,बरेवा और जपला में मिलते हैं। इन शिव मंदिरों में शिव लिंग के सामने मानव मस्तक बने हुए हैं, जो अचंभित करते हैं। यह मानव मस्तक भी पाषाण या पत्थरों के बनाए गए हैं। यह मानव मस्तक किस उदेश्य से बनाये गए हैं, ये शोध का विषय है। उन्होंने कहा कि उनकी अब तक की जानकारी और अध्ययन में इस प्रकार के शिव मंदिरों की संख्या बहुत ही कम हैं। जहां पर शिवलिंग के सामने इस प्रकार के मानव मस्तक बनाये गए हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रॉक पेंटिंग , मेगालिथ और स्तूप की खोज के क्रम में ही इन मंदिरों में उन्हें ऐसा देखने को मिला है।

## न्यूज बॉक्स

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय



**पांकी।** थाना परिसर में रविवार की शाम महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, थाना प्रभारी राजेश रंजन समेत दर्जनों की संख्या में जनप्रतिनिधि समेत विभिन्न समुदाय के लोग शामिल थे। बैठक में थाना प्रभारी राजेश रंजन ने कहा कि महाशिवरात्रि का त्यौहार शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं, ताकि किसी तरह का वाद-विवाद ना हो। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी। धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने व भड़काऊ पोस्ट करने वाले लोगों पर पुलिस शक्ति से निपटेगी। उन्होंने सभी समुदाय के लोगों से आपसी भाईचारा को कायम रखने की अपील की, ताकि भविष्य में पूर्व की तरह घटना ना हो। थाना प्रभारी ने महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए विधि व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिए। बैठक में विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, गुड्डू सिंह, लोकनाथ यादव, रफीक अंसारी, यशवंत सिंह, पूर्व मुखिया रणधीर सिंह, अबुल हसन, तौकीर आलम, प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कई कर्मी सहित कई अखाड़े के लोग उपस्थित थे।

# मोहम्मदगंज में वर्षो से की जाती है शिव स्वरूप गोलपत्थर की पूजा

### लमिया पहाड़ी में आज भी मौजूद है दूसरा जोड़ा गोलपत्थर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत गोलापत्थर गांव में मौजूद एक गोलपत्थर है, जिसे देव मानकर ग्रामीण महादेव के रूप में वर्षों पहले से पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। बताया जाता है कि इस गांव के लोगों ने पास के लमिया पहाड़ से इस गोलापत्थर को उठाकर लाया था। तभी से इसकी स्थापना कर इसे पूजते आए हैं। इस गोलपत्थर के अतीत के संबंध में बुजुर्गों से मिली जानकारी के आधार पर पड़ोसी गांव नदी पर निवासी प्रबुद्ध पंचु रजवार ने बताया कि तब दो लोगों ने मचिया की डोली-खटोली से कंधे से ढोकर दिवंगत शिवरतन रजवार के माता-पिता की अगुवाई में धार्मिक विधि-विधान से इसे लमिया पहाड़ी से उठा लाया था। अब तो यह दो लोगों से उठाए जाने की स्थिति में नहीं है। समय के साथ इसका आकार बढ़ता चला गया है। उन्होंने बताया कि इस गोलपत्थर को 1908 के पहले भू-सर्वे से पहले लाया गया होगा। यही वजह है कि भू-नक्शा में उस स्थल को जहां, इस गोलपत्थर की स्थापना की गई है, उसे महादेव स्थान के तौर पर दशार्या गया है। गांव का नाम गोलापत्थर रखा गया है। उन्होंने बताया कि अन्य दिनों के अलावा इस गोलापत्थर को महाशिवरात्रि पर पारंपरिक तरीके से विशेष रूप से पूजा जाता है। पंचु रजवार के अलावा वरिष्ठ नागरिक रामजन्म राम और पशुपालक मुक्खु यादव ने बताया कि इस गोलपत्थर का दूसरा जोड़ा आज भी लमिया पहाड़ में मौजूद है। जिसे गिजिन वृक्ष के तीन टहनियों के बीच काफी समय पहले ही उठाकर रख दिया गया है। पशुपालक चरवाहे आज भी उस पत्थर पर दुग्धाभिषेक कर आस्था प्रकट करते हैं। उन्होंने बताया कि सैकड़ों साल पहले दोनों पत्थर पास की नदी में एक ही स्थान पर मिले थे। गोलापत्थर के महादेव रूपी गोलपत्थर का आकार व वजन बढ़ने के साथ ही रंग भी बदला है। वहीं, लमिया पहाड़ में मौजूद पत्थर सफेद ही है। उसका आकार व वजन नहीं बढ़ा है। ऐसा लगता है कि गोलापत्थर के गोलपत्थर में महादेव के रूप में पूजापाठ के दौरान घी लगाने से उसका रंग कालानुमा और सुघड़ हो गया है। मगर आकार व वजन बढ़ना रहस्यमय बना हुआ है। यह कोई चमत्कार लगता है। इस संबंध में आर्कोलॉजिस्ट और इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. अभिषेक कुमार गुप्ता का कहना है कि इन पत्थरों के जीवाश्म अथवा इनके बड़े आकार के कारण इनके डायनासोर के अंडे होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# योजनाओं की गुणवत्ता जांच कराने की डीसी से मांग





**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रों में नगर विकास विभाग की मद से चल रही सभी योजनाओं की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष व समाजिक कार्यकर्ता जिशान हसन ने पलामू उपायुक्त से की हैं। उन्होंने कहा है कि क्षेत्र में संचालित सभी योजनाओं में घोर अनियमितता बरती जा रही हैं। साथ ही अनउपयोगी योजनाएं कराकर सरकारी राशि की बंदरबांट करने का आरोप मढ़ा हैं। इसका उदाहरण मोहमदाबाद मुख्य रोड से उतरी कोयल मुख्य नहर पर डंपिंग क्षेत्र तक की गई योजना हैं। उक्त सड़क पीसीसी रोड बनने के साथ ही नहर जीर्णोद्धार का चल रहे कार्यों के कारण तोड़ दी गई। इससे सरकार को दस लाख रुपए का क्षति पहुंची है। इसका भरपाई कौन करेगा। वैसे इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस योजना पर ट्वीट कर इसकी जांच कराने की बात कही है। वहीं जेपी चौक से स्टेशन रोड काफी जर्जर हालत में है। परंतु इसे देखने वाला कोई नहीं है। उक्त रोड नगर पंचायत के द्वारा ही बनाया गया था, जो एक माह मे ही बर्बाद हो गई।इसके गुणवत्ता पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि सड़क व नाली निर्माण में भी काफी गड़बड़ी हुई हैं। शहर मे नाली के बगल में दो- दो आरसीसी नाली बनाया गया, जो हाथी का दांत साबित हो रहा है। अभी वर्तमान में कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रशासक टीके हंस को योजना से कोई लेना देना नहीं है, केलल पीसी से मतलब है।एक भी योजना का स्थलीय जांच नहीं किया जाना बताया है। कार्यपालक पदाधिकारी ने ग्रामीण की मांग पर सड़क बनाने का हवाला देकर रोड का निर्माण करना बताया है। जबकि निविदा में भी स्थल का नाम छुपाकर जलसंसाधन विभाग के अधीन नहर पर सड़क बना दी गई। आम आदमी की बात तो दूर वहां मुर्दे भी नहीं जाते है।सामाजिक कार्यकर्ता ने इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की हैं।

# शांति समिति की बैठक में महाशिवरात्रि पर्व पर डीजे बजाने पर प्रतिबंध

## अवैध शराब के अड्डों पर होगी छापेमारी, लोगों से लोकेशन देने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** महाशिवरात्रि पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर हैदरनगर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक रविवार की शाम हुई। अध्यक्षता कर रहे सीओ संतोष कुमार ने उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों से शांति व सौहार्द्र के साथ पर्व मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोग अमन पसंद हैं। किसी भी परिस्थिति में माहौल खराब नहीं होने दिया जायेग। यदि असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उनके विरुद्ध पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई करने को कृतसंकल्प है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने कहा कि इस पर्व में पूर्व से ही एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखने की परंपरा कायम हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी पर्व में आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे। उन पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल ने उपस्थित सदस्यों से परिचय आदान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस पर्व पर विभिन्न स्थानों पर विशेष गश्त अभियान की रणनीति तय है। सदस्यों को हर पल पुलिस प्रशासन के साथ उन्हें समन्वय स्थापित रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी पर्व में खुशियों का पल में खलल नहीं हो, इसका सभी वर्ग के लोगों को ध्यान देना जरुरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस की गलत मंशा रखने वालों पर नजर है। सदस्यों के सवाल पर उन्होंने कहा कि अवैध शराब के अड्डों पर लगातार छापेमारी की जायेगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध लोगों से अवैध शराब की बिक्री करने वालों के प्रति सूचना व लोकेशन तत्काल उन्हें देने को कहा है। जिससे ससमय कार्रवाई की जा सके। बैठक में मुखिया संतोष कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, उपमुखिया पवन कुमार, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि नावाजिश खान, पूर्व मुखिया जितेन्द्र पासवान व कमल कुमार पासवान, भाजपा के डॉ. अजय जयसवाल, संजय सिंह व आनंदी पासवान, समाजसेवी जयप्रकाश कुशवाहा, मो. राशिद, पंकज लाल, मथुरा प्रसाद गुप्ता, धनंजय सिंह, अनिल लाल अग्रवाल, के अलावा कई लोग मौजूद थे।

# शहर में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप,फॉगिंग का नहीं हो रहा उपयोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर में इन दिनों मच्छरो का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है। हर वक्त मच्छरों की भिनभिनाहट व डंक से लोग परेशान हैं। इसके बाद भी नगर पंचायत व अन्य जिम्मेदार विभाग लापरवाह बना हुआ है। फॉगिंग नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मच्छरों के कारण रात में लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। लोग मच्छरों से बचने के लिए क्वाइल, अगरबत्ती, ऑलआउट समेत अन्य चीजों का सहारा ले रहे हैं। नगर पंचायत की फॉगिंग मशीन शहर के लोगों को मच्छरों के प्रकोप से कुछ हद तक निजात दिला सकती है, लेकिन नगर पंचायत के 4 फॉगिंग मशीन नगर पंचायत की शोभा बढ़ा रही है। पिछले कई माह से फॉगिंग मशीन का उपयोग नहीं हो रहा है। शहर के लोगों को मच्छरों के प्रकोप से राहत दिलाने के उद्देश्य से फॉगिंग मशीन खरीदी गयी थी, उसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से लोग मलेरिया की चपेट में आ रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी गरीब तबके के लोगों को हो रही है। गरीबों के बीच मच्छरदानी का भी वितरण नहीं हो रहा है। शहर के अधिकतर नालियों में स्लैब नहीं है।गंदगी के कारण नाली में मच्छर पनप रहे हैं। वार्ड नंबर तीन के निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र पाल ने कहा कि शहरवासी मच्छरों से काफी परेशान हैं। रात में लोग सही से सो नहीं पा रहे हैं। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी का ध्यान इस ओर नही है। उन्होंने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से अविलंब शहर में फॉगिंग कराने की मांग की है।

### भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया

**सतबरवा।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में रविवार को प्रयागराज महाकुंभ से रांची लौटने के क्रम में राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश का स्वागत फूल माला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि सांसद दीपक प्रकाश प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर रांची जाने के क्रम में स्वागत किए। साथ ही अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर महामंत्री चंचल यादव, सुधीर प्रसाद ,शबीर अहमद, शंकर पासवान, विजय सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# महाकुंभ स्नान में सनानती धर्मावलंबियों ने देश-विदेश के पांखंडियों को दिखाया दर्पण: पं. कुंडल तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** महाकुंभ स्नान उत्साहित सनातन धर्म की आस्थावान हिन्दुत्व की गरिमा छोटे-बड़े, उच्च-नीच सभी भेद भाव को मिटाता है। सपरिवार महाकुंभ स्नान के बाद सकुशल वापसी के बाद 74 वर्षीय वयोवृद्ध ज्योतिष जिज्ञासु पं. कुंडल तिवारी ने कहा कि प्रयागराज में 144 वर्ष आयोजित इस महाकुंभ में आस्था ने पूरे देश के पाखंडियों को दर्पण दिखाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सदियों से हिन्दुत्व को तोड़कर राजनीतिक प्रपंच को विश्व स्तर पर दिखाने का प्रयास भले ही किया जाता रहा। किन्तु सच्चे, ईमानदार, राष्ट्रीय गौरवपूर्ण अस्मिता के प्रति संकल्पित धर्मावलंबी लोगों का नेतृत्व सभी कष्टदायक यात्रा को भी हंसते इस ओर आगे कदम बढ़ाने में पीछे नहीं हटा। उन्होंने कहा कि 19 फरवरी को स्वयं पत्नी चंपा देवी, मुत्र कार्तिक कुमार तिवारी व बहू, एकमात्र पोती अनिमा कुमारी के जमशेदपुर से महाकुंभ स्नान के लिये यात्रा शुरू कर सकुशल रविवार को घर वापस आये हैं। हालांकि उनके मन में कष्टदायक की भय भी थी। किन्तु केन्द्र व उत्तरप्रदेश की सरकार के सभी महकमे की सेवा भाव, सहयोग की तत्परता, विनम्रतापर्ण व्यवहार, जनसहयोग के प्रति सराहना के साथ आभार व्यक्त कर कहा कि करीब 22 फरवरी तक करीब 60 करोड़ जनमानस स्नान कर इस देश में इतिहास रचा है।

### रोजगार मेला आज

**कांडी** प्रखंड के पंचायत सचिवालय राजा घटहुआ में सोमवार को कौशल विकास विभाग द्वारा एक दिवसीय गैर आवासीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला में बेरोजगार, जिनकी उम्र 18 से 35 के बीच है वह भाग ले कर रोजगार पाने के लिए अपना अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। सुबह 10 बजे मेला प्रारंभ हो जाएगा। इच्छुक लाभार्थी अपने साथ मे शैक्षणिक प्रणाम पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना जरूरी है। इस आशय की जानकारी कौशल केंद्र पलामू के सेंटर मैनेजर शोभित स्नेहल व राजीव चौबे ने संयुक्त रूप से दी।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर से दो पंचायतों के रोगियों का इलाज हुआ आसान





**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत सचिवालय में पिछले पखवाड़े आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलने से दो पंचायतों के दर्जनों ग्रामीणों का इलाज कराना आसान हो गया है। इस सुविधा के नहीं रहने से बभंडी पंचायत के बंशीपुर, जाह पर, रतन बिगहा, गोल्हना, जमुआ कला, जमुआ खुर्द जबकि इमामनगर बरेवा पंचायत के बरेवा, लोहरपुरा, सोबा, भदुआ आदि गांवों के के ग्रामीण रोगियों को इलाज करने की सुविधा मिलने लगी है। ऑन डयूटी मौजूद सीएचओ करुणा निधि व एएनएम फातमा खातून ने बताया कि इस सचिवालय में स्वास्थ्य सुविधा मिलने से समीपवर्ती दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सविधा के शुरू होने से हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित अस्पतालों में रोगियों को दो से तीन किलोमीटर दूर जाने के मुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि रोगियों को जांच व इलाज के बाद संबधित रोगों के समुचित दवाईयां भी निःशुल्क दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिदिन औसतन 20 से बढ़कर रोगियों की संख्या 70 पार की है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर जरुरत व मांग के अनुसार सभी दवाईयां उपलब्ध कराई जाती है।

## प्रेरणा

### संत गाडगे बाबा की 149 वीं जयंती समारोह मनी

# स्वच्छता व समाज के आधयात्मिक विचारक थे संत गाडगे महाराज: प्रखंड प्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के जपला धरहरा स्थित सुंदर नगर मैदान में स्वच्छता मिशन के जनक व महान समाज सुधारक संत गाडगे महाराज जी की 149वीं जयंती धूमधाम से रविवार को मनायी गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के युवा नेता रवि यादव, तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार,पूर्व सैनिक प्रमोद कुमार रजक,रमन कुमार रजक,वार्ड पार्षद नवीनगर बिहार, पैक्स अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने संयुक्त रूप से संत गाडगे, तथागत भगवान गौतम बुद्ध, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर, ललाई सिंह यादव, जगदेव प्रसाद, व सावित्री बाई फुले की चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक जगदीश बैठा व संचालन किसान नेता सह पैक्स अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने किया। अयोजन समिति द्वारा उपस्थित अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि संत गाडगे बाबा का जन्म महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेणगांव अंजन गांव में 23 फरवरी 1876 को हुआ था। वह बचपन से ही आध्यात्मिक व समाज के विचारक थे। उन्होंने समाज के लोगों में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया था। उनके जीवनी को समाज के लोगों को अनुकरण करना चाहिए। राजद प्रदेश महासचिव व युवा नेता रवि यादव ने कहा कि वह अपने कीर्तनों के माध्यम से समाज के पाखंड और परंपरा की आलोचना करते थे। गाडगे बाबा ने समाज को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाते हुए स्वच्छता और चारित्रिक शिक्षा दी। उन्होंने गरीबों और दलितों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए काम किया। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने गाडगे की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत गाडगे ने जो भी किया वह सभी के लिए अनुकरणीय है उनके विचारों की समाज मे आत्मसाध करने की जरूरत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, जयश्री बैठा, बबन रजक,संजय बैठा, जितेंद्र कुमार, राजकुमार रजक, सुदर्शन बैठा, सुरेश बैठा, अनिल रजक, श्रवण राम, लालमोहन रजक, अगनू रजक, नागदेव, अजय, बबन, मुख्तार बैठा, जहेंद्र बैठा, पच्चु बैठा, राजेश यादव, मुन्नादेव, शंकर बैठा, यमुना बैठा, रामबचन बैठा सहित काफी संख्या में समाज व कई दल के प्रबुद्ध लोग व महिलाएं उपस्थित थी।

# श्री श्री शिव जी का प्राण प्रतिष्ठा 27 को

- तैयारी को लेकर विचार-विमर्श



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के मुगलजान ग्रामीणों द्वारा श्री श्री शिव जी का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को बैठक हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीण पुरुष-महिलाएं, बच्चे, पुरोहित के साथ मिलकर इसकी तैयारी की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि श्री श्री शिवजी जी का प्राण प्रतिष्ठा व पूजा अर्चना कार्यक्रम की तिथि निर्धारित किया है। इसमें 24 फरवरी 2025 को सुबह 8 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। 25 फरवरी को सुबह 8:30 बजे श्री शिव जी के प्रतिमा ढ़ोल नगाड़े के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। 26 फरवरी को सुबह 10 बजे से 24 घंटे का अखंड-कीर्तन की शुरूआत की जाएगी। 27 फरवरी को सुबह 10 बजे तक चलेगी। अखंड समाप्ति के बाद श्री शिव जी का प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण और पूर्णाहुति व भंडारे के साथ संपन्न होगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक लेफ्टिनेंट प्रेमतोस प्रसाद ने बताया कि हम सभी ग्रामीण श्री शिवजी की असीम कृपा से कार्यक्रम को श्रद्धा भक्ति व हौसला के साथ सफल बनाने के लिए कई दिनों से लगे हुए हैं। कार्यक्रम के आचार्य श्री दिनेश पाठक होंगे। इस कार्यक्रम में ग्राम वासियों ने इलाके के सभी बुद्धिजीवी पुरुष, महिलाएं से आग्रह किया है कि कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य का भागी बने एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुगलजान गांव के मुख्य रूप से लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद ,महेंद्र प्रसाद, मृत्युंजय प्रसाद ,दिनेश प्रसाद , कृष्णा प्रसाद, अजय प्रसाद, क्षितिज प्रसाद, कमलेश प्रसाद, प्रदीप कुमार , मिथलेश प्रसाद, वेदांत कुमार , खुशी कुमारी, सिमरन कुमारी, रेशमा देवी, अनीता कुमारी, गायत्री देवी, चंचला देवी, मुन्नी देवी, कमला कुंवर के अलावा कई ग्रामीण लगे हुए हैं।

# विशेष अभियान में पुलिस ने 600 किलोग्राम जावा महुआ किया नष्ट

## अवैध शराब निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार को पलामू पुलिस ने अवैध शराब निर्माण और नशीले पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर विभिन्न थाना क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में जावा महुआ नष्ट किया।

ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के कुल्ही पहाड़ के नीचे अवैध शराब बनाने के लिए संचित लगभग 100 किलोग्राम फुलाया गया जावा महुआ बरामद कर उसी स्थान पर नष्ट किया गया। वहीं, हैदरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम परता से सटे सोन नदी के तट पर 500 किलोग्राम जावा महुआ और शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को भी मौके पर नष्ट कर दिया गया।

पलामू पुलिस अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है। पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना देकर प्रशासन का सहयोग करें।

## पलामू पुलिस ने 24 एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल नष्ट की



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत 24 एकड़ में लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट कर दी गई। पांकी थाना क्षेत्र के जोबला और मतूली के जंगलों में करीब 6 एकड़ में हो रही अवैध अफीम की खेती को ध्वस्त किया गया। नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में डगरा और रायबार के वन क्षेत्र में 8 एकड़ अफीम की खेती को ट्रैक्टर से नष्ट किया गया। मनातू थाना क्षेत्र में लाली माटी जंगल में 10 एकड़ में फैली अफीम की खेती को वन विभाग के सहयोग से पुलिस ने नष्ट किया। पलामू पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रखने का संकल्प लिया है और जनता से अपील की है कि किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने सेवा शिविर लगाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रयागराज महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद का सेवा शिविर प्रयागराज महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद द्वारा सेवा शिविर लगाया गया है, जो 26 मार्च तक जारी रहेगा। इसमें रहने के लिए टेंट, भोजन, कंबल और दवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। पलामू का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष अविनाश राजा ने सभी श्रद्धालुओं को यहां आने के लिए आमंत्रित किया। उनका शिविर सेक्टर 8 और अब 16 में भी स्थापित हो चुका है। यह महाकुंभ में एकमात्र शिविर है, जो ये सुविधाएं एक साथ निशुल्क उपलब्ध करा रहा है।

यह शिविर देश के हिंदू हृदय सम्राट डॉ. प्रवीण तोगड़िया की निगरानी में संचालित हो रहा है, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए क्षत्रिय और प्रांत के अधिकारी अपना श्रमदान कर रहे हैं। अब महाकुंभ में केवल स्नान करने वालों की भीड़ रह गई है, जबकि अधिकतर शिविर और अखाड़े उखड़ चुके हैं, नागा साधु भी प्रस्थान कर चुके हैं। बावजूद इसके, श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। जिला अध्यक्ष अविनाश राजा सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार पलामू की जनता को सूचना और मार्गदर्शन प्रदान कर रहे थे। लौटते वक्त अविनाश राजा ने डॉ. प्रवीण तोगड़िया को झारखंड के नक्शे में पलामू को चिन्हित कर एक यादगार मोमेंटो भेंट किया। इस मोमेंटो में शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे जगन्नाथ पूजा रथ यात्रा, देव दीपावली, रामनवमी, शास्त्र पूजन, सामूहिक रक्षाबंधन और अन्य सम्मानित सेवा कार्यों के छायाचित्र अंकित थे। डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने अविनाश राजा को आशीर्वाद दिया और जल्द ही पलामू प्रवास की इच्छा जताई।

## हनुमान मंदिर वार्षिक उत्सव में पूनम सिंह ने किया दोगोला का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर परिषद मेदिनीनगर की पूर्व अध्यक्ष एवं भावी मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह ने ग्राम दुल्ही स्थित श्री हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव के अवसर पर फीता काटकर दोगोला कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, स्थानीय श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पूर्व नगर पर्षद अध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा कि यह मंदिर न केवल आध्यात्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने स्थानीय निवासियों को इस आयोजन के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं और मंदिर समिति को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और दोगोला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। ग्रामीणों ने पूनम सिंह का जोरदार स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर विश्वनाथ भारती, उग्रिम भारती, रामेश्वर भारती, अरविंद साव, विनोद चौधरी, भीम भारती समेत कमिटी सदस्य एवं सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मंदिर समिति द्वारा किया गया।

## लीगल लिटरेसी क्लब का ऑनलाइन उद्घाटन, गरीबों को मिलेगी न्याय की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं झालसा (झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण) के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने रविवार को झालसा, रांची से राज्य के 72 डीएवी स्कूलों में लीगल लिटरेसी क्लब का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, झालसा की मेंबर सेक्रेटरी रंजना अस्थाना, हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी, डीएवी संस्थान के अधिकारी, शिक्षक और पारा लीगल वॉलंटियर उपस्थित थे।

**एमके डीएवी स्कूल में भी हुआ क्लब का शुभारंभ :** इसी क्रम में मेदिनीनगर के चियांकी स्थित एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में सिविल कोर्ट, डालटनगंज के सिविल जज (जूनियर डिवीजन) अमित आकाश सिन्हा के नेतृत्व में लीगल लिटरेसी क्लब का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डीएवी स्कूल के शिक्षक एवं नोडल ऑफिसर लीगल एड क्लिनिक राकेश कुमार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, पीएलवी करण थापा, शैलेन्द्र कुमार तिवारी और डालसा पलामू के असिस्टेंट संजीव कुमार सिंह उपस्थित थे। सिविल जज (जूनियर डिवीजन) अमित आकाश सिन्हा ने कहा कि लीगल लिटरेसी क्लब के माध्यम से ग्रामीण और गरीब तबके तक कानून की जानकारी पहुंच सकेगी। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों को क्लब में दी गई जानकारी वे अपने आस-पड़ोस में साझा करेंगे, जिससे अंधविश्वास, कुप्रथाओं और सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगेगा। साथ ही, लोग अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होंगे। उन्होंने बताया कि लीगल लिटरेसी क्लब में कक्षा 9 और 11 के विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। क्लब के माध्यम से बाल श्रम, बाल विवाह, दहेज प्रतिषेध, कन्या भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, नशा उन्मूलन, महिला घरेलू हिंसा, पीड़ित प्रतिकर अधिनियम और डालसा से प्राप्त सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने इसे झालसा की एक बेहतरीन पहल बताया, जिससे डीएवी के छात्र समाज में जागरूकता लाने में मदद करेंगे।

### सम्प्रेषण गृह के बच्चे को राज्यस्तरीय पुरस्कार

मेदिनीनगर के सम्प्रेषण गृह में रह रहे एक बच्चे को पेंटिंग में राज्यस्तरीय तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने बच्चे को सम्मानित किया। चूंकि बच्चा स्वयं उपस्थित नहीं हो सका, इसलिए उसकी ओर से सम्प्रेषण गृह के सुपरिटेंडेंट ने पुरस्कार ग्रहण किया।

## डालटनगंज रेलवे स्टेशन से कुंभ स्पेशल ट्रेन का संचालन



### यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे आरपीएफ और जीआरपी जवान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार को डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर कुंभ यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि, अपेक्षाकृत यह भीड़ थोड़ी कम थी, लेकिन यात्रियों की सुविधा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरपीएफ और जीआरपी के जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

शाम से ही कुंभ यात्रियों का जमावड़ा स्टेशन पर बढ़ने लगा था। रेलवे द्वारा महाकुंभ स्पेशल ट्रेन के संचालन की जानकारी दी गई, जो रात 9:30 बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन से खुलने वाली थी। इसी बीच, दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस के आगमन को लेकर भी प्लेटफार्म पर विशेष सतर्कता बरती गई। अव्यवस्था से बचने के लिए कुंभ यात्रियों को प्लेटफार्म संख्या तीन पर शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया।

जीआरपी थाना प्रभारी सतीश पांडेय के नेतृत्व में आरपीएफ और जीआरपी जवानों को विभिन्न प्लेटफार्मों पर मुस्तैद रखा गया। वहीं, स्टेशन पर लगातार अनाउंसमेंट कर यात्रियों से हड़बड़ी न करने और टिकट लेकर ही यात्रा करने की अपील की गई। स्टेशन पर कई यात्री प्लेटफार्म संख्या 1 से 3 जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें रेलवे जवानों ने रोका और सुरक्षित मार्ग से जाने की हिदायत दी। डालटनगंज रेलवे स्टेशन अधीक्षक के अनुसार, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज के लिए कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई गई, जिससे कुंभ तीर्थयात्रियों समेत अन्य यात्रियों को भी राहत मिली।

## पाइपलाइन बिछाने की निगरानी स्वयं करूंगी : अरुणा शंकर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं पूर्व वार्ड पार्षद नीतू सिंह ने 14 नंबर वार्ड में सेकंड फेज शहरी जलापूर्ति योजना के तहत बिछाई जाने वाली पाइपलाइन का कार्य नारियल फोड़कर प्रारंभ किया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने मोहल्ले वासियों को बधाई देते हुए कहा कि पूरे निगम क्षेत्र में सेकंड फेज शहरी जलापूर्ति योजना के तहत जुडको द्वारा नया पाइपलाइन बिछाने का कार्य फेज बाय फेज किया जा रहा है। यह मेरे कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक थी, जिसकी शुरूआत हो चुकी है।

प्रथम महापौर ने कहा कि मोहल्ले वालों को इस पुनीत कार्य में पाइप बिछाने वाली एजेंसी को यथासंभव मदद करनी चाहिए ताकि भविष्य में पानी के लिए लोगों को तरसना न पड़े। उन्होंने कहा कि मैं एक-एक वार्ड जाऊंगी और खुद निगरानी करूंगी ताकि पाइपलाइन से पानी के लिए कोई घर वंचित न रह जाए।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद नीतू सिंह ने कहा कि पिछले बोर्ड का यह महत्वपूर्ण फैसला था, जो अब अमल में लाया जा रहा है। इसके लिए मैं पूरे वार्ड को बधाई देती हूं। इस अवसर पर मनोज सिंह, अमन सिंह, संजय पाठक, छोटेलाल जी, अनुराग जी, अमित सिन्हा एवं जुडको की ओर से इस योजना की देखरेख कर रही सुषमा जी, रूपेश कुमार तथा बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नारियल फोड़ने के बाद मोहल्ले का भी भ्रमण किया, जहां मोहल्ले की माताएं, बहनें, भाई तथा बुजुर्गों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मोहल्ले वासियों ने कहा कि यह पहली जनप्रतिनिधि हैं जो पद छोड़ने के बाद भी निरंतर जनता के बीच रहकर उनके दुख-सुख एवं कार्यों में लगी हुई हैं।

### दिल्ली बनी अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

## झारखंड की पलामू टीम 1-0 से हुई पराजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस एवं फुटबॉल आयोजन समिति के तत्वावधान में चल रहे अंतर राज्य फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार को समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में झारखंड के पलामू और नॉर्दर्न रेलवे दिल्ली की टीम आमने-सामने थीं।

मैच की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, आयोजन समिति के अध्यक्ष एसपी रीष्मा रमेशन, एसीबी एसपी अंजनी अंजन, पूर्व डिप्टी मेयर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह एवं नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पुलिस स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। झारखंड की पलामू टीम ने शुरूआत से आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन गोल करने में असफल रही। मध्यांतर तक स्कोर 0-0 रहा। इसके बाद दिल्ली टीम ने एकमात्र निर्णायक गोल दागा और 1-0 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की विजेता बनी।

दिल्ली टीम के खिलाड़ी जितेंद्र सिंह राणा को 'मैन ऑफ द मैच' और 'मैन ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। आयोजन समिति ने अतिथियों को सम्मानित किया एवं आयोजन समिति के सक्रिय सदस्यों को भी पुरस्कृत किया।

विजेता टीम नॉर्दर्न रेलवे दिल्ली को पूर्व डिप्टी मेयर राकेश सिंह ने एक लाख एक्यावन हजार रुपए और उपविजेता झारखंड टीम को एक लाख ग्यारह हजार रुपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समापन समारोह में अभियान एएसपी राकेश सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव, समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर की नई कमेटी का गठन



**मेदिनीनगर।** शहर के वार्ड संख्या छह में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता रविंद्र कुमार तिवारी ने की। बैठक में मंदिर की सुचारू देखरेख एवं संचालन हेतु पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी गठित की गई। नई कमेटी में संजीव तिवारी को अध्यक्ष, विकास पांडेय को सचिव एवं गोविंद तिवारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। कमेटी विस्तार की जिम्मेदारी नए अध्यक्ष को दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी रामनवमी उत्सव के लिए एक विशेष कमेटी बनाई जाएगी। रामनवमी पूजा उत्सव कमेटी में गोविंद तिवारी को अध्यक्ष, छोटू दुबे को सचिव, विक्की तिवारी को कोषाध्यक्ष, पिंकी तिवारी को उपाध्यक्ष, विकास पांडेय को सह सचिव, रविंद्र कुमार तिवारी को मीडिया प्रभारी, तथा अरुण तिवारी व अनुज तिवारी को संरक्षक नियुक्त किया गया।

## संत निरंकारी मिशन ने कोयल नदी तट पर चलाया सफाई अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार को संत निरंकारी मिशन मेदिनीनगर के तत्वावधान में गिरिवर स्कूल के समीप कोयल नदी तट पर रविवार दोपहर 12 बजे तक सफाई की गई। चार घंटे तक सेवा कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर डालटनगंज, पदमा, जपला से सेवादल भाई-बहन शामिल हुए। इस अभियान में मेदिनीनगर की प्रथम मेयर अरुणा शंकर और प्रथम डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने संत निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट एवं भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से संबंधित 'अमृत' की सराहना की। दोनों ने मिलकर सफाई अभियान चलाया। निरंकारी मिशन की ओर से बताया गया कि आज मेदिनीनगर समेत देश में 1600 से अधिक शहरों में जल निकायों की सफाई की गई। 23 फरवरी को ही मानवता के मसीहा बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का जन्मदिन है। उनका सारा जीवन मानवता के कल्याण में बीता। उनका कहना था कि सभी का स्वभाव बन जाए कि प्राकृतिक धरोहर की रक्षा करें। सफाई अभियान के दौरान स्लोगन भी दिए गए– 'प्रदूषण अंदर हो या बाहर, दोनों हानिकारक हैं' और 'स्वच्छ जल, स्वच्छ कल'। सफाई अभियान ब्रांच संयोजक ए. के. बर्मा, सेवादल इंचार्ज संतोष अग्रहरी एवं सेवादल इंचार्ज पुरुषोत्तम कुमार (पदमा) की देखरेख में संपन्न हुआ। मिशन साहित्य का स्टाल प्रकाशन इंचार्ज विकास तिवारी ने लगाया। नगर निगम ने संसाधनों को उपलब्ध कराया, जिससे कचरे को उठाने में कार्य सरल हुआ। मिशन के सदस्यों ने जनमानस से कोयल नदी में कचरा न डालने की विनती की। प्रारंभ में सेवादल भाई-बहन ने सेवादल प्रार्थना गीत गाकर सतगुरु का आशीर्वाद लिया।

## रामचरित मानस नवाह्न पाठ में राम जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

### जनकपुर में हुआ भव्य स्वागत, राम-सीता विवाह प्रसंग का मंचन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोड़ ग्राम स्थित शिव मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय श्रीरामचरित मानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ के पंचम दिवस की रात्रि में श्री बाबा बैजनाथ आदर्श रामलीला मंडली (जनकपुर, मिथिला धाम, दरभंगा) द्वारा भव्य रामलीला का मंचन किया गया।

रामलीला की शुरूआत कृष्ण-सुदामा की मित्रता की झांकी से हुई। इसके बाद विश्वामित्र द्वारा महाराज दशरथ से राम और लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा हेतु मांगने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। यज्ञ की समाप्ति के बाद जनकपुर में आयोजित सीता स्वयंवर का निमंत्रण मिलने पर राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ जनकपुर पहुंचे। स्वयंवर में जब कोई भी राजा शिवधनुष नहीं उठा सका, तो राजा जनक निराश हुए और बोले कि अब धरती वीरों से विहीन हो चुकी है। इस पर लक्ष्मण जी ने क्रोध व्यक्त किया, लेकिन विश्वामित्र के निर्देश पर श्रीराम ने धनुष तोड़ दिया। राजा जनक अत्यंत प्रसन्न हुए और राम-सीता विवाह संपन्न हुआ। इस भव्य मंचन को देखने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। यज्ञ कमेटी के साथ-साथ स्थानीय भक्तों ने इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## संशोधन विधेयक पर अधिवक्ताओं से राय लेना जरूरी : अजय पांडेय

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने कहा कि देशभर के अधिवक्ताओं को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना होगा। अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक-2025 के मसौदे को लेकर वकीलों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि एडवोकेट एक्ट-1961 में कई संशोधन प्रस्तावित हैं, जिन पर लोगों से राय मांगी गई है। इन संशोधनों का उद्देश्य कानूनी पेशे और शिक्षा को वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाना है। वकीलों को बदलते समय के अनुरूप तैयार करने और पेशेवर मानकों को ऊंचा करने पर फोकस किया जाएगा। अजय पांडेय ने कहा कि यह विधेयक न्यायसंगत समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण में कानूनी पेशे की भूमिका तय करेगा। लेकिन मसौदा तैयार करने से पहले देशभर के अधिवक्ताओं और सभी राज्यों की बार काउंसिलों से विमर्श किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता विपरीत परिस्थितियों में काम कर रहे हैं, जबकि न्याय प्रणाली में उनकी भूमिका सबसे अहम होती है।

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के झारखंड आगमन पर पलामू जिला अध्यक्ष ने किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** रविवार को कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी के. राजू के झारखंड आगमन पर पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कार्यकर्ताओं के साथ रविवार दोपहर 2 बजे रांची में स्वागत किया तथा संगठन से अवगत कराया। पत्रकारों से बातचीत में जिला अध्यक्ष ने कहा कि काम करने वालों को निश्चित रूप से आगे बढ़ाया जाएगा और गणेश परिक्रमा करने वाले गणेश परिक्रमा करते रह जाएंगे। प्रभारी को कार्यक्रमों की रिपोर्ट समर्पित की गई और पलामू जिले में आगमन के लिए अनुरोध किया गया। प्रभारी ने जल्द ही पलामू में अपना कार्यक्रम देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी में उचित और सम्मानजनक प्रतिनिधित्व मिलेगा। मौके पर ओम प्रकाश अमन, शमीम अहमद राईन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, मिथिलेश सिंह, मिट्ठू खान, सन्नू खान, देवांग शुक्ला, अजय साहू, सतेंद्र सिंह, अजय साहू, प्रमोद यादव, रणधीर पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

अवैध खनन, परिवहन, भंडारण रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

# कार्यों में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई: उपायुक्त




जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ राजस्व संग्रहण व अन्य योजनाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), अबुआ आवास,15वें वित्त योजना से संबंधित समीक्षात्मकआयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), 15वें वित्त आयोग से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा कर कार्य को पूर्ण कर योजनाओं के अधीन प्राप्त राशि को ससमय शत प्रतिशत खर्च करने का निर्देश दिया। उपायुक्त नें कार्यो में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने 100 मानव दिवस वाले परिवार, पोटो हो खेल मैदान, बिरसा हरित ग्राम योजना, अस्वीकृत लेन-देन, अबुआ आवास में निर्गत मास्टर रॉल, लोकपाल द्वारा उठाये गए बिन्दू की समीक्षा की गई। अद्यतन स्थिति से अवगत होकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत वैसे जॉब कार्डधारी जिनका 77 से 99 दिनों का कार्य उपलब्ध करा दिया गया है, को चिन्हित कर नियमानुसार कार्य उपलब्ध कराते हुए 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 में सामाजिक अंकेक्षण में आए मुद्दे पर पंचायत स्तरीय ज्यूरी का निर्णय अनुसार कार्रवाई करते हुए साक्ष्य के साथ अपलोड करने का भी निर्देश दिया गया।

## अवैध खनन, भंडारण की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करें

जिला में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम समेत अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, नगर उंटारी, रंका समेत कई वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। वर्चुअल रूप से वीसी के जरिये पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिले के कई प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारियों ने भी भाग लिया। जिले में अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। उपायुक्त ने बताया कि आठ बालू घाटों को चालू करने का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसमें दो बालू घाट को चालू कर दिया गया है। एक बालू घाट को शीघ्र ही चालू कर दिए जाने की संभावना है।

## राजस्व संग्रहण कार्य में तजी लाने का निर्देश

राजस्व संग्रहण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में राजस्व संग्रहण से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन से अवगत होकर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारी को राजस्व संग्रहण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति की ओर है। राजस्व संग्रहण के लिए 100 प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण किया जाना है। राजस्व संग्रहण से संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए अध्यतन प्रतिवेदन के समीक्षा के बाद सक्रियता बढ़ाते हुए शत प्रतिशत राजस्व संग्रहण करने के लिए निर्देश दिया गया। उपायुक्त अपेक्षाकृत कम राजस्व संग्रहित करने वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त की।इसके अतिरिक्त भूमि नामांतरण, केसीसी ऋण, आपूर्ति, जाति, निवास प्रमाण पत्र, मंईयां सम्मान योजना, पेंशन आदि विषयों की भी समीक्षा की गई। बैठक के अंत में जेपीएससी प्रथम बैच की अधिकारी रही शालिनी विजय, जो गढ़वा जिला में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के रूप में भी कार्य कर चुकी थी। उनके आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## एक नजर

### अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त

**मझिआंव।** गढ़वा थाना क्षेत्र के टड़हे गांव के समीप बांटी नदी से अवैध रूप से बालू खनन की सूचना पर शनिवार रात अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान एक अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर जब्त कर थाना को सौंप दिया गया। सीओ ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि बांटी नदी से लगातार अवैध बालू ढुलाई की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने अपनी टीम के साथ रात 9 बजे छापेमारी की। इस दौरान बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक तेज रफ्तार में ट्रैक्टर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। ट्रैक्टर को जब्त कर उसी रात थाना को सौंप दिया गया। सीओ ने कहा कि प्रतिबंधित नदियों सेअवैध खनन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नही गई थी।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल



**भवनाथपुर।** टॉउनशिप मुख्य पथ के देवी धाम के समीप दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायक युवक को ग्रामीणों के सहयोग से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भेज दिया गया है। वहां चिकित्सक एसके सिंह द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है। घायलों में रोहित कुमार पिता केतवारू साह रोहतास जिला के तिलोखार निवासी है। दूसरे बाइक चालक फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रोहित कुमार, श्रीबंशीधर नगर से अपने घर तिलोखार जा रहा था। इस दौरान देवी धाम के पास विपरीत दिशा से आर रहे बाइक ने सामने से टक्कर मार दिया।

## मिट्टी कटाव से स्कूली बच्चों को पढ़ने जाने में हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** मेराल-डंडई मुख्य पथ सड़क से लखेया होते हासनदाग तक चल रहे पथ निर्माण कार्य में हासनदाग के डीह टोला में कंपनी द्वारा मुख्य पथ में मिट्टी का कटाव कर देने से एक सप्ताह से आवागमन पूरी तरह से बाधित है। गांव के लोगों द्वारा कंपनी के मुंशी को सूचना देने पर भी चुप्पी साधे हुए हैं। मुख्य पथ में मिट्टी का कटाव होने से मेराल गढ़वा पढ़ने जाने वाले स्कूली बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। राहगीरों को भी आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है। गांव के मुख्य सड़क बाधित हो जाने से लोग अधिक दूरी तय कर मुख्यालय पहुंच रहे हैं। गांव के रंजीत कुमार चौबे,पंकज चौबे, सुनील चौबे, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, बीडीसी नंदू चौधरी, सत्यप्रकाश चौबे, मिनकू चौबे, विवेकानंद चौबे ने बताया कि कंपनी द्वारा मुख्य सड़क को बाधित करने से लोगों में आक्रोश है।

## गहना सफाई के नाम पर महिला का जेवर ले उड़े ठग, पुलिस में शिकायत




**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र में ठगी का एक मामला सामने आया है। यहां दो अज्ञात लोगों ने गहना सफाई के बहाने एक महिला के कीमती जेवर लेकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ढ़ेकुलिया निवासी सपना देवी पति रोहित कुमार ने घटना की शिकायत स्थानीय थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, घटना तब हुई जब दो अज्ञात व्यक्ति सोना-चांदी के जेवरात की सफाई करने के नाम पर ढ़ेकुलिया गांव निवासी सपना देवी के घर पहुंचे। उन्होंने खुद को पेशेवर जौहरी बताया। दावा किया कि वह पारंपरिक विधि से गहनों को नया जैसा चमका सकते हैं। महिला उनके झांसे में आ गई और फूल का लोटा साफ करने के लिए उन्हें दिया। इसके बाद वह साफ कर वापस लौटा दिया। इसके बाद सपना देवी ने ठगों को पायल, कान का टॉप और अंगूठी सफाई के लिए दिया। ठगो ने उन्हें टिफिन में बंद कर 15 मिनट गैस की आंच पर गर्म करने को बोला। जब वह टिफिन गर्म कर के आई तो उक्त दोनों ठग गहने लेकर फरार हो चुके थे। महिला को ठगी का एहसास होते ही उसने आस पास के लोगों को इसकी जानकारी दी, लेकिन तब तक दोनों ठग काफी दूर निकल चुके थे। इसके बाद महिला ने भवनाथपुर थाना पहुंच कर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठगों की पहचान के लिए आस पास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है।

## वेपर लाइट का कनेक्शन नहीं होने से क्षेत्र में एक माह से अंधेरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के सहिजना रोड पर एक महीने से अंधेरा है। बिजली विभाग और नगर परिषद की लापरवाही से यहां वेपर लाइट का कनेक्शन अब तक बहाल नहीं किया गया है। बता दें कि सहिजना रोड पर बिजली के नये पोल और तार लगाने के दौरान पहले से लगी वेपर लाइट का कनेक्शन हटा दिया गया था। स्थानीय लोगों ने उसी समय संवेदक के कर्मियों से कनेक्शन जोड़ देने की मांग की थी, लेकिन इसे नजर अंदाज कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि पिछले एक महीने से इस इलाके में सड़क पर शाम ढ़लते ही अंधेरा पसर जाता है। तीन वार्ड और छह गांव के लोगों का आवागमन इस समस्या से केवल सहिजना रोड के लोग ही प्रभावित नहीं हैं। दरअसल तीन वार्ड और छह गांवों के लोगों का आना-जाना इसी मार्ग से होता है। यह रोड नगर परिषद क्षेत्र का एक मुख्य मार्ग है। रात के समय यहां अंधेरा होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। अपराध और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। बिजली विभाग और नगर परिषद की अनदेखी को लेकर स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग और नगर परिषद को कई बार इस समस्याओं से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। लोगों ने वेपर लाइट का कनेक्शन यथाशीघ्र बहाल करने की मांग की है। कहा कि बिजली विभाग और नगर परिषद इस तरह की लापरवाही के लिए जवाबदेही तय करें।



## 14 वर्ष से खाली पड़ा है आंगनबाड़ी केंद्र,संचालन हो रहा दूसरे जगह



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** टंडवा पंचायत अंतर्गत नावाडीह टोला में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र बने 14 वर्ष हो गया, लेकिन इसमें आंगनवाड़ी संचालित नहीं होता। इससे उक्त टोला के सैकड़ों बच्चे आंगनवाड़ी से मिलने वाली सुविधा से वंचित है। उनको मिलने वाला प्राथमिक सुविधा नहीं मिल पा रही। आंगनवाड़ी में छह माह से छह वर्ष के बच्चों, धात्री, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का देखभाल व उनका स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पौष्टीक आहार इत्यादि सुविधा प्राप्त होती है। इस केंद्र को एक अव्यवस्थित, अस्वच्छ एवं जर्जर भवन में संचालित किया जा रहा है, जिसके सामने ही पालतू मवेशियों को बांध कर रखा जाता है। इस संबंध में ग्रामीण शर्मिला देवी ने बताया कि भवन हम लोगों के घर के पास है, लेकिन नवनिहालों का इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। लीलावती देवी कहा कि जिस भवन में केंद्र चलना चाहिए वहां नहीं चलता है। जिस कारण बच्चों को प्रारम्भिक स्वास्थ्य सुविधा और शिक्षा नहीं मिल रहा है। इसी तरह शम्भू राम ने आंगनबाड़ी केंद्र का लाभ नहीं मिलने की बात कही। इस संबंध में सेविका रेशमा देवी ने बताया कि मेरा वेतन आठ माह से नहीं मिला है। कुछ कागजी प्रक्रिया हो जाएगी तब मैं उस भवन में चलाऊंगी।

## समाज सेवी की मांग पर खजूरी जलाशय जीर्णोद्वार का उपायुक्त ने लिया संज्ञान

**मझिआंव।** समाज सेवी मारुति नंदन सोनी द्वारा नगर पंचायत अवस्थित खजूरी जलाशय योजना को लेकर दर्जनों बार आवाज उठाया गया था। इसे लेकर उपायुक्त, मुख्यमंत्री, राज्यपाल के नाम आवेदन सौंपा गया था। मारुति नंदन सोनी के आवाज उठाने पर खबर का असर देखा गया। बताते चले कि शनिवार को उपायुक्त ने मझिआंव प्रखंड का दौरा दौरा कर खजरी जलाशय योजना स्थल को निरीक्षण किया। उपायुक्त ने पूर्ण रूप से जीर्णोद्वार करने व स्वरोजगार में स्थानीय लोगों को बढ़ावा देने को लेकर मत्स्य विभाग से केज से मछली पालन करने का बात कही।

## आस्था

## महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय

# शाम में भगवान शिव व मां पार्वती की झांकी निकाली जाएगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के राजी में स्थित गौरी शंकर मंदिर के समीप शिवरात्रि महापर्व को लेकर रविवार को गणमान्य लोगों की बैठक में मंदिर का रंग रोगन के साथ मंदिर परिसर की साफ सफाई और 26 मार्च को शिवरात्रि महापर्व पर लगने वाले मेला पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष भी शिवरात्रि महापर्व पर मेला लगाने तथा महापर्व को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। उपस्थित गणमान्य लोगो ने बताया भगवान गौरी शंकर मंदिर परिसर में पिछले कई वर्षो से शिवरात्रि महापर्व पर मेला का आयोजन किया जाता रहा है। शिवरात्रि मेला में पंचायत के ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर परिसर में भगवान शंकर, मां पार्वती की विवाह कराई जाती है। इससे पूर्व शिवरात्रि मेला के दिन शाम 3 बजे जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा ग्रामीणों के सहयोग से भगवान शिव तथा मां पार्वती विवाह की भव्य झांकी निकाली जाती है। झांकी राजी बस्ती में घूमते हुये गौरी शंकर मंदिर पर पहुंचती है। मेल में प्रखंड के खरौंधी, चंदनी, सिसरी करीवाडीह, सुंडी, अरंगी, कृपा अमरोरा, मझिगावां, बजरमरवा, झुरीबांध के अलावे यूपी कोन क्षेत्र के देवाटन, खेतकटवा, घघिया, मिश्री, बरवाखाड़, डोमा, चांची कला आदि जगहों से हजारों की संख्या में पूजा पाठ तथा दर्शन के लिए लोग पहुंचते है। मौके पर मुखिया पति संतोष कुमार सिंह, उपमुखिया आलोक कुमार भारती, नरेश पासवान, भगवान दत्त मेहता, शशि पासवान, रोहित पासवान, अशोक पटेल, अमर प्रताप मेहता, मोतीलाल पासवान, लालू पासवान, रुद्र प्रताप उरांव, लालू मेहता, रामचंद्र पासवान, अभिषेक गुप्ता, राजेश यादव आदि उपस्थित थे।

### ढेड़ सौ फीट अंदर गुफा में बसे हैं भोले नाथ

**भवनाथपुर** प्रखंड से महज 4 किलोमीटर दूरी पर सरैया गांव स्थित भवनाथपुर चुना पत्थर खदान के समीप शिव पहाड़ी गुफा में श्रद्धालू ढेड़ फीट के प्राकृतिक गुफा में प्रवेश कर ढेड़ सौ फीट नीचे उतर कर भगवान शिव का पूजा करते हैं। गुफा में प्रवेश करने के बाद पहाड़ी के तलहटी में करीब ढेड़ सौ फीट नीचे पहुंच जाते हैं। बाहर से पूरी तरह ठोस दिखने वाला यह पहाड़ अंदर से एक दम खोखला है, जो गुफा के रूप ले लिया है। शिव पहाड़ी गुफा में स्वतः निर्मित भगवान भोले नाथ का लिंग है। यहां महाशिवरात्रि को दो दिन का मेला आयोजित किया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार शिव पहाड़ी गुफा में पिछले सौ वर्षो से अधिक से पूजा होते आ रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### अबुआ आवास में अनियमितता बरतने के मामले में दो कर्मियों को नोटिस



**डंडई।** बीडीओ देव लाल करमाली ने पंचायतों में अबुआ आवास योजना के तहत लाभुक चयन के मामले में अनियमितता बरतने के आरोपों पर उपायुक्त के निर्देश पर आवास समन्वयक अभिषेक कुमार व पंचायत सचिव सुनील को नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया है। बीडीओ ने बताया कि यह कार्रवाई उपायुक्त के निर्देश के आलोक में किया गया है। उन्होंने कहा कि पचोर पंचायत में अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन में उक्त दोनों कर्मियों द्वारा अनियमितता बरतने का काम किया गया था। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने उपायुक्त से की थी। इससे पहले अवैध रूप से अबुआ आवास योजना के लाभुक बने उक्त पंचायत के मंजू देवी,सुरजी देवी ,उर्मिला देवी ,ललिता देवी, बबिता देवी ,सोमवा देवी, शीला देवी और सुरेश राम सहित कुल 9 लाभुकों के खिलाफ बीडीओ ने राशि रिकवरी को लेकर नोटिस जारी किया है।

### 11 हजार की आबादी पर एक उच्च विद्यालय भी नहीं




**डंडई।** प्रखंड के पांच पंचायत को उच्च विद्यालय के माध्यम से छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, लेकिन मुख्यालय पंचायत डंडई अभी तक उससे कोसों दूर रह गया है। मुख्यालय पंचायत के छात्र-छात्राओं को आज भी वित्त रहित उच्च विद्यालय के भरोसे रहना पड़ रहा है। विद्यालय में न तो पर्याप्त शिक्षक हैं और न ही छात्र छात्राओं को बैठने के लिए पर्याप्त बेंच, डेस्क व कमरा ही है। नतीजन छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए या तो दूसरे पंचायत के विद्यालयों में दाखिला लेना पड़ रहा है। इसका सीधा असर उनके अभिभावकों पर पड़ रहा है। 24 फरवरी से प्रस्तावित विधानसभा सत्र को लेकर पंचायत के लगभग 11 हजार ग्रामीण आशा भरी निगाह से देख रहे हैं कि शायद सरकार इस विषय पर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया। वर्ष 1982 से डंडई पंचायत में संचालित होते आ रहे वित्त रहित किसान उच्च विद्यालय में न तो बच्चों को बैठने के लिए जगह है और न ही पर्याप्त शिक्षक है। 19 वार्डों में सिमटा डंडई पंचायत की कुल आबादी लगभग 11 हजार है।

### खोनहर ने कोण को हराकर फाइनल का ताज पहना



**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के अजनिया मोड़ के समीप आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कोण (यूपी)बनाम खोनहर टीम के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता ने टॉस कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कोण की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए कोण की टीम निर्धारित 12 ओवर में 90 रन बनाई। जवाबी पारी खेलते हुए खोनहर की टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट खोनहर 91 रन बनाकर मैच को जीत लिया। विजेता टीम खोनहर को विजेता ट्राफी व नकद राशि व उपविजेता टीम कोण को ट्राफी व नकद राशि देकर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता ने सम्मानित किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार और जीत लगा रहता है। हमारे क्षेत्र में खिलाड़ियों के अंदर प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, सिर्फ उन्हें तराशने की जरूरत है। इसके लिए वह हमेशा तैयार हैं। मौके पर रमेश राम, मनीष कुमार गुप्ता, नेमचंद शाह ,संतोष पासवान, विमलेश यादव सहित कमेटी के कई लोग उपस्थित है।

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कमेटी गठन ब्रजेश गुप्ता बने अध्यक्ष

**भवनाथपुर।** शिव पहाड़ी गुफा मंदिर विकास समिति द्वारा रविवार को शिव पहाड़ी मंदिर परिसर में बबन साह की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि की पर्व को लेकर बैठक हुई। बैठक में हर वर्ष की की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में इस बार भी दो दिवसीय पूजा मनाने का निर्माण लिया गया। दो दिवसीय मेला एवं पूजा को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम बनाने को लेकर पूजा कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष इंद्रजीत गुप्ता, सचिव रामविजय साह, सह सचिव चंद्रकेश्वर गुप्ता, कोषाध्यक्ष लाल बहादुर साह, सह कोषाध्यक्ष सकेंद्र साह, अरुण साह,कमेटी संरक्षक बबन साह, सुरेश ठाकुर,ओम प्रकाश आर्य, मोहन साह, बिजेंदर नाथ वैद्य,सदस्य सुरेश साह,धर्मदेव साह, विनय साह, राम प्रसाद साह, विपिन राम, आनंद उर्फ बटल, जितेंद्र कुमार छोटू, नंदन वियार, शशि गुप्ता, राकेश, फागु कुमार इस मौके चपरी, सरैया, के सैकड़ों ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### प्ले स्कूल का उद्घाटन

**श्री बंशीधर नगर।** शहर में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को नई दिशा देने के उद्देश्य से जंगीपुर मोड़ स्थित फ्लाइंग विंग्स पब्लिक स्कूल का शुभारंभ किया गया। यह स्कूल प्ले ग्रुप से कक्षा 5 तक की शिक्षा प्रदान करेगा। स्कूल का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक सह विद्यालय के संस्थापक डॉ. सिद्धनाथ प्रसाद,विजय सिंह, डॉ. सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल ने संयुक्त से फीता काटकर किया। पुजारी गोविंद पाठक के वैदिक मंत्रोच्चार व शंख ध्वनि के बीच नारियल फोड़ कर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय के संस्थापक डॉ. सिद्धनाथ प्रसाद ने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं रखना, बल्कि उन्हें व्यावहारिक और नवीन शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है। विद्यालय की प्रिंसपल श्वेता प्रकाश ने कहा कि फ्लाइंग विंग्स स्कूल नवाचार और मनोरंजक शिक्षा का केंद्र होगा। मौके पर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, रामानंद पांडेय,स्कूल के निर्देशक प्रमोद कुमार, प्रणव प्रकाश,सितेंद्र चौबे,लाल चौबे,वकील चौबे,नरेंद्र शुक्ला,मिक्की जायसवाल, ओम प्रकाश गुप्ता,कमलेश गुप्ता उर्फ पिंटू,संजय साहू,विनोद कांस्यकार,अभय पांडेय, डॉ वेद प्रकाश,दिलेश्वर सिंह,सुदामा पांडेय,नागेंद्र सिंह,पिंकू पांडेय,रूपेश अग्रवाल,अरुण चौबे,तस्लीम खान,शिवनारायण चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दो बाइक की टक्कर में चार घायल, रिम्स रेफर



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के कोने में रविवार दो बाइक सवारों में आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को कॉल कर इसकी जानकारी दी। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को लातेहार सदर अस्पताल भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर हरिओम ने घायलों का प्राथमिक इलाज कर सभी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायलों में संदीप उरांव (30 वर्ष) पिता सुकरू उरांव रोल पतरातू है। दूसरी बाइक पर सवान तीन सवार थे। सभी नरेशगढ़ जा रहे थे। इनमें बब्लू सिंह (35 वर्ष), पिता बिसराम सिंह मुड्ढ़, उपेंद्र कुमार (35 वर्ष) पिता रामवृक्ष सिंह, बालकिशुन सिंह (40 वर्ष) पिता विश्राम सिंह है। सभी मुरू बरवाडीह प्रखंड के रहने वाले हैं।

# मेला क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण आयोजन : विधायक

● कुंदा पशु मेला का उद्घाटन विधायक ने किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** पशु मेला का विधायक जनार्दन पासवान ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें वह अपने पशुओं को बेचने और खरीदने के साथ अन्य सामानों की भी खरीदारी करते हैं। इस मेला में विभिन्न प्रकार के पशुओं की खरीद-बिक्री की जा रही है। गाय, भैंस, बकरी समेत अन्य पशुओं का मेला में खरीद बिक्री की जा रही है। मेला का उद्घाटन किसी विधायक ने पहली बार किया है। विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि यह मेला क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें किसानों को पशुओं को बेचने व खरीदने का अवसर स्थनीय स्तर पर मिलता है। उन्होंने मेला में आने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं दी। उद्घाटन के उपरांत विधायक ने महादेव मठ पर्यटक स्थल पहुंच कर ऐतिहासिक स्थल को और सौंदर्यीकरण कैसे हो इसे लेकर स्थानीय लोगों से मिलकर जानकारी ली। इस दौरान मेला ठेकेदार मनोज यादव, कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, मुखिया मनोज साहू, अखलेश यादव, विनोद साव, जितेंद्र सौंडिक, दिव्या भोक्ता, घनश्याम यादव समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## विधायक ने लाभुकों के बीच किया धनकुटी मशीन का वितरण



**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत चटकपुर पंचायत में रविवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह ने चयनित लाभुकों के बीच धनकुटी मशीन का वितरण किया गया। इस दौरान लाभुकों व पंचायतवासियों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार का प्रयास है। राज्य के सभी लोग स्वावलंबी बनें। मनिका विधानसभा क्षेत्र के सभी लोगों के स्वावलंबन के लिए लगातार वह अपने स्तर से कर्तव्य निष्ठ होकर कार्य कर रहा हूं। झारखंड सरकार द्वारा यह एक ठोस कदम है। इससे अपने ही क्षेत्र में लाभुक रोजगार कर सकें। मौके पर चैनपुर पंचायत के उप मुखिया राजेश कुजूर, रेखा नगेसिया, प्रदीप बड़ाईक सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### एनटीपीसी से राख ढुलाई कर रहा आरटीपीएल

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी परियोजना से उत्पादित राख का ट्रांसपोर्टिंग कर रही आरटीपीएल नामक कंपनी में लगे तीन हाइवा रविवार को बगैर राख लोड ही चालान लेते जब्त कर लिया गया। वाहन चालकों के खुलासे से बड़े फर्जीवाड़ा और सिंडिकेट में शामिल लोगों की सारी गतिविधियां परत दर परत खुलकर लोगों के सामने आ गया। दावा किया जाता है कि लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन कॉन्वेयर कॉरीडोर एरिया में मिट्टी भराई की जा रही है। वहां ट्रांसपोंटर मिट्टी भरने और राख ट्रांसपोंटिग का एक साथ लाभ लेते हुए अवैध मिट्टी कटाई से लाखों रुपए के राजस्व चोरी वाले तीहरे लाभ भी अर्जित की जा रही है।

### आजसू की प्रमंडल स्तरीय बैठक 27 को

**लातेहार।** आगामी 27 फरवरी को आजसू पार्टी द्वारा प्रमंडल स्तरीय बैठक बेतला में आयोजित की गई है। इस आश्यक की जानकारी आजसू पार्टी के लातेहार जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने चंदनडीह कार्यालय मे रविवार को दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजित प्रमंडल स्तरीय बैठक में आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष ने प्रमंडल के सभी केंद्रीय कमेटी सदस्यों, तीनों जिले के पदाधिकारियों, सभी अनुषांगिक इकाई के पदाधिकारी और आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से उक्त बैठक में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बैठक में आगामी होने वाले कार्यक्रम की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। जिस पर पार्टी कार्य करेगी। मौके पर आजसू पार्टी के पदाधिकारी बिजेंद्र दास उर्फ बिट्टू दास मौजूद थे।

### इलेक्ट्रिकल प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**चंदवा।** शहर के मेन रोड में जयहिंद पुस्तकालय के समीप रविवार को चंदवा इलेक्ट्रिकल प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर कर किया गया। इस मौके पर तिलैयाटांड़ अंजुमन के सदर मो. अब्दाल, मो. शमशाद, मुफ्ती गुलजार, मौलाना रिजवान दानिश नदवी, प्रमोद साहू, डॉ. नसीम हैदरी, एहतेशाम गुड्डू, रईस अहमद, मो राशिद, राजू कुमार, महेश सिंह, राजकुमार प्रजापति, संदीप रजक आदि लोग मौजूद थे।

### कुंभ मेला में खोए बुजुर्ग सकुशल घर लौटे



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के बरछिया बठेट निवासी बुजुर्ग चुलहन महतो 17 फरवरी को महाकुंभ याश्रा के लिए गये थे। 18 फरवरी को कुंभ स्नान करने के बाद 18 नंबर घाट से गुम हो गए थे। काफी खोज बीन करने के बाद पता चला कि वह लखनउ चले गये है। लखनउ पुलिस के कस्टडी में है, वहां से फोन द्वारा संपर्क कर इन्हें सुरक्षित 23 फरवरी को बारियातू वापस लाया गया। इनके सकुशल घर वापसी से घर परिवार के सदस्य, परिजन व पड़ोस में खुशी का माहौल है। इस खुशी में लोगों ने उन्हें माला पहना कर व बम पटाखा फोड़ कर उनका स्वागत कर अपनी खुशी व्यक्त किया।

### बोलेरो की चपेट में आने से पति-पत्नी घायल

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूमाथ-मुरुप सड़क मार्ग पर थाना क्षेत्र के ओल्हेपाट गांव के पास अज्ञात बोलेरो वाहन के धक्के से बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए । घायलों की पहचान चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसई गांव निवासी शंकर भुइयां की पत्नी सुगी देवी के रूप में हुई है। उसे स्थानीय लोगों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती गया। वहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा इलाज किया गया। मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी शनिवार को पुत्री मंजू कुमारी का इलाज करा कर लातेहार के मंगरा गांव से अपने घर बाइक से लौट रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रही एक अज्ञात बोलेरो वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। जिससे यह घटना घट गई। फिलहाल सभी लोगों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### 50 ग्रामीणों को मिला मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

**लातेहार।** जिले के सरयू प्रखंड के गणेशपुर व अमवाटिकर गांव में हनी मिशन के तहत 10 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण नव जागरण सेवा केंद्र रामगढ़ के सौजन्य से खादी ग्रामोद्योग आयोग रांची द्वारा आयोजित किया गया था। गणेशपुर पंचायत में 11 फरवरी से शुरू हुए इस कार्यक्रम के दौरान खादी आयोग रांची के कर्मी एसडी चौधरी, प्रशिक्षक मनरखन महतो ने 25-25 के बैच में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में सरयू प्रखंड के गणेशपुर पंचायत के प्रशिक्षु शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में नव जागरण सेवा केंद्र रामगढ़ के स्टेट कोऑर्डिनेटर रौशन कुमार, जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह का अहम योगदान रहा। प्रशिक्षण के बाद सभी लाभार्थियों को 10-10 मधुमक्खी बॉक्स, आवश्यक कीट, मधु निकालने का यंत्र प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ना है। धर्मेंद्र सिंह, जिला समन्वयक, नव जागरण सेवा केंद्र रामगढ़ ने कहा कि यह प्रशिक्षण ग्रामीणों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मधुमक्खी पालन न केवल किसानों की अतिरिक्त आय का स्रोत बनेगा, बल्कि इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इस कौशल से जोड़ना और पलायन को रोकना है।

## मध्यस्थता शिविर में भूमि विवाद समेत कई मामलों का निपटारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हंटरगंज (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देश पर रविवार को जिले के वशिष्ठनगर-जोरी थाना परिसर में निःशुल्क मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। थाना क्षेत्र के जोरी, सलैया, करैलीबार समेत अन्य गांवों से लोग अपने-अपने मामले लेकर पहुंचे थे। इनमें भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट आदि मामले शामिल थे। इस दौरान सब इंस्पेक्टर विधायक प्रसाद यादव व पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता ने दोनों पक्षों की बात सुनी और समझा-बुझाकर मध्यस्थता कराया। मौके पर उपस्थित लोगों को निःशुल्क कानूनी जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीणों ने मध्यस्थता शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस निःशुल्क मध्यस्थता शिविर से लोगों को कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने से बच रहे हैं। पीएलवी द्वारा बताया गया कि कानूनी प्रक्रिया लंबी चलती है। इसमें दोनों पक्षों का समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। छोटे मामले मध्यस्ता के जरिए जल्दी सुलझाए जा सकते हैं।

## सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए : आयोध्या प्रसाद

● शौंडिक समाज की नई कमेटी गठित, रितेश बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** शौंडिक समाज की बैठक कालीबाड़ी सामुदायिक भवन में राजमणि प्रसाद अधिवक्ता की अध्यक्षता में रविवार को हुई। बैठक में शौंडिक समाज का 15 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति शौंडिक समाज का अध्यक्ष रितेश कुमार निक्कू को बनाया गया। उपाध्यक्ष अनिल कुमार शौंडिक,सचिव गजेंद्र प्रसाद शौंडिक, कोषाध्यक्ष विजय कुमार शौंडिक को बनाया गया। बैठक में शौंडिक समाज को स्थाई रूप से चलाने के लिए 11 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। उनमें मुकेश प्रसाद शौंडिक, वीरेंद्र प्रसाद शौंडिक, धनंजय कुमार शौंडिक,गुंजन कुमार शौंडिक, प्रहलाद कुमार शौंडिक,आमोद प्रसाद शौंडिक, नागेंद्र प्रसाद शौंडिक,प्रदीप प्रसाद शौंडिक,मनोज प्रसाद शौंडिक, संतोष प्रसाद शौंडिक, को बनाया गया। शौंडिक समाज के बैठक को संबोधित करते हुए अयोध्या प्रसाद ने बताया कि हम सभी शौंडिक समाज के लोगों को बढ़चढ़ कर सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। समाज किस प्रकार आगे बढ़े इसके बारे में हर 3 महीने में बैठक कर उचित निर्णय लिया जाना चाहिए। मंच का संचालन कर रहे दिलीप प्रसाद शौंडिक ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य था होली मिलन समारोह, जो शौंडिक समाज द्वारा कराया जाना है। इसके लिए अलग से एक बैठक कर एक तिथि तय कर लिया जाएगा। बैठक में शौंडिक समाज के पांच संरक्षकों के भी घोषणा की गई। मुख्य संरक्षक राजमणि प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, चंदेश्वर प्रसाद, नरेश प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद को बनाया गया है।

## हाथियों को भगाने में लगी वन विभाग की स्पेशल टीम

**चतरा/सिमरिया।** जिले के सिमरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोहर कला व केवटा आदि जंगल में पहुंच कर स्पेशल टीम जंगली हाथियों को भागने को लेकर अभियान चला रही है। प्रभारी वनपाल अजीत कुमार के अनुसारहाथियों का मुख्य रास्ता जो लातेहार व बालूमाथ होते हुए जिले के सिमरिया प्रखंड अंतर्गत केंदू, कसारी, सोहर, टूटीलावा पिरी होते हुए हजारीबाग की ओर निकलता है। वर्तमान में इंसानों द्वारा हुए भौगोलिक छेड़छाड़ के कारण हाथी अपने रास्ते को पहचान नहीं कर पा रहे हैं और भटक कर गांव के पास वाले जंगल में अपना डेरा डाल दे रहे हैं। इस दौरान हाथी रातों में गांव में घुसकर फसलों को खाते हैं और दिन होते जंगलों में ही छुप जाते हैं। जिससे ग्रामीणों को बड़ी परेशानी हो रही है। ऐसे में वन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। हाथियों को अपने रास्ते (कॉरिडोर) दिखा सके। सफलता हाथ नहीं लग पा रही है। फिलहाल बंगाल से स्पेशल टीम बुलाई गई है, जो हाथियों को हर रात रास्ता दिखाने का प्रयास कर रही है। इस दौरान टीम ढोल व मशाल लेकर बम पटाखा से कई तरह का प्रयास कर रही है, ताकी हाथियों को उनके रास्ते पर लाकर आगे बढ़ाया जा सके।

## ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन के विरुद्ध बैठक की



**बालूमाथ (लातेहार)/टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित मगध-संघमित्रा परियोजना से जुड़े विभिन्न गांवों सराढु, हेचाबलिया, उपकापानी, देवलगड्डा, कुंडी, मसिलोंग, आरा, चमातु के ग्रामीणों की बैठक रविवार को मेघनाथ यादव की अध्यक्षता में प्रदाही स्कूल प्रांगण में हुई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने गोलबंद होकर एक स्वर में सीसीएल के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया। इसके अलावा सराढू समेत अन्य गांवों से बगैर अनापत्ति लिए वन अतिक्रमण कर गाड़े जा रहे हाई टेंशन पोल के मामले में विस्तृत चर्चा की गई। सराढू पंचायत की मुखिया सीता देवी ने कहा कि सीसीएल फूट डालो और शासन करो की नीति अपना कर विस्तार कर रही है। अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर प्रतिकार करना ही होगा। ग्रामीणों ने पारित प्रस्तावों को उपायुक्त व सीसीएल प्रबंधन को सौंपने का निर्णय लिया। मौके पर धनेश्वर उरांव, सुबोध सिंह, भीम साव, बैजनाथ साव, बिनोद गंझू, महेंद्र महतो, जीतन महतो, हीरा घासी, दिनेश उरांव, रवि कुमार, रतन साव, उपेंद्र यादव, सुभान मियां, मंगलदेव यादव, राजेन्द्र राम ,इकबाल मियां, धनेश्वर मुंडा, सुनील, बालूमाथ से आरा ग्राम से रवि प्रकाश संभू साव, विनोद गंझू, अशेश्वर गंझू, कुंडी ग्राम से हुलास साव,भीम साव, संदीप कुमार साव, देवलगड्डा से मुखिया सीता देवी, जयपाल उरांव, छोटू मुंडा, मासीलॉन्ग से सरबजीत गंझू, प्रदीप गंझू, मुंशी गंझू, सराढु से संदीप कुमार, अनिल राम सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दो गंभीर, रेफर

**सिमरिया(चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के डाडी-बकचोमा के समीप मुख्य सड़क पार कर रही बकचोमा निवासी तरन्नुम परवीन को मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार देने से वह गंभीर रुप से घायल हो गई। उसे आनन-फानन में सिमरिया रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। दूसरी घटना में लावालौंग थाना क्षेत्र के सिलदाग निवासी 22 वर्षीय छोटू कुमार सिमरिया अंग्रेजी शराब दुकान के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 108 एंबुलेंस के माध्यम से उसे सिमरिया रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए उसे चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को कुंदा थाना में किया गया। शिविर में लोगों को विधिक से जुड़ी जानकारी दी गई। साथ ही आउटरीच कार्यक्रम के तहत डोकवा व बरमा गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसमें वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, महिला सशक्तिकरण व अन्य योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान अधिकार मित्र अजीत कुमार,संजय कुमार चौधरी, मुन्ना दास ने लोगों को निःशुल्क कानूनी सलाह लेने के लिए प्रेरित किया।

आठ दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घघाटन

# खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है : गौतम सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा बाजार टाड़ खेल मैदान में जय मां उग्रतारा क्लब भाटचतरा द्वारा आठ दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घघाटन पंचायत समिति सदस्य गौतम सिंह, समाज सेवी ऋषि सिंह, डब्लू सिंह ने विधिवत फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का पहला मैच मैक्स क्लब बालूमाथ, पब्जी क्लब खैराका धनगड्डा के बीच खेला गया। मैक्स क्लब बालूमाथ ने 10 ओवर मे 134 रन बनाए। जवाब में पब्जी क्लब खैरका धनगड्डा द्वारा 10 ओवर मे 100 रन का लक्ष्य खड़ा किया। इस टूर्नामेंट मैच में मैक्स क्लब बालूमाथ के खिलाड़ियों ने 34 रन से जीत हासिल की। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य गौतम सिंह ने कहा कि खेल से मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी होता है। खिलाड़ी को खेल की भावना से सदैव खेलना चाहिए। द्वेष की भावना से नहीं। अच्छा खिलाड़ी वही होते हैं, जो खेल को अच्छे प्रदर्शन कर अच्छे मुकाम तक पहुंचते है। समाज सेवी डब्लू सिंह ने कहा कि खिलाड़ी खेल के मैदान में खेल के भावना से खेले। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने से ग्रामीण खिलाड़ी का निखार बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होते है। टूर्नामेंट के अध्यक्ष विवेक राम ने बताया कि इस टूर्नामेंट में प्रवेश शुल्क 1,499 रखा गया है, और इसमें खेलने वाले खिलाड़ी मात्र 24 टीम भाग ले सकते हैं। प्रथम पुरस्कार 15 हजार रुपए, शिल्ड, द्वितीय पुरस्कार सात हजार रूपए, शिल्ड, तृतीय पुरस्कार तीन हजार व शिल्ड दिया जायेगा। मौके पर सचिव बिरेन्द्र तुरी, सचिव कोषाध्यक्ष दीपक तुरी, अजय राणा, सौरभ सिंह, नरेश तुरी, पप्पू कर्माली,बादल कुमार, अमेरिका गंझू, दिलवार तुरी,छोटू उरांव, नरेश राम गोल्डी यादव निर्मल तुरी सहित दोनों टीम के खिलाड़ी व अन्य लोग मौजूद थे।

## रेलवे क्रॉसिंग किया गया अंडर ग्राउंड, 33 केवीए केबल वर्षों से था खराब

**हुसैनाबाद।** पचंबा विद्युत ग्रीड से हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय स्थित विद्युत सब स्टेशन व देवरी विद्युत सब स्टेशन जाने वाले विद्युत लाइन में दाता नगर के पास रेलवे पार करने के लिए भूतल केबल लगाए गए हैं। पूर्व में लगाया गया भूतल केबल वर्षों पहले खराब हो गया था। जिससे दोनों विद्युत सब स्टेशन में 33 केवीए का पवार निर्बाध नहीं मिल रहा था। विद्युत अवर प्रमंडल जपला के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो से हुसैनाबाद शहर के उपभोक्ताओं ने बिजली आपूर्ति में सुधार करने की मांग की थी। सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो ने विभाग से केबल उपलब्ध कराने के बाद रविवार को दाता नगर में रेलवे लाइन क्रोसिंग किया गया भूतल केबल को बदलने का काम किया। सहायक अभियंता ने बताया कि केबल बदलने से हुसैनाबाद शहर के अलावा दंगवार फीडर व देवरी सब स्टेशन से जुड़े उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति में काफी सुधार होगा। इस मौके पर जितेंद्र ठाकुर क अलावा कई लोग मौजूद थे।

# 237 बच्चों को पढ़ाने के लिए केवल तीन शिक्षक, पढ़ाई हो रही है प्रभावित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत अंर्तगत कामता राजकीय मध्य विद्यालय का पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार से जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में रसोई घर जाकर मध्यान भोजन की जांच की। मध्याह्न भोजन में खिचड़ी,चोखा और अंचार बन रहा थे। इस स्कूल में शिक्षकों की नौ पद हैं, लेकिन मौजूदा समय में सिर्फ तीन शिक्षक उपस्थित थे, जो बच्चों को पढ़ा रहे थे। 237 नामांकित छात्र-छात्राओं में 169 बच्चे उपस्थित थे। प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार ने बताया कि दो शिक्षक 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो गए हैं। इसके बाद से तीन ही शिक्षक इस स्कूल में बचे हैं। अयुब खान ने कहा कि एक शिक्षक की रिपोर्ट बनाने में ही समय बीत जाता है। ऐसे में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की पढ़ाई तीन शिक्षकों के सहारे कैसे होगी। इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। जब तक स्कूलों में शिक्षकों की कमी को पूरा नहीं किया जाता है, तब तक राज्य सरकार की शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने का अभियान कैसे सफल होगा। शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। खाली पदों को भरने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा अब तक ठोस प्रयास नहीं किया गया है। स्कूल के कमरों की भी मरम्मत की आवश्यकता है। स्कूल का प्लास्टर टूट कर गिर रहा है। कहीं हल्की दरारें भी आ गई है। लोकसभा चुनाव के समय शौचालय बनाया गया था, लेकिन इसमें टाईल्स नहीं बिछाया गया है। शौचालय में रंग रोगन भी नहीं किया गया। बाद में शिक्षकों ने खुद उसे ठीक करवाया है। पंसस अयुब खान ने जिला शिक्षा अधिक्षक से स्कूलों में खाली पड़े पदों को जल्द भरने की मांग की है।

# जलछाजन के प्रचार-प्रसार के लिए वैन रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भूमि संसाधन विभाग, भारत सरकार द्वारा ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैलाने एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पूरे भारतवर्ष में वाटरशेड यात्रा का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत झारखंड राज्य के 24 जिलों में दो वाटशेड यात्रा वैन भ्रमणशील है। दिनांक 23.02.2025 से 25.02.2025 तक छः स्थानों पर (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना डब्ल्यूडीसी 2.0 संचालित परियोजना क्षेत्रों में) जलछाजन परियोजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु वाटरशेड यात्रा वैन का भ्रमण होगा। उक्त के आलोक में दिनांक 25.02.2025 (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से कैरो प्रखण्ड के कार्यालय प्रांगण में वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 9:00 पूर्वाह्न से 12:30 अपराह्न तक /2:00 अपराह्न से 5:30 अपराह्न तक अनुभव साझा किए जाएंगे। इसके बाद भूमि और जल संरक्षण शपथ आयोजन, DoLR द्वारा प्रदान की गई वाटरशेड के अवलोकन से संबंधित चलचित्र का संचालन, कार्यक्रम में दर्शकों की रूचि बनाये रखने हेतु प्रश्नोत्तरी का आयोजन और विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरण, वाटरशेड महोत्सव (नुक्कड़ नाटक के माध्यम से क्षेत्रीय भाषा में ग्रामीणों को जल सरंक्षण का संदेश), डिजिटल मोड के माध्यम से जलछाजन अंतर्गत पूर्ण कार्यों का लोकार्पण, मुख्य अतिथि और जन प्रतिनिधियों द्वारा सभा का संबोधन, वाटरशेड मार्गदर्शकों का अभिनंदन एवं सम्मान, वाटरशेड मार्गदर्शकों द्वारा जलछाजन से संबंधित अनुभव साझा, मुख्य अतिथि, जन प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल के निकट उपयुक्त स्थान पर नये कार्यों का भूमि पूजन, कार्यक्रम स्थल के निकट उपयुक्त स्थान पर ग्रामीणों, सामुदायिक स्वयं सेवकों, पदाधिकारियों, जल प्रतिनिधियों, एवं माई भारत पोर्टल के माध्यम से जुड़े हुए स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान, कार्यक्रम स्थल के निकट उपयुक्त स्थान पर पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उक्त कार्यक्रम में किसान मेला-सह-कृषि उत्पाद प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें पशुपालन, सहकारिता, उद्यान, मत्स्य, कृषि विज्ञान केन्द्र, गव्य विकास एवं भूमि सरंक्षण विभागों के स्टॉल लगाये जाने हैं।

## कैरो के ग्राम एड़ादोन में वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** भूमि संसाधन विभाग ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूरे भारत में जलछाजन के व्यापक प्रचार प्रसार और ग्रामीणों के बीच जल संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में झारखंड के प्रत्येक जिला में तीन दिवसीय वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वाटरशेड यात्रा वैन निर्धारित स्थानों में भ्रमण करेगी। लातेहार जिला से चलकर लोहरदगा पहुंची वैन के साथ दिनांक 23.02.2025 को ग्राम एड़ादोन से आरंभ की गई। वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम उमरी, महुआरी, गजनी होते हुए दिनांक 25.02.2025 को कैरो प्रखंड परिसर में समापन कार्यक्रम के साथ वॉटरशेड यात्रा वैन गुमला जिला के लिए रवाना की जायेगी। 25.02.2025 को कार्यक्रम में सांसद सुखदेव भगत, विधायक रामेश्वर उरांव की उपस्थिति रहेगी। उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, जिला परिषद् अध्यक्ष, प्रमुख, पंचायत स्तरीय पदाधिकारीगण, जन प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहेंगे। इधर ग्राम एड़ादोन पंचायत सढ़ावे प्रखंड कैरो में आयोजित वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, विशिष्ट अतिथि कालेन खलखो जिला कृषि पदाधिकारी, सुश्री छंदा भट्टाचार्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जल एवं भूमि संरक्षण का शपथ, जलछाजन गीत, भूमि पूजन, श्रमदान, एक पेड़ मां के नाम, नुक्कड़ नाटक द्वारा जल संरक्षण का संदेश एवं ग्रामीणों को अतिथियों द्वारा जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई।




### कव्वाली प्रोग्राम स्थल का डीएसपी ने लिया जायजा, कहा

# प्रोग्राम को सफल बनाने में सभी वर्ग निभाएं अपनी-अपनी सहभागिता

नवीन मेल संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** आगामी 25 फरवरी को शहीद शेख भिखारी की शान में तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा आयोजित कव्वाली प्रोग्राम की तैयारियों का निरीक्षण कर मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की और किस्को थाना प्रभारी सुमन मिंज के द्वारा जायजा लिया गया। इस दौरान डीएसपी समीर कुमार तिर्की ने प्रोग्राम स्थल की तमाम पहलुओं के बारे में बारीकी से निरीक्षण कर मुआयना किया और बेहतर तैयारियों को लेकर तहरीक-ए-अमन सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल और तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्तागण को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी कव्वाली प्रोग्राम में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखी जाएगी। डीएसपी समीर कुमार तिर्की ने कहा कि प्रोग्राम के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी पैदा करने वाले असामाजिक तत्व के लोगों के विरुद्ध चिन्हित कर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। डीएसपी ने कहा कि प्रोग्राम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने हेतु लोहरदगा पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कमर कस ली है, कोई भी व्यक्ति प्रोग्राम को लेकर विवादित बयान बाजी और दिग्भ्रमित करने की कोशिश करने से परहेज करें। उन्होंने कहा कि प्रोग्राम को आपसी भाईचारा और अनेकता में एकता कायम कर सफल बनाने में सभी वर्ग के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो, ताकि कव्वाली प्रोग्राम को सफल बनाने में मदद मिल सके। मौके पर सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल, कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, रेयाज अंसारी, कमरूल इस्लाम, शाहनवाज अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सेवा भारती के स्वास्थ्य शिविर में 60 लोग हुए लाभान्वित



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 141 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 60 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। अन्य सभी प्रकार की जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में बदलते मौसम पर सर्दी, खांसी, बुखार, गला दर्द आदि कई बीमारियां के लक्षण हो रहे हैं इसके लिए गर्म पानी का सेवन करें और तेल- मसाले एवं बाहर के खाने से बचें,नहीं तो आगे जाकर ये कष्ट दायक हो सकता है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सेवा ही परमो धर्म है इससे बड़ा कोई धर्म नहीं हैं, अपने शरीर को दुरुस्त रखने के लिए अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने की आवश्यकता है, इसके लिए नियमानुसार दिनचर्या में नियमित रूप से अपने हर एक कार्य करें और समय-समय पर स्वास्थ्य चेकअप कराते रहे। जिससे की उक्त बीमारी का इलाज किया जा सके। सहसचिव संजय चौधरी, अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का चेकअप करवा कर उक्त बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। मौके पर राजू यादव, अंजलि सर्राफ, ममता बांका, सत्यम सर्राफ, अनीता पोद्दार, अतुल सर्राफ, खुशबू कुमारी, राजेश देवघरिया, वीरेंद्र तिवारी, रागिनी तिवारी, चंदन कुमार, सोनिया पोद्दार, उषा देवी आदि उपस्थित थे।

### अपराध व उग्रवाद को रोकने के उद्देश्य से पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस ने चलाया अभियान, बोले थाना प्रभारी

# जनता व पुलिस में समन्वय रहे

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र में अपराध व उग्रवाद को रोकने के उद्देश्य से थाना प्रभारी के नेतृत्व में एसएसबी टीम के साथ अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक हारिश बिंन जमां के निर्देश पर थाना प्रभारी वारिश हुसैन द्वारा एसएसबी टीम और मोटरसाइकिल दस्ता के साथ थाना क्षेत्र के आलौदी, मुरकी तोड़ार, बुटी, भड़गांव सहित अन्य पंचायत के विभिन्न गांव टोला में संयुक्त अभियान चलाया गया। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने ग्रामीणों से मुलाकात कर कहा कि जनता का पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बना रहे। जिसमे ग्रामीणों का सहयोग से अपराध व उग्रवाद पर अंकुश लगाया जा सकता है। जिसे गांव घर मे ग्रामीण अमन चैन से गुजर बसर कर सकेंगे। वही ग्रामीणों से अपील किया कि गांव में आपसी सौहार्द व भाईचारा के साथ रहें। जिसे गांव घर में अमन शांति बना रहे। और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र का विकास हो। साथी ग्रामीणों को समझते हुए कहा कि आप अपने बच्चे बच्चियों को स्कूल भेजें और अच्छी शिक्षा दे जिसे वह एक अच्छा नागरिक बन कर कर्तव्य का निर्वहन कर सके साथ ही कहा कि किसी भी तरह का अपराधी य उग्रवादी को गांव घर मे कोई शरण नहीं दें। तो ग्रामीण को किसी तरह की कोई परेशानी नही होगी। ग्रामीण स्वयं को और गांव टोला को सुरक्षित रख सकते हैं।



# पीएम के 'मन की बात' के 119 वें एपिसोड को सैंकड़ों ने सुना



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में रविवार को भाजपा के द्वारा पीएम मोदी की अपने मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 119 वां प्रसारण भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार की नेतृत्व में गई। इस दौरान बूथ संख्या 290 की अध्यक्ष डोली कुमारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं सहित कई अन्य लोगों ने कार्यक्रम को सुना। जिसके साथ ही नगर के विभिन्न बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इस दौरान पीएम मोदी की प्रेरणादायक बातो को सुनकर लोग अपने अंदर एक नए ऊर्जा का संचार होता दिखाई दिया। इस अवसर पर भाजपा के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने से लोगों के अंदर छिपे प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि इस एपीसोड में पीएम ने महाकुंभ से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया और देश में हो रहे पर्यावरण और सामाजिक परिवर्तन के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के एपिसोड लोगों के लिए प्रेरणा दायक होता है और जिसमें कुछ कर गुजरने की जज्बा उत्पन्न होती है। वह नयी सोच के साथ समाज के बेहतरीन के लिए चाहे वह पर्यावरण का क्षेत्र हो या स्वच्छता का सभी देश सेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात एक ऐसा कार्यक्रम बन चुका है जिसके माध्यम से देश में छुपे हुए प्रतीभा को बाहर निकलने का एक जरिया बन चुका है। इस दौरान उन्होंने पीएम को धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम से लोग काफी लाभान्वित होते हैं। इसलिए आगे भी सुनने के लिए देश वासियों को प्रेरित करते रहेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल बजरंग प्रजापति, राजेश गुप्ता, आदित्य तमेडा, ज्योति कुमारी, गीता देवी, दीप्ति कुमारी, दीपक कुमार, अंजन बैठा, विजय बैठा, विकास प्रजापति, अभिमन्यु प्रजापति इत्यादि लोगो के साथ अन्य लोग भी शामिल थे।

# ऑटो पलटने से आधा दर्जन महिलाएं घायल, एक रेफर

नवीन मेल संवाददाता



**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामडी में ऑटो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार जामडी गांव से ऑटो में बैठ कर मजदूर घर ढलाई के लिए काम करने जा रहे थे तभी अनियंत्रित हो कर ऑटो पलट गया। ग्रामीणों के द्वारा सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू लाया गया। दुर्घटना में जामडी निवासी सुमित्रा उरांव को काफी गंभीर चोट आई जिसे प्राथमिक उपचार के बाद लोहरदगा सदर रेफर किया गया है। वहीं तेतरी उरांव, दुलारी उरांव, रेशमी उरांव, चरिया उरांव, सरिता उरांव एवं सावित्री उरांव का कुडू अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# हरिद्वार से निकला ज्योति कलश रथ पहुंचा कैरो

नवीन मेल संवाददाता

**कैरो/लोहरदगा।** शनिवार को देर शाम गायत्री परिवार के तत्वावधान में कैरो मुख्यालय पर हरिद्वार से पहूँचा ज्योति कलश रथ। रथ कैरो मुख्यालय दुर्गा वाड़ी भवन परिसर पर पहुंचते ही बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने रथ पर विराजमान देवी देवताओं की श्रद्धापुर्वक भक्तिभाव से किया पुजा-अर्चना। पुजा अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं ने हरिद्वार से आये संतो के साथ गीत-संगीत, सामुहिक रुप से गायत्री-मंत्र का उच्चारण एवं संतो का सुना अमृत वाणी। इस अवसर पर हरिद्वार से आये संत इंद्रदेव पंडित ने श्रोताओं से अमृत वाणी कहते हुए कहा कि मानवता के बने पुजारी,यही है योजना हमारी। इस ज्योति कलश रथ यात्रा का उद्देश्य स्वस्थ्य शरीर,स्वच्छ मन और सभ्य समाज के निर्माण, मनुष्य देवता बने, धरती स्वर्ग बने,मानव मानव को पहचाने, गृहयुद्ध मिटे, इसी उद्देश्य से ही पुरे भारत में 100 रथ भ्रमण कर रहें हैं और आज आपके ग्राम में पहूँचा है।

# शिवरात्रि त्यौहार को लेकर में शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा।** आगामी शिवरात्रि त्यौहार को लेकर थाना परिसर में रविवार को जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की की अध्यक्षता में शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक हुआ। आगामी 26 फरवरी को शिवरात्रि त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक में विशेष चर्चा किया गया। शांति समिति के सदस्यों से क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजन की जानकारी ली गई। जिसे सदस्यों द्वारा पर्व के दौरान प्रशासन की ओर से सहयोग का अपेक्षा किया गया। बैठक के क्रम में शांति समिति सदस्यों द्वारा बताया गया कि सेन्हा डीपु के समीप से झांकी के साथ रात्रि में शिव बारात जोगना मोड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण में पंहुचेगी। वही कोराम्बे में शिवरात्रि पर विधिविधान के साथ पूजा अर्चना किया जायेगा। जबकि सुदुर्वती ग्रामीण क्षेत्र अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव में पूजा अर्चना और हरि कीर्तन तथा 27 फरवरी को जतरा का आयोजन किया जायेगा। 26 फरवरी को सुबह से ही भीड़ भाड़ मंदिर परिसर में प्रशासनिक व्यवस्था कराने का मांग किया गया। शांति समिति बैठक में मुख्य रूप से शांति व्यवस्था पर्व के दौरान कायम रखने का अपील करते हुए बताया गया कि किसी प्रकार की समस्या हो या अफवाह फैलाया जा रहा है तो ऐसे स्थिति में स्थानीय प्रशासन को सूचना दें। असमाजिक प्रवृति पर विशेष नजर रखने की सलाह दी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा त्यौहार में सभी को संगठित होने का अवसर होता है। जिसे कायम रखते हुए पर्व मनाने का अपील किया गया। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा सभी बिंदुओं पर ड्रोन कैमरा के माध्यम से नजर रखी जायेगी। किसी प्रकार से असुविधाएं हो या अन्य प्रकार से पर्व त्यौहार में बाधाएं उत्पन्न होने की संभावना होने पर नियम संगत कारवाई किया जायेगा। मौके पर एसआई मनीष कुमार महतो, एएसआई गोवर्घन तुरी, असरफी बहेलिया, रामचंद्र मांझी, अलबिना लकड़ा, के अलावे शांति समिति के सदस्य मुनेश्वर साहू, रामलगन महतो, त्रिलोकी सिंह, सरिता देवी, पूनम देवी, बालेश्वर उराँव उर्फ पंडित, गुजरात खान, शौखत अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भंडरा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**भंडरा।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भंडरा थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने की। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि पर्व को मनाने की अपील थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र के लोगों से की है। वहीं महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर भंडरा थानाक्षेत्र के अखिलेश्वर धाम, कारू मठ, चट्टी स्थित महादानी मंदिर, भौरों शिव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ व शिव बारात सहित अन्य विधि व्यवस्था को लेकर शांति समिति के सदस्यों एवम जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। थाना प्रभारी ने कहा कि भंडरा स्थित अखिलेश्वर धाम शिव मंदिर में भारी संख्या मे जलाभिषेक को लेकर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नही होने पाए इसका ध्यान मंदिर कमेटी को रखना है। साथ ही मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने पाए, शिव बारात व मंदिरो मे असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

### जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य को दी गई विदाई

# शैक्षणिक विकास में सबों का सहयोग मिला : डीईओ नीलम आइलीन

*नौनिहालों का उज्जवल भविष्य ही उद्देश्य : अभिषेक झा*

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी चेंबर में झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा डीईओ एवं एसडीईओ को विदाई दी गई। मौके पर डीईओ नीलम आइलीन टोप्पो ने कहा कि लोहरदगा में कार्य के दौरान सबों का काफी सहयोग मिला, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। सबका विकास हो, इसके लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। एसडीईओ अभिषेक झा ने भी कहा कि लोहरदगा मेरी पहली पोस्टिंग शिक्षा अधिकारी के रूप में थी। नौनिहालों का भविष्य उज्जवल हो, यही फोकस था। शिक्षा के क्षेत्र में जमीनी हकीकत को जाना। इस दौरान आप सबों ने काफी कॉपरेट किया। सीनियर ऑफिसर का स्नेह गार्जियन की तरह था। सदैव लोहरदगा याद रहेगा। झापसा के शैलेंद्र सुमन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के बदौलत ही आप दोनो अधिकारी को नई और बड़ी जिम्मेवारी सरकार द्वारा सौंपा गया। इसका फक्र हम सभी शिक्षक समुदाय को है। आगे भी आपलोगों के दिशा निदेश में झारखंड राज्य शिक्षा के क्षेत्र में दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति करे। लोहरदगा जिला अध्यक्ष मुमताज अहमद ने कहा कि ऐसे अधिकारी बिरले ही होते हैं, जिन्होंने कम समय में लोहरदगा की शैक्षणिक वातावरण में आमूल चूल परिवर्तन ला दिया। आप जैसे कर्मठ, ईमानदार अधिकारी के कुशल नेतृत्व के कारण ही नेतरहाट, सैनिक विद्यालयों के प्रतियोगी परीक्षाओं में लोहरदगा जिला का बेस्ट स्कोर रहा। सरकार द्वारा डीईओ नीलम आयलीन टोप्पो दक्षिणी छोटनगपुर प्रमंडल का आरडीडीई एवं एसडीईओ अभिषेक झा को धनबाद जिले का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाए जाने पर तमाम शिक्षक-कर्मियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

## बालू लडे ट्रैक्टर के टक्कर से वृद्ध घायल

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में रविवार को अनियंत्रित बालू लोड ट्रैक्टर के टक्कर मारने से वृद्ध घायल हो गया। जिससे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव में रोजाना तेज गति से बालू लोड ट्रैक्टर का आना होता है। ट्रैक्टर चालक में यातायात नियम का कोई नियम लागू नहीं किया जाता है। रविवार की सुबह सड़क पार कर रहे मसमानो गांव निवासी जब्बार अंसारी को अनियंत्रित बालू लोड ट्रैक्टर ने टक्कर मार फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने घायल जब्बार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया है।

## तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह ने कराई कुरआन ख्वानी

**लोहरदगा।** अमर स्वतंत्रता सेनानी देश के महान क्रांतिकारी शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित कव्वाली प्रोग्राम की शुरूआत से पूर्व तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह की ओर से मदरसा गुलशन ए इस्लामिया नवाडीह व फैजान ए गरीब नवाज नूरी में कुरआन ख्वानी का प्रोग्राम किया गया। जिसमें मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया। इस बीच प्रोग्राम से पहले कुरआन ख्वानी और मिलादे पाक की तिलावत कर क्षेत्र में अमन-चैन की दुआएं मांगी गई। साथ ही कुरआन ख्वानी और मिलादे पाक के पश्चात फातिहा पढ़ी गई। यहां पर कुरआन ख्वानी व मिलादे पाक और फातिहा प्रोग्राम में मुख्य रूप से हाफिज आलम रजा हसमती, मौलाना वाहिद, हाफिज हबीबुल्लाह हसमती सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल कोषाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, अंजुर अंसारी, रेयाज अंसारी, अब्दुल हन्नान अंसारी, साकिर अंसारी, हातिम अंसारी, जियाउल अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोगबाग मौजूद थे।

# शिक्षा के साथ-साथ मानवता का पाठ पढ़ाता है डीएवी : जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा के एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में वर्जुअल रूप से लिगल लिट्रेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। झारखंड के सभी 72 डीएवी स्कूलों में एक साथ लिगल लिट्रेसी क्लब का उद्घाटन जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा न्याय सदन झालसा, रांची द्वारा किया गया। इस मौके पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि समाज का निर्माण कैसे होना चाहिए यह हमें तय करना होगा। हमारा उद्देश्य समाज को कानूनी रूप से जागरूक करना भी है और इसके लिए डालसा और झालसा के द्वारा लगातार लोगों को जागरूक करने का कदम उठाया जा रहा है। इन्होंने कहा कि हमें कानून की आवश्यकता क्यों है ये समझने की आवश्यकता है। स्कूलों में विभिन्न विषयों की पढ़ाई तो होती है लेकिन लिगल जानकारी नहीं दी जाती है। इसके लिए लिगल लिट्रेसी क्लब को एक बेहतर माध्यम बनाया गया है। 660 से ज्यादा लीगल लिटरेसी क्लब जिसका लाभ स्कूल के विद्यार्थियों को मिल रहा है। चाइल्ड मैरिज, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, नशा से नुकसान सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा रही है। अंधविश्वास को दूर करने का काम भी लिगल लिट्रेसी क्लब के माध्यम से काम किया जा रहा है। इस मौके पर एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में टीम का नेतृत्व कर रहे मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने कहा कि समाज के लिए लिगल कैडेट कोर बनाने का उद्देश्य पूरा किया जा रहा है। इन्होंने कहा की आज के समय में युवाओं का भविष्य लिगल के क्षेत्र में बढ़ रहा है। ऐसे में यह युवाओं को एक नई दिशा दे रहा है। हम अभी से ही इन युवाओं को जज के रूप में देख पा रहे हैं। हम समाज को लिगल लिट्रेसी क्लब के माध्यम से जागरूक करने का काम कर रहे हैं। ट्रैफिकिंग की वजह से बच्चियों को बाहर बेचा गया। ऐसे मामलों में डालसा ने कई बेहतर कार्य किया है। इन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी पहली ड्यूटी पढ़ाई दूसरी ड्यूटी पढ़ाई और आखरी ड्यूटी सिर्फ बच्चों को पढ़ाई ही होना चाहिए। पढ़ने का आपको मौका मिला है तो इसका पूरा सदुपयोग करो। धन संपदा आपको सुकून नहीं दे सकता है इसलिए अपने परिवार और अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का भी काम करें। इस मौके पर एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य जीपी झा ने कहा कि डीएवी स्कूल में बीच-बीच में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। डीएवी को पूरे राज्य में इसलिए चुना गया क्योंकि यह विधालय बच्चों के सम्पूर्ण विकास में अपनी अहम भूमिका निभाता है।

### बाबा संत गाडगे जी महाराज की 145 वीं जयंती मनाई गई, बोले अमित कुमार

# महाराज व्यक्ति नही विचारधारा के प्रतिमूर्ति थे

नवीन मेल संवाददाता



**कुडू/लोहरदगा।** अखिल भारतीय धोबी महासंध कुडू ईकाई के द्वारा रविवार को स्वच्छता के प्रतीक धोबी समाज के अगुवा सह गुरूदेव रहे बाबा संत गाडगे जी महाराज की 145 वीं जयंती मनाई गई। रामनगर धोबी टोला कुडू मे आयोजित जयंती समारोह में पहुंचे धोबी महासंध के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि बाबा साहब हमारे लिए आदर्श थे। उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। बाबा संत गाडगे महाराज एक व्यक्ति नहीं विचारधारा का नाम था बाबा साहब संत गाडगे महाराज ने कहा था कि समाज का उत्थान बगैर जागरूकता के नही हो सकता है। बाबा ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा अपने हक तथा अधिकारो के लिए आगे बढ़ो। बाबा के बताए रास्ते पर चलते हुए अपने हक तथा अधिकार के लिए आगे बढ़ने की आवश्यकता है। धोबी समाज को उसका अधिकार तभी मिल सकता है जब समाज के लोग एक सुत्र में बंधते हुए आगे बढ़ेगे। बाबा संत गाडगे ने स्वच्छता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिया। बाबा साहब ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए काफी लम्बा संधर्ष किए थे। समाज का विकास बगैर शिक्षा के नही हो सकता है। समाज आज भी काफी पिछड़ा हुआ है। समाज को संगठित करने के लिए सभी को सामुहिक प्रयास करने की जरूरत है। इससे पहले बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए तथा दीप प्रज्वलित करते हुए नमन किया गया। बाबा संत गाडगे महाराज के चित्र के समक्ष केक काटते हुए जन्मदिन मनाया गया। मौके पर बच्चों के बीच टाफी तथा मिठाई का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रखंड के ककरगढ़, सलगी, सुंदरू, पंडरा, ओपा समेत अन्य गांवों मे धोबी महासंघ के द्वारा संत गाडगे महाराज की जयंती मनाई गई। मौके पर धोबी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार रजक प्रखंड अध्यक्ष जयधन बैठा, आरजू कुमार बैठा, गोविंद रजक, विष्णु बैठा,राजा बैठा, मोहित राज, आयुष कुमार राज, चंचला देवी, आरूचि कुमारी, अर्चना कुमारी, अंशिका कुमारी, आकाश रजक, अनीष रजक, जगबीर बैठा, सामू बैठा, राज बैठा,रंजन रजक, दिलिप बैठा, राजा कुमार, पचु बैठा, रामजीत बैठा, जितेंद्र रजक, सीताराम रजक, गौतम रजक, आकाश बैठा, रूणा बैठा, सुजित रजक, मनीष बैठा,सतम राज, विष्णु बैठा, शिवकुमार बैठा, अरबिंद कुमार बैठा, आरजू कुमार बैठा, उर्मिला देवी, रमेश बैठा, श्याम बैठा, अनिता देवी, कृष्णा बैठा, अभिषेक कुमार रिंकू, अधनु बैठा, राजू रंजन बैठा, शंकर बैठा, मनीष रजक, बिलखू बैठा, रौशन बैठा, रंजीत बैठा, सुभाष रजक सहित समाज के अन्य लोग शामिल थे।

## लालपुर गांव से एक 50 वर्षीय महिला का शव कुएं से मिला



**घाघरा।** घाघरा थाना छेत्र के लालपुर से पुलिस ने चिंतामुनी देवी 50 वर्ष का शव कुवें से बरामद किया। उसपर विगत ग्यारह दिनों से किसी की नजर नही पड़ी थी। ग्रामीणों ने बताया कि उसके पति की मौत करीब एक दशक पूर्व ही हो गयी थी। जिससे वह अपने घर मे अकेले ही रहती थी। उसका पुत्र रांची में रहकर काम करता था। चिंतामुनी गॉव में ही अपने पड़ोसी के यहां काम कर एवं बेटे के सहयोग से अपना भरण पोषण करती थी। पड़ोसी द्वारा ही उसका शव उसी के कुवें में देखे जाने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर पुलिस शव को कब्जे में कर थाना ले आयी है। समय से उसका बेटा रांची से नही पहुच सका जिससे उसका पोस्टमार्टम रविवार को नही हो सका।

### विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

# लाभार्थियों को दी गई विभिन्न योजनाओं का उपहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला प्रशासन गुमला के संयुक्त प्रयास से विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रमुख पारस नाथ उरांव, डालसा प्रतिनिधि छत्रपाल साहू, बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजूर और सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर डालसा के प्रतिनिधि छत्रपाल साहू ने लोगों को कानून संबंधी जानकारी दी और सामाजिक कुरीतियों से बचने की सलाह दी। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली सहायता योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी साझा की।



शिविर में प्रमुख, बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ, वेलफेयर इंस्पेक्टर और जेएसएलपीएस के बीपीएम ने अपने-अपने विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, प्रज्ज्वलित विहार संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों के पोषण आहार के प्रति जागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया गया, जिसमें उत्तरी भरनो और दक्षिणी भरनो आजीविका मिशन को जेएसएलपीएस द्वारा 56-56 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। 15 वृद्धजनों को पेंशन स्वीकृति पीपीओ, 15 मनरेगा जॉब कार्ड, 7 स्कूली बच्चों को साइकिल, 3 दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल और 2 को बैसाखी दी गई। 11 किसानों को केसीसी ऋण और एक आंगनबाड़ी केंद्र को स्मार्टफोन सौंपा गया।

इस अवसर पर बीएचओ अमरेश नारायण सिन्हा, पंसस बिरसा उरांव, उर्मिला जसवाल, आरती सिंह, आयता उरांव, ओनीमा बड़ा, अजय बेहरा, रोहित सारंगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### तेलंगाना टनल हादसा

# पिछले 72 घंटे से सुरंग में फंसे हैं अनुज साहू, परिजनों का रो रो कर है बुरा हाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबाटोली निवासी अनुज साहू 25 वर्ष पिछले 27 घंटे से सुरंग में फंसा हुवा है। अनुज के पिता रामप्रताप साहू ने बताया कि तेलंगाना के करनूल जिला के श्रीशैलम में सुरंग के निर्माण कार्य मे अनुज काम किया करता है। अनुज के साथ गॉव के ही गंदुर साहू, इंद्रदेव, सोनू एवं सुद्धेश्वर उरांव काम करते है। इन लोगों के द्वारा ही शनिवार को दस बजे पूर्वाह्न अनुज के सुरंग में फंस जाने की सूचना दूरभाष पर मिली।

### अनुज तीन वर्ष पूर्व से वहां काम कर रहा है पिता रामप्रताप साहू

ने बताया कि अनुज नवम्बर 2024 में अपने घर आया था तथा एक महीने घर मे रहने के उपरांत पुनः काम करने वहां गया था। गुरुवार की शाम को अंतिम बार अनुज से परिजनों की बात हुवी थी



उसके बाद अनुज से बात नही हो पाई है। अनुज के पिता रामप्रताप भी दो वर्ष पूर्व सुरंग में काम कर चुके है उस समय अनुज भी साथ काम करने गया था लेकिन वह सुरंग के बजाय बाहर में काम करता था। मां गायत्री देवी ने बताई की अनुज मार्च में घर आने वाला था। पिता ने बताया कि 44 किलोमीटर सुरंग का निर्माण कार्य वर्षों से श्रीशैलम में चल रहा है और सुरंग का निर्माण कार्य दोनो छोर से हो रहा है। उन्होंने बताया कि सुरंग का निर्माण कार्य जयप्रकाश इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। अनुज अपने पिता का सबसे बड़ा पुत्र है। जबकि मंझला भाई अरुण बंगलोर के एक कम्पनी में काम करता है और अनुज का सबसे छोटा भाई अमर गॉव के पास ही बरवाटोली में कक्षा नवम का छात्र है। इधर शनिवार को घटना की सूचना मिलने पर अनुज के माँ, बाप, भाई एवं नाना का रो - रो कर बुरा हाल है। गांव के कई महिला पुरुष उनके घर जाकर उन्हें अनुज के ठीक होने की बात कह दिलासा देने में लगे है। इधर घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार सदल अनुज के घर पहुँच परिजनों को ढांढ़स देने का काम कर रहे है।

# चैनपुर प्रखण्ड में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड परिसर के कौशल विकास भवन में रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुमला जिला के वकील अरुण कुमार, राजनयण नाग, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचल अधिकारी दिनेश कुमार, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, और उपप्रमुख प्रमोद खलखो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया।कार्यक्रम की शुरूआत में जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान कानूनी हक और अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें मोटर वाहन नियम और कानूनी सलाह भी शामिल थी। कार्यक्रम में कई लाभकारी योजनाओं का भी लाभ सीधे जनता तक पहुंचाया गया। कुल तीन लाख पचास हजार रूपए के केसीसी के तहत पंद्रह लाभुकों को पेंशन कार्ड, पांच व्यक्तियों को जॉब कार्ड, दो केश मोटेशन पेपर और अट्ठाईस विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की गई। इसके अलावा, ट्रायसिकल भी पांच लोगों को वितरित की गई।पशुपालन विभाग द्वारा किसानों के बीच बकरियों का वितरण किया गया, जबकि लघु एवं कुटीर उद्यम विभाग से टूल किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में चैनपुर संकुल संगठन के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को जेंडर रिसोर्स सेंटर हेतु स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के खर्च के लिए 300000/- रुपये का डमी चेक प्रदान किया गया।इस अवसर पर मुखिया शोभा देवी, मधुरा मिंज, बीपीएम बबिता बड़ाईक, सीआई मुनेश्वर सिंह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हुलास प्रसाद, पीएलभी आरिफ अंसारी, विष्णु रौतिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह कार्यक्रम सामुदायिक उत्थान और कानूनी जागरूकता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई।

## गूंजा भक्तिरस, हरिद्वार से पहुँचा ज्योति कलश रथ, भव्य स्वागत

**लोहरदगा।** गायत्री परिवार के तत्वावधान में रविवार को कैरो मुख्यालय दुगार्बाड़ी भवन परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब हरिद्वार से पहुँचा ज्योति कलश रथ। रथ के आगमन के साथ ही पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो उठा। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक देवी-देवताओं की आराधना की, भजन-कीर्तन गाए और सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का उच्चारण कर आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण किया।ज्योति कलश रथ के दुर्गा वाड़ी भवन परिसर में पहुँचते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्तिभाव से देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। संतो के सान्निध्य में पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चारण और भजन-कीर्तन हुआ। श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में डूब गए। इस पावन अवसर पर हरिद्वार से आए संतों ने अपने प्रवचनों के माध्यम से मानवता, आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया।हरिद्वार से आए संत इंद्रदेव पंडित ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा मानवता के बने पुजारी, यही है योजना हमारी। उन्होंने बताया कि इस ज्योति कलश रथ यात्रा का उद्देश्य स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन और सभ्य समाज का निर्माण करना है।

### भरनो में पुलिस ने ग्रामीणों संग की बैठक

# डायन प्रथा, मानव तस्करी व साइबर अपराध पर दिया जागरूकता संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड के करंज थाना अंतर्गत मालादोंन एवं लोंडरा गांव में करंज पुलिस द्वारा ग्रामीणों के साथ एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में डायन प्रथा, मानव तस्करी, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, डिजिटल अरेस्ट, अफीम की खेती की रोकथाम और अफवाहों से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

थाना प्रभारी आशीष केशरी की अगुवाई में पुलिस ने ग्रामीणों को समाज में फैली कुरीतियों से बचने और कानून का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि डायन प्रथा अंधविश्वास पर आधारित एक गंभीर अपराध है, जिससे समाज को मुक्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। साथ ही, मानव तस्करी के बढ़ते खतरे पर भी प्रकाश डाला गया और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई।

बैठक में साइबर अपराध और डिजिटल ठगी से बचाव के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि अज्ञात कॉल, फर्जी लिंक और बैंकिंग धोखाधड़ी से कैसे बचा जाए। पुलिस ने यह भी समझाया कि क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं और इसमें ग्रामीणों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

इसके अलावा, सड़क सुरक्षा को लेकर भी जागरूक किया गया, जिसमें हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग, यातायात नियमों का पालन और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर जानकारी दी गई। पुलिस ने लोगों को अफवाहों से बचने और बिना पुष्टि किए किसी भी सूचना को न फैलाने की हिदायत दी।

ग्रामीणों को इमरजेंसी हेल्पलाइन डायल 112 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त कर सकें। बैठक में थाना प्रभारी आशीष केशरी सहित अन्य पुलिस कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पेशा कानून-1996 को लागू करे वरना आंदोलन के लिए है तैयार : अरविंद

**लोहरदगा।** आदिवासी समन्वय समिति लोहरदगा द्वारा आहूत आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों पर पर प्रखंडवार एवं जिला में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भण्डरा प्रखंड मुख्यालय में 25 फरवरी 2025 को कार्यक्रम होना तय हो चुका है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रविवार को भण्डरा प्रखंड के मसमानो पंचायत भवन के पास ग्राम प्रधान की अगुवाई में बैठक हुआ । बैठक में गाँव के सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि हेमन्त सोरेन सरकार जल्द से पेशा कानून-1996 को लागू करे वरना हम आन्दोलन के लिए तैयार हैं । बैठक में राजी पड़हा बेल लक्ष्मी नारायण भगत ने बताया कि रूढ़िवादी प्रथा को, हमारी भाषा संसकृति को बचा के रखना है । सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उराँव ने सभी लोगों से अपील किया कि 25 फरवरी को प्रखण्ड मुख्यालय ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हो। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उराँव, विजय उराँव, विनोद उराँव, साधो उराँव, कुलदीप उराँव, मंगरा भगत, राजू उराँव, हरि उराँव, महादेव भगत सहित अच्छी संख्या में महिला उपस्थित थी ।

# 29 छात्रों को मिली साइकिल, छात्रों के खिले चेहरे

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में शिक्षा को बढ़ावा देने और स्कूली छात्रों की सुविधा के लिए 29 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय के 11 छात्र और 18 छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। साइकिल पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने बताया कि पहले उन्हें स्कूल आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और पैदल सफर के कारण वे



अक्सर देरी से पहुंचते थे। लेकिन अब साइकिल मिलने से न केवल उनका समय बचेगा, बल्कि वे पढ़ाई में भी अधिक ध्यान दे सकेंगे। इस वितरण कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, प्रखंड उप प्रमुख प्रमोद खलखो, स्कूल प्रधानाचार्य जगरानी कुजूर और कई शिक्षक उपस्थित रहे। इस पहल से न केवल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि छात्रों की उपस्थिति और शैक्षणिक प्रदर्शन में भी सुधार होगा।

## शिवरात्रि के मौके पर हरिकीर्तन एवं यज्ञ का आयोजन

**बानो।** बानो प्रखंड के केतुंगाधाम मे केतुंगा न्यास समिति के द्वारा तीन दिवसीय अंखड हरि कीर्तन सह यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 25 फरवरी को अधिवास व कलश यात्रा निकाली जायेगी। 26 फरवरी को अंखड हरिकीर्तन नमाकरण के साथ आरंभ किया जायेगा।। 27 फरवरी को नगरभ्रमण व पुणार्हुति कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नामांकन जांच परीक्षा संपन्न, जल्द घोषित होंगे परिणाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नामांकन जांच परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने परीक्षा में



शामिल सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम जल्द घोषित किए जाएंगे और सफल विद्यार्थियों का नामांकन किया जाएगा। परीक्षा परिणाम की जानकारी विद्यालय के नोटिस बोर्ड और फोन के माध्यम से अभिभावकों को दी जाएगी।

# चैनपुर प्रखंड में युवा संघ नेआयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में चैनपुर की हुई शानदार जीत



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में युवा संघ द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें चैनपुर और कतरी के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। इस मैच में चैनपुर ने 98 रन बनाकर जीत हासिल की। टूर्नामेंट का संचालन नेफाज खान, खुर्शीद खान, मुश्ताक खान, अजमल खान, उस्मान खान, महमूद खान और अमित बड़ द्वारा किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 85 टीमों ने भाग लिया, जो स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं के बीच प्रतिस्पर्धा को दशार्ता है। चैनपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले स्थान पर रही, जिसके लिए उन्हें 25,000 रुपए की पुरस्कार राशि और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। वहीं, कतरी की टीम को दूसरे स्थान के लिए 15,000 रुपए और ट्रॉफी दी गई। चैनपुर के क्रिकेट खिलाड़ी अजमल खान ने बताया, चैनपुर प्रखंड में प्रतिभा की कमी नहीं है। हम सभी खिलाड़ियों को नशा-पान से दूर रहकर खेल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हमारा लक्ष्य है कि हम अपनी प्रतिभा को निखारें और सभी को बाहर खेलने का मौका मिले। इस टूर्नामेंट ने न केवल खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया, बल्कि स्थानीय क्रिकेट को भी एक नई पहचान दी। युवा संघ के प्रयासों से चैनपुर प्रखंड में क्रिकेट के प्रति उत्साह और जागरूकता बढ़ी है।इस प्रकार, चैनपुर की जीत ने न केवल उनके कौशल को दशार्या, बल्कि भविष्य के लिए एक प्रेरणा भी बनी है। सभी खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और अब सभी की नजरें अगली प्रतियोगिताओं पर टिकी हुई हैं।

### डालसा व जिला प्रशासन ने विधिक सशक्तिकरण शिविर का किया आयोजन

# लाखों की परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार रांची एवं जिला प्रशासन गुमला के तत्वाधान में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन का रविवार को किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कुटुंब न्यायालय गुमला के प्रधान न्यायाधीश ओम प्रकाश, कानूनी सलाहकार बुंदेश्वर गोप, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल, अधिवक्ता शारदा पांडे के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने प्रधान न्यायाधीश ओम प्रकाश को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण युवा अधिकारियों एवं प्रखंड कर्मियों को संबोधित करते हुए कानूनी सलाहकार बिंदेश्वर गोप ने बतलाया कि सरकार के निदेर्शानुसार डालसा एवं जिला प्रशासन गुमला के द्वारा



गुमला जिले की सभी प्रखंडों में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम के तहत समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना एवं योजनाओं की जानकारी तथा कानून की जानकारी से अवगत करना प्रमुख उद्देश्य है साथी उन्होंने सरकार द्वारा चल रही सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी एवं कई कानून संबंधी जानकारियां भी उन्होंने लोगों के समक्ष साझा किया।

वही इस अवसर पर अधिवक्ता शारदा पांडे ने घरेलू हिंसा, बाल मजदूरी, दहेज प्रताड़ना, एवं डायन बिसाही के बारे में तथा इन समस्याओं के लिए कानूनी सहायता के बारे में विस्तृत रूप से बतलाया। वही अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने जमीन विवाद एवं उनके समस्या हेतु कानूनी सहायता के के लिए विस्तृत जानकारी प्रदान किया। साथ ही अंचल द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदाओं पर मिलने वाली मुआवजा एवं उनके मुआवजा राशि के बारे में बताया। इसके बाद आवास संबंधी योजना की जानकारी देते हुए आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा मिलने वाली विभिन्न प्रकार के आवास एवं उनके राशि के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम आवास के लिए अभी सर्वे का कार्य चल रहा है सभी जरूरतमंद लोग पंचायत सचिव से पीएम आवास के लिए सर्वे अवश्य करने का अपील किया। इसके बाद मुख्य अतिथियों के हाथों जेएसएस पीस के द्वारा आजीविका मिशन के लिए निर्गत किए गए 18 लख रुपए का चेक का डेमो 3 महिला मंडलों को दिया गया। आवास योजना के तहत 30 लाभुकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया सर्वजन पेंशन योजना के तहत 17 लाभुकों को प्रमाण पत्र दिया गया कृषि विभाग के माध्यम से अच्छा किसानों को केसीसी लोन निर्गत किया गया बाल विकास परियोजना के द्वारा सावित्रीबाई फूलों किशोरी समृद्धि योजना के तहत 6 लाभुकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया साथ ही चार दिव्यांग को बैसाखी वह ट्राई साइकिल प्रदान किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से सभी विभाग के प्रतिनिधि एवं घाघरा प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

सदा अपने मन की पृष्ठभूमि में अपने प्रिय परमपिता को संबोधित कर, एक भक्ति गीत यह याद रखते हुए गुनगुनाते रहिए कि आपकी समस्त क्षमताएं उनके ही उपहार हैं। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# छोटे लाभ के लिए जलते अमूल्य जंगल

झारखंड में महुआ चुनने में आसानी के लिए वनों में आग लगाने की पुरानी कुपरंपरा है। कुछ लोग जंगलों में काम करने के लिए भी आग लगाते हैं। वन सर्वेक्षण विभाग के अनुसार, इस साल अब तक वनाग्नि की घटनाओं में कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तराखंड शीर्ष पर चल रहे थे, लेकिन फरवरी शुरू होते ही उत्तराखंड ने इन राज्यों पर बढ़त ले ली है। वनाग्नि हमारे देश में वनों के क्षय के प्रमुख कारणों में से एक है। इससे बहुमूल्य वन संसाधन और कार्बन स्टॉक नष्ट हो जाते हैं। यह आपदा छोटे और रेंगने वाले जीवों के लिए विनाशकारी साबित होती है। यह पर्यावरण के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वनों को धरती का फेफड़ा माना जाता है। जब फेफड़ा ही जलने लगे, तो धरतीवासियों की सांसों की कल्पना ही की जा सकती है! भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, भारत के कुल वन क्षेत्र का 36 प्रतिशत भाग बार-बार लगने वाली आग के प्रति संवेदनशील पाया गया है। इसके अलावा, चार प्रतिशत वन क्षेत्र अत्यधिक अग्नि संभावित और छह प्रतिशत वन क्षेत्र बहुत अधिक अग्नि संभावित हैं। देश के एक दर्जन से अधिक राज्यों में हर साल वनाग्नियां बड़े क्षेत्रों को प्रभावित करती हैं। भले ही अब वन राज्य क्षेत्र से हटकर समवर्ती सूची में आ गए हैं, फिर भी वनों की सुरक्षा का मुख्य दायित्व राज्य सरकारों का ही है। केंद्र सरकार केवल आर्थिक मदद और अनुसंधान के लिए टेक्निकल सपोर्ट और सूचना आदि ही दे सकती है। लेकिन राज्य सरकारें कितनी चिंतित हैं, यह जानने के लिए जब हम 71 प्रतिशत वनावरण वाले उत्तराखंड के वन विभाग के वनाग्नि डैशबोर्ड पर जाते हैं, तो विभाग वनों और खासकर वृक्ष निधि के प्रति तो गंभीर नजर आता है, पर कुल पर्यावरण और वन्यजीव सुरक्षा के प्रति उसकी चिंता कहीं नजर नहीं आती। इस डैशबोर्ड के अनुसार, एक नवंबर, 2024 से छह फरवरी, 2025 तक वनाग्नि की 16 घटनाएं हुई हैं, जिससे 35.1 हेक्टेयर वन क्षेत्र जला है, जिसमें 2.5 हेक्टेयर पर पौधरोपण प्रभावित होने के साथ कुल 36,900 रुपये की हानि हुई। लेकिन वन्यजीवों की कोई हानि नहीं हुई। हैरानी की बात है कि इतना बड़ा वन क्षेत्र जल गया, मगर एक चींटी तक नहीं मरी, जबकि वनों में असंख्य जीव पाए जाते हैं, जिनमें कीट, रीढ़धारी, अरीढ़धारी, सरीसृप और अन्य कई प्रजातियां शामिल हैं। ये सभी जैव विविधता बनाए रखने और पारिस्थितिक संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वनाग्नि वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि, मृदा क्षरण और जल संकट को बढ़ाती है। वनाग्नि के कारण भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित होती हैं, जो जलवायु परिवर्तन की गति बढ़ाती हैं। पेड़-पौधे और वन्यजीवों के जलकर नष्ट होने से जैव विविधता को भारी क्षति होती है। कई दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियां समाप्त होने के कगार पर आ जाती हैं और पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ जाता है। वनस्पति और जीव एक-दूसरे के पूरक होते हैं। इसलिए वनाग्नि के नुकसान में केवल पेड़ों की क्षति नहीं, बल्कि संपूर्ण पर्यावरण के नुकसान को ध्यान में रखा जाना चाहिए। इस संकट से निपटने, इसकी रोकथाम और प्रभावी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों, सटीक निगरानी प्रणाली और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

*देश के एक दर्जन से अधिक राज्यों में हर साल वनाग्नियां बड़े क्षेत्रों को प्रभावित करती हैं।*

# व्यक्ति के अच्छा होने की वेदना



समाज में जब बुरा होना अच्छा माना जाता है तो हम अच्छा क्यों बनें ? अच्छे लोगों के साथ हमेशा बुरा क्यों होता है ? ऐसे समाज में जहाँ लोग बुरे काम करके बच निकलते हैं, वहाँ लोगों को सदाचार पर कौन विश्वास करेगा ? क्या एक बुरा व्यक्ति कभी अच्छा नहीं हो सकता है ? क्या सभी बुराइयों में एक निश्चित मात्रा में अच्छाई नहीं होती और सभी अच्छाइयों में एक निश्चित मात्रा में बुराई नहीं होती ? हमारे आस-पास की दुनिया में लोग जीवन को इतना जटिल और अबूझ क्यों बनाते है कि अच्छा बने रहने ही दुखदायी हो जाए। समाज में सबसे बड़ा खतरा उस पाखंड से है, जो हरेक चेहरे के पीछे कुछ होता है लेकिन दिखाता कुछ और है।

यही कारण है कि वर्तमान समाज पर मूल्यहीनता और नैतिक विफलताओं का जो आवरण है, वह न केवल बहुत गहरा है बल्कि अपारदर्शी है। आप किसी के भोलेपन पर सहज विश्वास कर सकते है लेकिन यह शायद सही नहीं हो। समाज में फैली ऐसी अबूझ संबंध और अपारदर्शी मूल्य को अधिक गहराई से समझने के लिए महाभारत की कथाएं बहुत उपयोगी बनती है। "द डिफिकल्टी ऑफ बीइंग गुड में " गुरचरण दास इन सवालों के जवाब खोजते हैं। कोई व्यक्ति गलत रास्ते पर क्यों भटक जाता है ? दुर्योधन के लिए ईर्ष्या उसके चाचा शकुनि का उस पर प्रभाव था। हम भी क्या ऐसे ही किसी के सलाह पर गलत रास्ते पर नहीं चल पड़ते है। आखिर एक सरल आत्मा जब जटिल बन जाए तो, यह मानना पड़ता है कि हमारे रिलेशन का प्रभाव हमारे आसपास के पर्यावरण पर पड़ता है। धृतराष्ट्र के लिए यह ईर्ष्या उसकी असुरक्षा थी। असुरक्षा आज हरपल है तो क्या हम दूसरे को कष्ट देंगे ? कर्ण के लिए ईर्ष्या, यह अपनी पहचान की खोज थी। आखिर हम अपनी ईर्ष्या, अपनी पहचान और अपनी असुरक्षा के लिए दूसरे के प्रति इतना कठोर कैसे हो सकेत है? हम आत्मचिंतन कभी नहीं करना चाहते है और सोचते है कि सब सही है।

नैतिक दुविधाओं के समय ही व्यक्ति को तौलना आसान होता है, इस आधार पर नहीं कि कौन नैतिक है बल्कि इस आधार पर कि कौन हमारे करीब है। हमें यह भी सोचना चाहिए कि गलत होने पर हमारा क्या रूख होना चाहिए ? क्या कोई माफ करता है या बदला लेता है ? क्या सहनशीलता की कोई सीमा होती है ? युधिष्ठिर ने सब कुछ खो देने के बाद भी युद्ध का विरोध किया। लेकिन उनकी अच्छाई का बहुत अधिक दोहन किया गया। भावनाएं एवं परिस्थितियां किसी को आसानी से सही रास्ते से भटकाने की शक्ति रखती हैं। लेकिन आत्म-चिंतन कर हम इससे बच सकते है और अपना बहुत समय बर्बाद होने से बचा सकते है। महाभारत के प्रमुख पात्र एक महत्वपूर्ण नैतिक विफलता या गुण का प्रतीक है, और उनके संघर्ष अनोखी सटीकता के साथ हमारी अपनी परिचित भावनाओं जैसे चिंता, साहस, निराशा, पश्चाताप, ईर्ष्या, करुणा, प्रतिशोध और कर्तव्य को प्रतिबिंबित करते हैं। आज की जटिल दुनिया में नैतिक और नैतिक दुविधाओं का सामना करने वाले सभी लोगों के लिए सबक हैं। हमें यह समझना होगा कि हम भोलेपन की चादर ओढ़कर कुछ समय के लिए अच्छा बने रह सकते है लेकिन अंततः सत्य की जीत होती है।

सबसे दुखद यह लगता है कि हम गलत पर दांव लगाने के पहले अपना विवेक कैसे खो देते हैं। तभी महाभारत का द्रौपदी प्रसंग स्मरण हो जाता है, जब ईमानदार लोग गलत के खिलाफ बोलने के अपने कर्तव्यों में विफल होते हैं, तो वे धर्म को घायल करते हैं और दंड के पात्र होते हैं। दुनिया अपूर्ण होने के लिए बनी है। और हम कैसे अभी भी अच्छे हो सकते हैं और परिस्थितियों को हमारे लिए परिभाषित करने के बजाय हम जो बनना चाहते हैं उसे तराश सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम दूसरों के साथ अच्छा करे लेकिन केवल उस हद तक जहाँ अच्छाई से चोट न लगे। युधिष्ठिर अच्छे थे लेकिन उन्हें एहसास हुआ कि उनकी अच्छाई का बहुत अधिक शोषण किया जा रहा है और यह गलत संदेश दे रहा था। युद्ध में जाने का उनका अंतिम निर्णय यह संदेश देना था कि अच्छाई का बहुत अधिक शोषण नहीं किया जाना चाहिए।

किसी भी व्यक्ति को दूसरे के साथ ऐसा नहीं करना चाहिए जो उसके लिए प्रतिकूल हो। यदि आप स्वयं पीड़ित हों तो आपको कैसा लगेगा ? क्या जब हम दुविधा में हो, तो सही व्यक्ति या समय का चुनाव नहीं करना चाहिए। महाभारत में अर्जुन ही ऐसा पात्र है जिसे पता था कि वह युद्ध करेगा, तो अपने ही प्रियजनों, गुरुओं, परिवार के सदस्यों को मार डालेगा। लेकिन कृष्ण उसे समझाते हैं, ऐसे समय में ही व्यक्ति के सच्चे चरित्र की परीक्षा होती है। अर्जुन को अपने लिए नहीं बल्कि धर्म के लिए युद्ध करना चाहिए। कई बार जब हम किसी के साथ गलत करते हैं, तो हमें पछतावा होता है, लेकिन पश्चाताप नहीं। हम अपने गलत कामों के लिए तर्कसंगत स्पष्टीकरण खोजने की कोशिश करते हैं, इसके लिए परिस्थितियों या लोगों को दोषी ठहराते हैं। पश्चाताप तब होता है जब आप साथी मनुष्य के दुख को एक हद तक महसूस करते हैं, जहाँ दुख आपका अपना हो जाता है। एक अच्छा व्यक्ति बनने की प्रक्रिया एक कला है। प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह कोई भी हो, उसे अपने कार्यों, अपने निर्णयों के परिणामों से निपटना पड़ता है। अपने प्रति समर्पित किसी व्यक्ति को त्यागना एक अथाह बुराई है। युधिष्ठिर ने एक आवारा कुत्ते को भी नहीं छोड़ा, क्योंकि वह कुत्ता राजा के प्रति वफादार था, और अंततः उसके लिए स्वर्ग के द्वार खुल गए। यह याद रखना चाहिए कि जब हम आंतरिक रूप से बदलते हैं, तो वह बाहरी वास्तविकता को बदल देता है। जॉन जांडे ने एक किताब लिखी-ऑन दी प्रॉब्लम ऑफ गुड। इसमें कहते है कि सृष्टि के माध्यम से जो बुराई बढ़ रही है, वह किसी उद्देश्य से बढ़ रही और यह विकसित हो रही है। हम जो कुछ भी अच्छाई के बारे में सोचते हैं वह एक भ्रम है, कि इसका अंत बुराई है। कुछ भी अच्छा नहीं है। सभी दर्द और पीड़ा का अनुभव करने के अवसर हैं।

क्या सभी अच्छाई एक क्षणिक है। जिसे जीवन में हम अच्छा कहते है, वह एक भ्रम है और कुछ भी अंततः अच्छा नहीं है। समय के पहिया पर दर्द और बुराई अस्तित्व का आधार है। जो अच्छाई दिखायी देती है, वह मृगमरीचिका है। ब्रह्मांड में हर जगह मजबूत दांत और पंजेवाला फुर्तीला व्यक्ति या जानवर एक कमजोर को जबड़े में जकड़ने का अवसर देखता रहता हैं जब तक कि उनका जीवन ही समाप्त न हो जाए। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर साइमन ब्लैकबर्न ने अपनी किताब ब्यिंग गुड में लिखते है कि बुद्धि और शिष्टता के साथ नैतिकता का बेहद महत्व है। नैतिकता न तो निरर्थक है और न ही अप्रासंगिक, बल्कि जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों का एक अंतरंग हिस्सा है - जन्म, मृत्यु, खुशी, इच्छा, स्वतंत्रता, आनंद और न्याय। इन सबके साथ। अंतरात्मा की आवाज, आत्मसंतुष्टि के नुकसान और सत्य, ज्ञान और मानव प्रगति के बारे में हमारी चिंताओं की कालातीत प्रासंगिकता को हमारी नैतिकता ही रेखांकित करती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**डॉ मयंक मुरारी**

कृति चर्चा

# दिलकश गजलों का अनुपम संकलन

2024 की दिलकश ग़ज़लें' बज़्मे-हफ़ीज़ बनारसी, पटना के चेयरपर्सन रमेश कँवल द्वारा संकलित एवं संपादित एक अनुपम ग़ज़ल संकलन है। रमेश कँवल एक समर्थ ग़ज़लकार ही नहीं, शायरी के प्रति निष्ठा रखनेवाले कुशल संपादक भी हैं। इनके द्वारा संपादित कई किताबें चर्चित रही हैं। जिनमें 'अमृत महोत्सव की ग़ज़लें', 'एक रुक्नी अनूठी ग़ज़लें', 'इक्कीसवीं सदी के इक्कीसवें साल की बेहतरीन ग़ज़लें' और '2020 की नुमाइंदा ग़ज़लें' उल्लेखनीय हैं। नवीनतम किताब '2024 की दिलकश ग़ज़लें' हर दृष्टि से एक उम्दा संकलन है। बेहतरीन संपादन है। उत्कृष्ट शायरी है। कुल 710 पृष्ठों की इस किताब में 95 ख्यातिलब्ध ग़ज़लकारों की 876 ग़ज़लें संकलित हैं। श्वेतवर्णा प्रकाशन से छपी इस किताब का डिजाइन, पृष्ठसज्जा, रंग-रूप और छपाई आकर्षक है। पुस्तक पर की गयी अथक मेहनत का आभास इसे हाथ में लेते ही हो जाता है। ग़ज़लों की अनुक्रमणिका दो प्रकार से बनाई गई है। पहली अनुक्रमणिका में ग़ज़लों के मतला के मिसरा-ए-उला को वर्णक्रमानुसार सजाया गया है तथा दूसरी अनुक्रमणिका में ग़ज़लकारों के नाम वर्णक्रम में व्यवस्थित कर रखे गए हैं। बहर ग़ज़ल की एक अनिवार्य विशेषता है। इसे ग़ज़ल की रूह भी कहा जा सकता है। जिस लय पर गज़ल कही जाती है या जिस अरकान पर गज़ल लिखी जाती है उसे बहर कहते हैं। इस किताब में 2024 को दृष्टि में रखकर 24 लय समृद्ध बहरों में ग़ज़लें कहीं गईं हैं। यशस्वी ग़ज़लकार ओम प्रकाश खींची दिल सीकरी ने उन 24 बहरों का विस्तार से वर्णन किया है। साथ ही उन बहरों में कही गई ग़ज़लों और फ़िल्मी तरानों का उदाहरण देकर समझाया गया है। संकलन की ग़ज़लें विविधताओं से परिपूर्ण हैं। ग़ज़लों का इंद्रधनुषी रंग प्रभावित करता है। इन ग़ज़लों में प्रेम, समाज, मानवीय वेदना, राजनीति- सब कुछ हैं। इनमें यथार्थ बोधक तत्वों की प्रचुरता है, जिसे पढ़ कर अनुभूति की गहराई के साथ अभिव्यक्ति की ताज़गी का अहसास होता है। यह संकलन कई मायनों में अनूठा भी है। इसमें सम्मिलित शायरों और शाइरात के रंगीन फ़ोटो प्रकाशित हैं। साथ ही उनके जीवन साथी के साथ रंगीन युगल फ़ोटो और पत्नी/पति को समर्पित शे'र भी दिए गए हैं। संकलन के अन्त में ग़ज़लकारों का परिचय-विवरण दिया गया है। सभी ग़ज़लकार एक से बढ़कर एक हैं। कोई किसी से कमतर नहीं हैं। गज़ल कहने का सब का अंदाज़ और तेवर जुदा है। कुल मिला कर यह एक संग्रहणीय ग़ज़ल संग्रह है जिसे पढ़ कर गज़ल प्रेमियों को आनंद की अनुभूति होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**हिमकर श्याम**

# कानून के जानकार व सादगी के प्रतिमूर्ति थे प्रो विष्णु चरण महतो

छोटानागपुर विधि महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं सिल्ली प्रखंड के प्रथम प्रमुख स्व. प्रो. विष्णु चरण महतो कानून के ज्ञाता के साथ ही उच्च विचार और सादगी के प्रतिमूर्ति थे। प्रो. महतो आजीवन गरीबों की सेवा एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया। इसी का परिणाम है कि आज भी झारखंड खासकर रांची जिले, की जनता एक बुद्धिजीवी, समाज सुधारक, कुरमाली भाषा के अस्तित्व के रक्षक एवं न्यायप्रिय नेता के रूप में याद करती है। प्रो. विष्ण चरण महतो का जन्म सिल्ली प्रखंड के कांटाडीह गांव में 23 फरवरी 1926 को एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। स्व. महतो बचपन से ही एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी थे। उन्होंने रांची जिला स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए वे पटना चले गये। उन्होंने आईए एवं बीए की पढ़ाई पटना विश्वविद्यालय से पूरी की थी। स्नातक के बाद एमए की पढ़ाई के लिए बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, लेकिन कानून के प्रति विशेष रूचि के कारण वह पटना विधि विश्वविद्यालय में नामांकन कराया और वहीं स्नातक विधि की परीक्षा पास की। इसके बाद पटना उच्च न्यायालय के कार्यालय में उनकी नियुक्ति हुई, लेकिन वकालत करने के उद्देश्य से वह रांची वापस आ गये। रांची में वह पुरुलिया रोड स्थित अपने निजी मकान में रहते थे। यहीं रहकर वह वकालत करने के साथ ही छोटानागपुर विधि महाविद्यालय में अध्यापन का भी कार्य करते थे। स्व. महतो झारखण्ड आन्दोलन में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। मारांग गोमके जयपाल सिंह के आह्वान पर न सिर्फ आंदोलन में कूद पड़े बल्कि उस आंदोलन में बढ़-चढ़ कर मारांग गोमके के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भाग लिया। स्व. महतो ने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी के टिकट पर 1952 एवं 1957 में चुनाव लड़ा। दोनों ही बार उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार को जबरदस्त टक्कर दी, लेकिन दोनों ही बार मामूली वोट के अन्तर से हार गये। स्व. महतो के लिए चुनाव हारना कोई मायने नहीं रखता था। चुनाव हारने के बाद भी उनके चेहरे पर हमेशा योद्धाभाव झलकता रहता था। स्व. महतो शिक्षा के विकास पर बहुत जोर देते थे। उनका मानना था कि शिक्षा के विकास के बिना समाज का विकास नहीं हो सकता है। उनके सम्पर्क में जो भी लोग आते थे उनसे वह अक्सर कहा करते थे "सूखी रोटी खाओ, माड़-भात खाओ, लाल चाय पियो, लेकिन अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा देने का कार्य करो"। नारी शिक्षा पर भी वह विशेष रूप से जोर देते थे। उनका मानना था कि इससे स्त्रियों में आत्म विश्वास बढ़ेगा, स्वावलंबी बनेंगी तथा अपने पैरों पर खड़ा होकर घर-परिवार का कायाकल्प करेंगी। स्व. महतो ने सिल्ली प्रखंड प्रमुख रहते हुए कई कार्य किए। सिंगपुर से अपने गांव कांटाडीह तक श्रमदान से सड़क बनवायी, गांव में बिजली पहुंचायी। किसानों के लिए लिफ्ट एरिगेशन के तहत सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध करवायी। स्व. महतो ने तत्कालीन जिला बोर्ड के उपाध्यक्ष पॉल दयाल के सहयोग से सिल्ली क्षेत्र के सैकड़ों बेरोजगार युवकों को शिक्षक की नौकरी दिलायी थी। इसके साथ ही सिंगपुर (मुरी) में भारत माता अस्पताल के निर्माण के लिए अपनी जमीन दान में दी थी। स्व. महतो कुरमाली भाषा के विकास लिए भी जीवन पर्यन्त कार्य करते रहे। वह हमेशा कुरमाली भाषा की चिंता करने वाले नवयुवकों से घिरे रहते थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



आपकी बात



**मृत्युंजय प्रसाद**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

अहंकार करने चला, अहंकार से युद्ध।
अहंकार होता नहीं, अहंकार से शुद्ध।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मातृभाषा को बचाना एक नैतिक जिम्मेदारी

भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान की वाहक होती है। हर भाषा में उस समाज की सोच, भावनाएँ और इतिहास संचित रहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का उद्देश्य भाषाई विविधता को संरक्षित करना और भाषाओं के अस्तित्व को बनाए रखना है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1999 में यूनेस्को द्वारा की गई थी, और 2000 से इसे आधिकारिक रूप से मनाया जाने लगा। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना तथा लुप्त होती भाषाओं के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस दिवस की प्रेरणा बांग्लादेश से मिली, जहाँ 21 फरवरी 1952 को भाषा आंदोलन के दौरान कई विद्यार्थियों ने अपनी मातृभाषा बंगाली के अधिकार की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए थे। उनकी स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। झारखंड, जो अपनी सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, यहाँ अनेक भाषाएँ और बोलियाँ प्रचलित हैं, जैसे - अंगिका, संथाली, नागपुरी, मुंडारी, हो, खड़िया, कुरमाली और पंचपड़गानिया। ये बोलियां सदियों से यहाँ के लोगों की पहचान रही हैं, लेकिन वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अंग्रेजी और अन्य प्रमुख भाषाओं के बढ़ते प्रभाव के कारण इन भाषाओं का अस्तित्व संकट में है। भाषाओं का लुप्त होना न केवल सांस्कृतिक क्षति है, बल्कि यह एक समाज के अस्तित्व पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जब कोई समाज अपनी मातृभाषा से विमुख हो जाता है, तो उसकी सांस्कृतिक जड़ें कमजोर होने लगती हैं। आज के आधुनिक युग में अंग्रेजी को शिक्षा, व्यवसाय और संचार का प्रमुख माध्यम बना दिया गया है, जिससे क्षेत्रीय भाषाओं को खतरा उत्पन्न हो रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में हमारी आने वाली पीढ़ियाँ अपनी मातृभाषा को भूल जाएँगी और हम अपनी सांस्कृतिक पहचान खो देंगे। युवा वर्ग किसी भी समाज का भविष्य होता है। यदि वे अपनी मातृभाषा के संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं होंगे, तो आने वाले समय में भाषाई विविधता का ह्रास निश्चित है। इसके लिए आवश्यक है कि युवा अपनी मातृभाषा में संवाद करें। घर, विद्यालय और सामाजिक परिवेश में अपनी मातृभाषा का अधिकतम प्रयोग करें। स्थानीय साहित्य और लोकसंस्कृति को बढ़ावा दें। स्थानीय कविताओं, लोकगीतों, कथाओं और साहित्य को पढ़ें और उनके प्रचार-प्रसार में सहयोग दें। डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें। सोशल मीडिया, ब्लॉग, यूट्यूब जैसे प्लेटफार्मों पर अपनी मातृभाषा में सामग्री तैयार करें और साझा करें। शिक्षा में मातृभाषा को प्राथमिकता दें। विद्यालयों में मातृभाषा को अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाने की मांग करें। भाषाओं के संरक्षण के लिए सरकारी और सामाजिक स्तर पर भी ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। सरकार को चाहिए कि वह क्षेत्रीय भाषाओं को पाठ्यक्रम में अधिक महत्व दे, साहित्य को प्रोत्साहित करे और मातृभाषा में रोजगार के अवसर बढ़ाए। साथ ही, समाज को भी अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति गर्व की भावना विकसित करनी होगी। मातृभाषा का संरक्षण केवल भाषाई प्रयास नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। यदि हम अपनी भाषा को संरक्षित नहीं कर सके, तो हमारी पहचान भी धूमिल हो जाएगी। यह समय की मांग है कि हम अपनी जड़ों की ओर लौटें और अपनी मातृभाषा को जीवंत बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करें। युवा वर्ग को इस दिशा में जागरूक होकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रह सके और आने वाली पीढ़ियाँ अपनी मातृभाषा पर गर्व कर सकें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



## महाकुंभ में अब तक 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया स्नान

# शिवरात्रि में मेला स्थल तक गाड़ी नहीं जाएगी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ का 26 फरवरी को समापन होगा। अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा स्नान कर चुके हैं। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रशासन को उम्मीद है कि आगामी दिनों में इसमें और इजाफा होगा। स्नान करने का आखिरी सप्ताह होने के चलते मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस बीच, डीआईजी महाकुंभ नगर वैभव कृष्ण ने महाशिवरात्रि को ध्यान में रखकर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी न्यूज एजेंसी आईएएनएस को दी। वैभव कृष्ण ने कहा कि महाकुंभ में शनिवार (22 फरवरी) तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। आज भी मेला क्षेत्र में स्नान करने वालों

### डीआईजी वैभव कृष्ण बोले- मेला क्षेत्र में बढ़ाई गई सुरक्षा

की संख्या अधिक है। शनिवार को 24 घंटे के दौरान महाकुंभ में स्नान करने वाले लोगों की एक लाख से अधिक गाड़ियां आई हैं। महाकुंभ क्षेत्र में भीड़ और यातायात को अच्छी तरह से नियंत्रित किया गया है। साथ ही पुलिस मुस्तैदी से व्यवस्था को बेहतर करने में जुटी हुई है। डीआईजी ने ट्रैफिक को लेकर की गई तैयारियों पर कहा, "महाशिवरात्रि के मद्देनजर महाकुंभ मेला क्षेत्र में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। हमारी यही कोशिश होगी कि संगम क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षापूर्वक स्नान कराकर उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जाए। पुलिस ने ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए गाड़ियों की पार्किंग के इंतजाम किए हैं, जो भी गाड़ी जिस रास्ते से आएगी, उसे नजदीकी पार्किंग में खड़ा कराया जा रहा है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में किसी भी गाड़ी को लाने की इजाजत नहीं है। उन्हें सिर्फ पार्किंग में ही खड़ा किया जाएगा।" मेला समापन की ओर बढ़ रहा है, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार महाकुंभ पहुंच रही है। ऐसे में रेलवे द्वारा भी स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

रेलवे की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए 14 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन किया गया। इसमें 92 फीसदी ट्रेन मेल, एक्सप्रेस, सुपर-फास्ट, पैसेंजर और मेमू श्रेणी की रही हैं। जबकि 472 राजधानी और 282 वंदे भारत ट्रेन संचालित हुईं।

### वाराणसी स्थित काशी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर सजकर तैयार

**वाराणसी (आईएएनएस)।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर सजकर तैयार हो गया है। मंदिर प्रशासन द्वारा जगमगाती लाइटें लगाई गई हैं। वहीं, मंदिर परिसर में बाहर विभिन्न जगहों पर एलईडी भी लगाई गई है। जहां से काशी विश्वनाथ की आरती लाइव देख सकेंगे। मंदिर प्रशासन को



अनुमान है कि महाशिवरात्रि के मौके पर काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए करोड़ों लोग पहुंच रहे हैं।

## आप विधायक दल की बैठक में आतिशी को चुना गया नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




दिल्ली की नवगठित विधानसभा का सत्र शुरू होने से एक दिन पहले रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को विधायक दल का नेता चुना गया। कालकाजी सीट से विधायक आतिशी अब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाएंगी। बताया जा रहा है कि आतिशी को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया है।

दिल्ली विधानसभा का तीन दिन का विशेष सत्र 24 फरवरी से 27 फरवरी तक होगा। महाशिवरात्रि के मौके पर 26 फरवरी को अवकाश रहेगा। इस सत्र को लेकर पार्टी के विधायक दल की बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल सहित पार्टी के अन्य बड़े नेता भी मौजूद थे। बैठक में सत्र के एजेंडे पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# बागेश्वर धाम अस्पताल में प्रधानमंत्री मोदी की मां के नाम पर होगा एक वार्ड

**छतरपुर (आईएएनएस)**

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में प्रस्तावित कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह के मौके पर पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ऐलान किया है कि इस अस्पताल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के नाम पर एक वार्ड होगा। बागेश्वर धाम में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिमोट के जरिए प्रस्तावित साइंस और रिसर्च सेंटर का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले बागेश्वर धाम में स्थित बालाजी के मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की मां से भी मुलाकात की। इस मौके पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने प्रधानमंत्री के गढ़ा गांव में आने को बड़ी उपलब्धि बताया और उम्मीद जताई कि इस क्षेत्र की स्थिति तेजी से बदलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती शक्ति का भी जिक्र किया और कहा कि यह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो जवान का भी ध्यान रखते हैं और किसान का भी। उनकी बात दुनिया में सुनी जाती है।



कई राष्ट्रीय अध्यक्ष आपस में बात नहीं करते, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन, रूस और अमेरिका के प्रमुखों से बात होती है। पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने प्रधानमंत्री मोदी और अपनी मां के बीच हुए संवाद का भी जिक्र किया। साथ ही कहा कि प्रस्तावित अस्पताल में एक वार्ड प्रधानमंत्री मोदी की माता जी के नाम पर स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री द्वारा अस्पताल का शिलान्यास किए जाने के बाद प्रस्तावित अस्पताल की रूपरेखा का भी एक वीडियो के जरिए प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 218 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कैंसर अस्पताल का शिलान्यास किया। इसके लिए 10.925 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की जा चुकी है। कैंसर अस्पताल 36 माह में बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके पहले चरण में 100 बिस्तरों की सुविधा होगी, जिसमें अत्याधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से गरीब कैंसर रोगियों का निशुल्क उपचार किया जाएगा।

### बागेश्वर धाम में पीएम मोदी, धीरेंद्र शास्त्री बोले- 'प्रधानमंत्री दल से नहीं, दिल से देश की सेवा करते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास किया। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पीएम मोदी को 'द ग्रेट पीएम ऑफ इंडिया' बताया। धीरेंद्र शास्त्री ने प्रधानमंत्री मोदी को बालाजी की मूर्ति भेंट की। उन्हें सनातन धर्म पर लिखी किताब और स्मृति चिह्न का उपहार भी दिया। मंच से धीरेंद्र शास्त्री ने प्रधानमंत्री का सत्कार करते हुए कहा, "हमने ऐसे प्रधानमंत्री को पाया है जो संतों और महंतों की चर्चा करते हैं। अभी तक अस्पतालों में मंदिर थे और अब मंदिर में अस्पताल होगा। यह बुंदेलखंड के लिए सबसे बड़ा वरदान है। विश्वामित्र का भारत, विश्वामित्र की भूमिका निभा रहा है। धीरेंद्र शास्त्री ने वैश्विक तौर पर पीएम मोदी के बढ़ते कद की बात भी मंच से कही। बोले, "पीएम 60 दिन में दूसरी बार बुंदेलखंड के लिए प्यार बरसाने आए हैं। अमेरिका में पीएम ट्रम्प भी कहते हैं- द ग्रेट पीएम ऑफ इंडिया। ऐसे प्रधानमंत्री मिलना मुश्किल है, जो दल से नहीं दिल से देश की सेवा करते हैं।

## पूर्वी चंपारण समेत बिहार के 8 जिलों से होकर गुजरेगी गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे : विजय सिन्हा

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)**

गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक बनने वाली एक्सप्रेस-वे के एलाइनमेंट को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है।

> **37,465** करोड़ की आएगी लागत-एक्सप्रेस-वे के एलाइनमेंट को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

यह एक्सप्रेस-वे बिहार के आठ जिलों से होकर गुजरेगी, जिसमें पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज और अररिया शामिल है। केंद्र से एलाइनमेंट की मंजूरी मिलने के बाद जल्द ही भूमि अधिग्रहण और टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। बिहार के उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा है, कि एक्सप्रेस वे को लेकर 6 माह में टेंडर जारी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर से सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे के निर्माण पर 37,465 करोड़ की राशि खर्च होगी। एक्सप्रेस वे की लंबाई 568.42 होगी। जिसमे 417.15 किलोमीटर का हिस्सा बिहार में होगा। यह एक्सप्रेस वे 6 लेन की बनेगी। गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक बनने वाले सिक्स लेन एक्सप्रेस वे मार्ग में गंडक, बागमती और कोसी नदी पर तीन बड़े पुल का भी निर्माण होगा।

## डीआईजी हरिकिशोर राय ने थानेदार समेत 5 पुलिसकर्मियो को किया निलंबित

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)**

चंपारण प्रक्षेत्र के डीआईजी हरिकिशोर राय ने एक बार फिर कार्य में शिथिलता बरतने वाले लापरवाह पुलिस पदाधिकारियो पर बड़ी कार्रवाई की है। डीआईजी ने गड़हिया थानेदार सहित 5 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। इन पर एक वर्ष बाद भी 40 कांडों का प्रभार नहीं देने का आरोप है। इस कार्रवाई से कांड का प्रभार नहीं देने वाले और पॉकेट डिस्पोजल करने वाले पुलिस पदाधिकारियों में हड़कंप व्याप्त है। उल्लेखनीय है,कि गड़हिया थानेदार राजीव रंजन कुमार द्वारा एक वर्ष पूर्व हरैया थाना से स्थानांतरित होने के बाद भी 40 कांडों का प्रभार नहीं दिया गया था। इसके अलावा, छौड़ादानो के दरोगा शिवजी सिंह, पचपकड़ी थाना के ब्रजभूषण सिंह, जय बजरंग थाना के संजय कुमार सिंह और रक्सौल थाना के दरोगा संजय कुमार सिंह को भी डीआईजी द्वारा कांडों का प्रभार नहीं देने के कारण निलंबित किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा उक्त कारवाई से कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को सबक मिलेगा और वे अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग होगे।

## मछली व्यवसायी की आंख में मिर्च पाउडर झोंक बाइक सवार बदमाशों ने छीना 25 हजार

**मुजफ्फरपुर (हि.स.)**

जिले में सरैया थाना क्षेत्र के सूपना में रविवार की सुबह मछली कारोबारी मंटू सहनी से अपाची बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने ओवरटेक कर मिर्ची पाउडर आंख में झोंक 25 हजार रुपये कैश छीन लिया और भाग निकले।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की जानकारी के बाद खुद सरैया सीडीपीओ कुमार चंदन घटना स्थल पहुंचे। घटना के बारे में आसपास के लोगों से पूरी जानकारी ली व्यवसायी से बातचीत की और आसपास लगे सीसीटीवी एवं गुप्तचर के माध्यम से अब बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए जुट गए हैं। मामले में पूछे जाने पर सीडीपीओ कुमार चंदन ने कहा कि मछली का कारोबार करते हैं मंटू सहनी उन्हीं के साथ अज्ञात अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने मिर्ची पाउडर आंख में झोंक कर 25,000 कैश छीन लिया ।पुलिस अपना काम शुरू कर दी है बहुत जल्द घटना करने वाले बदमाश सलाखों के पीछे होंगे।

## काशी-तमिल संगमम दो राज्यों के बीच सदियों पुराने जुड़ाव का उत्सव : जयशंकर



**वाराणसी (हि.स.)**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि काशी-तमिल संगमम काशी और तमिलनाडु के बीच विशेष सदियों पुराने जुड़ाव का उत्सव है। प्राचीन नगरी काशी दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक है। पूरे भारत के लिए काशी एक तरह से सांस्कृतिक मैग्नेट की तरह है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी-तमिल संगमम आयोजित करने का जब फैसला किया था, तो इसका उद्देश्य यह था कि भारत संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं का संगम बने। विदेश मंत्री रविवार को काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों और विदेशी राजनयिकों के साथ संवाद कर रहे थे।

# मोबाइल पर घंटों समय बिताने से बढ़ सकता है निकट दृष्टि दोष

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

डिजिटल स्क्रीन पर घंटों समय बिताने वालों के लिए एक और चेतावनी है। एक नए अध्ययन के अनुसार, टैबलेट या स्मार्टफोन पर प्रतिदिन एक घंटा भी बिताने से मायोपिया या निकट दृष्टिदोष का खतरा काफी बढ़ सकता है। जेएएमए नेटवर्क ओपन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, व्यवस्थित समीक्षा और डोज-रिस्पांस मेटा-विश्लेषण में, डिजिटल स्क्रीन समय में प्रतिदिन 1 घंटे की वृद्धि मायोपिया (निकट दृष्टि दोष) की 21 प्रतिशत अधिक संभावना से जुड़ी थी। डोज-रिस्पांस पैटर्न ने सिग्मोएडल शेप को प्रदर्शित किया, जिससे पता चलता है कि रोजाना 1 घंटे से कम समय तक संपर्क में रहने पर कोई खतरा नहीं है। लेकिन, 4 घंटे तक संपर्क बढ़ने पर खतरा बढ़ जाता है।

शोधकर्ताओं ने कहा, "ये निष्कर्ष चिकित्सकों और शोधकर्ताओं को मायोपिया के जोखिम के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं। डिजिटल स्क्रीन के बढ़ते उपयोग के कारण निकट दृष्टि दोष के मामलों में वृद्धि हुई है। टीम ने 45 जांचों से प्राप्त आंकड़ों की समीक्षा की, जिसमें बच्चों से लेकर युवा वयस्कों तक 335,000 से अधिक प्रतिभागियों में स्क्रीन समय और निकट दृष्टि दोष के बीच संबंध को देखा गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि 1-4 घंटे तक स्क्रीन पर समय बिताने से जोखिम काफी बढ़ जाता है और फिर धीरे-धीरे बढ़ता जाता है। हालांकि, 1 घंटे से कम समय तक संपर्क में रहने से कोई संबंध नहीं पाया गया, जो संभावित सुरक्षा सीमा का सुझाव देता है। लेखकों का कहना है कि ये निष्कर्ष "मायोपिया महामारी" से निपटने वाले चिकित्सकों को मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं।



### ज्यादा देर तक स्क्रीन देखने से दिमाग की सोचने-समझने की शक्ति पर असर पड़ता है

भारत में विशेषज्ञों ने बात की कि तकनीक और मोबाइल जैसे गैजेट्स, छात्रों, माता-पिता और शिक्षकों के लिए परीक्षा के समय बड़ी समस्या बन गए हैं। ज़्यादा देर तक स्क्रीन देखने से दिमाग की सोचने-समझने की शक्ति पर असर पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ध्यान कम हो जाता है और लंबे समय तक स्क्रीन देखते हुए अक्सर लोग बिस्तर या सोफे पर गलत तरीके से बैठे रहते हैं। इससे विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, जिसमें मोटापा, शरीर में दर्द, रीढ़ की हड्डी की समस्याएं और पीठ दर्द भी शामिल है।



## इंडिया मास्टर्स ने श्रीलंका को हराकर आईएमएल अभियान की शानदार शुरुआत की



**नवी मुंबई (आईएएनएस)**

खेल के महारथियों ने पुराने स्ट्रोक, जोशीले स्पैल और अविस्मरणीय पलों को फिर से दोहराया और अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग 2025 (आईएमएल) के उद्घाटन संस्करण में इतिहास को फिर से लिखा। शनिवार को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंडिया मास्टर्स ने एक रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका मास्टर्स को चार रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दोनों पक्षों के दिग्गजों ने शानदार खेल दिखाया और मैच रोमांचक रहा, जिससे दर्शकों को आईएमएल के उद्घाटन सत्र में होने वाले रोमांचक क्रिकेट मैचों की झलक देखने को मिली। मैच की शुरुआत बल्लेबाजी के उस्ताद सचिन तेंदुलकर को उनके विपक्षी कुमार संगकारा द्वारा बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित करने से हुई, और इस प्रतिष्ठित बल्लेबाज ने दो चौके लगाकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई, इसके बाद स्टुअर्ट बिन्नी और यूसुफ पठान के शानदार अर्धशतकों और गुरकीरत सिंह मान और युवराज सिंह के शानदार प्रदर्शन ने मेजबान टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

### टीम इंडिया की पाकिस्तान पर धमाकेदार जीत

# किंग कोहली का शतकीय सलाम, श्रेयस अय्यर भी चमके

**एजेंसी। दुबई**

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में रविवार (23 फरवरी) को भारतीय टीम की टक्कर पाकिस्तान से हुई. दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया. भारत की जीत के हीरो विराट कोहली रहे, जिन्होंने नाबाद शतक जड़ा. इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दावेदारी पुख्ता कर ली है. अगर न्यूजीलैंड 24 फरवरी को होने वाले मुकाबले में बांग्लादेश को हरा देता है, तो भारतीय टीम का सेमीफाइनल बर्थ कन्फर्म हो जाएगा।

विराट कोहली के वनडे इंटरनेशनल करियर का ये 51वां शतक रहा. कोहली ने खुशदिल शाह की गेंद पर चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया, साथ ही भारत को भी जीत दिलाई. कोहली 111 गेंदों पर नााबाद 100 रन बनाए, जिसमें सात चौके शामिल रहे. भारत ने 242 रनों के टारगेट को 42.3 ओवरों में ही हासिल कर लिया।




### कोहली ने श्रेयस के साथ की बेहतरीन साझेदारी

टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत उतनी अच्छी रही. भारत को पहला झटका पांचवें ही ओवर में लग गया, जब कप्तान रोहित शर्मा को शाहीन आफरीदी ने एक बेहतरीन गेंद पर बोल्ड कर दिया. रोहित ने 15 गेंदों पर 20 रन बनाए, जिसमें 3 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा. रोहित के आउट होने के समय भारत का स्कोर 31 रन था. यहां से शुभमन गिल और विराट कोहली ने मिलकर पारी को संभाला. कोहली और शुभमन के बीच दूसरे विकेट के लिए 69 रनों की पार्टनरशिप हुई. लेग-स्पिनर अबरार अहमद ने शुभमन गिल को आउट करके इस पार्टनरशिप का अंत किया. गिल ने 52 गेंदों पर 46 रन बनाए, जिसमें सात चौके शामिल रहे.गिल के आउट होने के बाद विराट कोहली के साथ श्रेयस अय्यर ने मोर्चा संभाला. दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की शानदार शतकीय साझेदारी हुई. कोहली ने इस दौरान चार चौकों की मदद से 62 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की. वहीं श्रेयस अय्यर ने भी 63 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की. श्रेयस 56 रन बनाकर आउट हुए. श्रेयस ने 67 गेंदों की पारी में पांच चौके के अलावा एक सिक्स जड़ा. श्रेयस को खुशदिल शाह ने इमाम उल हक के हाथों कैच आउट कराया. श्रेयस के बाद हार्दिक पंड्या (8) सस्ते में आउट हो गए. इसके बाद विराट और अक्षर पटेल ने मिलकर भारत को जीत तक पहुंचाया।

## तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आईसीसी अवॉर्ड्स और टीम ऑफ द ईयर कैप्स मिले



**दुबई (आईएएनएस)**

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत-पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी अवॉर्ड्स और टीम ऑफ द ईयर कैप्स मिले। सिडनी में पांचवें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में लगी पीठ के निचले हिस्से की चोट के कारण बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए और उन्हें बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन रूटीन के लिए भेज दिया गया। लेकिन रविवार को बुमराह को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में देखा गया और उन्होंने आईसीसी के चेयरमैन जय शाह से अवॉर्ड्स और कैप्स प्राप्त किए, जिसकी तस्वीरें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट की हैं। बुमराह ने आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर जीता और उन्हें 2024 में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स अवार्ड दिया गया, जहां उन्होंने 14.92 की औसत से लंबे प्रारूप में 71 विकेट लिए।

## माही भाई के साथ मिली जीत के लिए आभारी हूं जिसने इतिहास रच दिया : धवन



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत बनाम पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले, पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने पूर्व कप्तान एमएस धोनी के साथ पुरानी यादों को ताजा करते हुए एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने कहा कि इतिहास रचने वाले दिग्गज के साथ मिली सीख और जीत के लिए आभारी हूं। धवन 2013 में धोनी के नेतृत्व में भारत के ऐतिहासिक चैंपियंस ट्रॉफी अभियान का हिस्सा थे, जिसमें मैन इन ब्लू ने रोमांचक फाइनल में मेजबान इंग्लैंड को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। धवन ने टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रहे और दो शतकों और एक अर्धशतक सहित 363 रन बनाए। इंस्टाग्राम पर धवन ने 2013 चैंपियंस ट्रॉफी से धोनी के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और लिखा, "कुछ पल हमेशा आपके साथ रहते हैं; माही भाई के साथ खेलना उनमें से एक था। मैदान पर उनके साथ, हमेशा शांत आत्मविश्वास की भावना होती थी। माही भाई के साथ साझा की गई सीख, हंसी और जीत के लिए आभारी हूं जिसने इतिहास रच दिया!

### बीएसएफ महानिदेशक बोले 'युवाओं को जागरुक करना उद्देश्य'

## 'बॉर्डरमेन मैराथन स्वस्थ भारत की ओर एक प्रेरक कदम




**अमृतसर (आईएएनएस)**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को अमृतसर में 'बॉर्डरमेन मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का आयोजन किया। अमृतसर के गोल्डन गेट से दौड़ शुरू हुई। "हैंड इन हैंड विद बॉर्डर पॉपुलेशन " थीम पर आधारित इस खेल आयोजन का उद्देश्य सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाना और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाना है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बीएसएफ की एक बड़ी पहल है, जो देश के युवाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगी। यह मैराथन न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### उत्तराखंड के मान सिंह, बने मैराथन चैंपियन

## 25 हजार को मात देकर जीता दिल्ली मैराथन 2025




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

उत्तराखंड के मान सिंह ने रविवार की ठंडी सुबह में प्रतिष्ठित अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन 2025 का खिताब जीतने के लिए अंतिम चरण में शानदार प्रदर्शन किया। 35 वर्षीय शीर्ष धावक, 2024 एशियाई मैराथन चैम्पियनशिप विजेता, ने सितारों से सजी टीम को मात देते हुए 2:15:24 का प्रभावशाली समय निकाला। प्रदीप चौधरी (2:15:29) और अक्षय सैनी (2:15:34) ने उनके पीछे-पीछे दौड़ते हुए पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। भारत के प्रसिद्ध बैडमिंटन कोच पद्मश्री पुलेला गोपीचंद और भारत के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने दौड़ को हरी झंडी दिखाई, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से 25,000 से अधिक धावक और फिटनेस उत्साही शामिल हुए।

### महिला एफआईएच प्रो लीग

## भारत को नीदरलैंड के खिलाफ घरेलू चरण का शानदार अंत करने की उम्मीद



**भुवनेश्वर (आईएएनएस)**

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के घरेलू चरण का शानदार अंत करने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेगी, क्योंकि वह 24 और 25 फरवरी को यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड का सामना करने के लिए तैयार है। मिश्रित परिणामों की एक श्रृंखला के बाद, सलीमा टेटे की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपनी हालिया गति को बनाए रखने और डच टीम को पछाड़कर बड़ा उलटफेर करने की कोशिश कर रही है। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत इंग्लैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ की, लेकिन 2-2 के नियमित समय के ड्रॉ के बाद 2-1 से शूटआउट में दूसरा गेम हार गया। स्पेन के खिलाफ, भारत काफी करीब पहुंच गया, लेकिन लगातार हार का सामना करना पड़ा, पहले 3-4 से हार गया और फिर एक कड़े मुकाबले में 1-0 से हार गया। जर्मनी के साथ अपने हालिया मुकाबलों में भारत को पहले चरण में 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन दूसरे चरण में 1-0 की मामूली जीत हासिल करते हुए शानदार वापसी की, जिससे नीदरलैंड के साथ इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## अदाणी समूह का टैक्स योगदान वित्त वर्ष 2023-24 में 58,104 करोड़ रुपये रहा




**अहमदाबाद (आईएएनएस)**

अदाणी समूह की लिस्टिंग कंपनियों की ओर से वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार को टैक्स के रूप में 58,104.4 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। इससे पहले के वर्ष में यह आंकड़ा 46,610.2 करोड़ रुपये था। यह जानकारी कंपनी द्वारा रविवार को दी गई। अदाणी समूह ने शासन के उच्चतम मानकों का पालन करने और अपने सभी पक्षकारों के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपनी 'टैक्स ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट्स' जारी की है। समूह की लिस्टिंग कंपनियों, जिसमें अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड, अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड, अदाणी पावर लिमिटेड, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड और अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड शामिल हैं, ने अलग-अलग रिपोर्ट जारी की है। इन आंकड़ों में समूह की तीन अन्य लिस्टेड कंपनियों एनडीटीवी, एसीसी और सांघी इंडस्ट्रीज के द्वारा अदा किया गया टैक्स भी शामिल है, जिसे इन सात कंपनियों द्वारा ही होल्ड किया जाता है। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, "पारदर्शिता विश्वास का पहला स्तंभ होता है और मजबूत वृद्धि के लिए विश्वास जरूरी है।

# भारत ने जीता प्रतिष्ठित वैश्विक सड़क सुरक्षा पुरस्कार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत सरकार को पिछले दस वर्षों में वाहन सुरक्षा मानकों को बढ़ाने के प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित प्रिंस माइकल डिकेड ऑफ एक्शन रोड सेफ्टी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान में प्रमुख प्रगति को मान्यता दी गई है, जैसे कि न्यू कार सेफ्टी असेसमेंट प्रोग्राम की शुरुआत तथा देश में निर्मित सभी नए दोपहिया वाहनों में एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) को अनिवार्य बनाना। सड़क सुरक्षा के लिए वैश्विक पुरस्कार माराकेच में आयोजित सड़क सुरक्षा पर चौथे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में प्रदान किए गए। भारत ने यह सम्मान मोरक्को के साथ साझा किया, जिसे सड़क सुरक्षा में उसके योगदान के लिए भी मान्यता दी गई। दुनिया भर के विभिन्न देशों के परिवहन प्रमुखों ने 2030 तक वैश्विक सड़क दुर्घटनाओं को 50 प्रतिशत तक



*दुनिया भर के विभिन्न देशों के परिवहन प्रमुखों ने 2030 तक वैश्विक सड़क दुर्घटनाओं को 50 प्रतिशत तक कम करने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए आयोजित माराकेच सम्मेलन में हिस्सा लिया।*

कम करने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए आयोजित माराकेच सम्मेलन में हिस्सा लिया। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एटियेन क्रुग से भारत सरकार के लिए यह पुरस्कार स्वीकार किया। पुरस्कार प्रशस्ति पत्र पढ़ते हुए टम्टा ने 2014 में भारतीय कारों के स्वतंत्र क्रैश परीक्षणों के बाद शुरू हुए महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव पर प्रकाश डाला। इसके परिणामस्वरूप सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा वाहन सुरक्षा मानकों के लिए संशोधित रूपरेखा प्रस्तुत की गई। 2018 में, नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2023 तक भारत के वाहन सुरक्षा मानदंडों को यूरोपीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यह प्रतिष्ठित वैश्विक पुरस्कार इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि पिछले 10 वर्षों में भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई 60 प्रतिशत बढ़कर 2014 में 91,287 किलोमीटर से बढ़कर 2024 में 146,195 किलोमीटर हो गई है, जिससे यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क बन गया है। एक ऐतिहासिक उपलब्धि यह है कि राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर की लंबाई भी 2014 में मात्र 93 किमी से बढ़कर 2024 में 2,474 किमी हो गई है, जो देश के बुनियादी ढांचे में भारी सुधार को दर्शाता है। देश के राजमार्गों में तेजी से विकास भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रमुख कार्यक्रमों जैसे भारतमाला परियोजना के कारण हुआ है।

## सोलरस्क्वायर का घाटा वित्त वर्ष 24 में 130 प्रतिशत बढ़कर 69 करोड़ रु रहा




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस प्रदाता सोलरस्क्वायर का घाटा सालाना आधार पर वित्त वर्ष 24 में 130 प्रतिशत बढ़कर 69 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 30 करोड़ रुपये था। कंपनी का नुकसान बढ़ने की वजह कुल खर्च में 65.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी होना है, जो कि वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 229 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 138 करोड़ रुपये था। कंपनी के वित्तीय विवरण के मुताबिक, सामग्री लागत कंपनी के खर्च का सबसे बड़ा घटक है। वित्त वर्ष 24 में यह सालाना आधार पर 52.27 प्रतिशत बढ़कर 134 करोड़ रुपये गया है।

## वर्ष 2024 में भारतीय कंपनियों ने जुटाया 19 अरब डॉलर से अधिक का फंड




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत 2024 में इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) मार्केट के ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। देश की हिस्सेदारी दुनिया में आए पब्लिक इश्यू में 23 प्रतिशत की रही है। यह जानकारी रविवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। इंडस वैली एनुअल रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत में 2024 में कंपनियों ने आईपीओ के माध्यम से 19.5 अरब डॉलर का फंड जुटाया है। बीते वर्ष देश में 268 आईपीओ आए थे, जिनमें 90 मेनबोर्ड और 178 एसएमई शामिल हैं। 2024 में भारत का सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई मोटर इंडिया द्वारा पेश किया गया है। इस साइज 27,870 करोड़ रुपये था। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ था।

## श्नाइडर इलेक्ट्रिक भारत में तीन और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स शुरू करेगी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वैश्विक ऊर्जा प्रबंधन और ऑटोमेशन कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने भारत में तीन और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित करने की घोषणा की है। श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सीईओ ओलिवियर ब्लम ने कहा कि तीन नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स कोलकाता, हैदराबाद और अहमदनगर में शुरू की जाएगी। कंपनी के पास पहले से ही देश में 31 मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं। ग्रेटर नोएडा में इंडस्ट्री बॉडी इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) द्वारा आयोजित 'एलेक्रामा 2025' कार्यक्रम में बोलते हुए ब्लम ने कहा, "हम भारतीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास में तेजी लाने के लिए एआई और डिजिटलीकरण का उपयोग कर रहे हैं। हमारा मानना है कि डिजिटल ग्रिड, आईओटी-सक्षम वितरित ऊर्जा संसाधन, माइक्रोग्रिड, स्मार्ट बिल्डिंग और स्मार्ट शहर जैसी उन्नत टेक्नोलॉजी अगले 25 वर्षों में उत्सर्जन में 75 प्रतिशत की कमी लाएंगी। उन्होंने आगे कहा, "भारत हमारे वैश्विक विकास के लिए एक प्रमुख बाजार और रणनीतिक केंद्र है। हम भारत के भविष्य में निवेश करने, नौकरियां पैदा करने और सतत विकास में योगदान देने के लिए समर्पित हैं।

# सत्ता पक्ष ने बैठक कर बनाई रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में रविवार को सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। बैठक में सोमवार से आहूत छठे झारखंड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र को शांतिपूर्वक चलाने को लेकर चर्चा हुई।

साथ ही सत्र के विपक्ष के हंगामे और विरोध को लेकर भी रणनीति बनाई गई। उल्लेखनीय है कि विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा, जिसकी शुरूआत सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा। सदन में तीन मार्च को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्त वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट पेश करेंगे।

बैठक में मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन के अलावा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू, विधायक कल्पाना सोरेन, मंत्री रामदास सोरेन, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री दीपक बिरूवा, मंत्री संजय प्रसाद यादव सहित सत्ता पक्ष के अन्य विधायक मौजूद थे।



## बजट सत्र में महागठबंधन सरकार के साथ रहेंगे राजद विधायक : सुरेश पासवान

**रांची।** झारखंड विस के बजट सत्र के एक दिन पहले रविवार को राजद विधायक दल की बैठक हुई। रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान ने की। उन्होंने कहा है कि बजट सत्र में पार्टी के सभी विधायक सत्र चलने तक सदन में रहेंगे तथा महागठबंधन सरकार के साथ-साथ रहेंगे। जन हित के मामले में सत्ता पक्ष विपक्ष को जबाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने विपक्ष से भी आग्रह किया है कि सदन को नियमानुसार शांति पूर्ण तरीके से चलने देने में सहयोग करें। बैठक में अन्य विधायकों में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, कैबिनेट मंत्री संजय प्रसाद यादव तथा नरेश सिंह उपस्थित थे। यह जानकारी प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने दी है।

## मंत्रियों और विधायकों को दिया गया टास्क › पार्टी बनाएगी अगले 1 साल का कैलेंडर : के राजू

**रांची।** परिसदन भवन रांची में रविवार को विधायक दल की बैठक कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए के राजू ने कहा कि बैठक में विस्तार से कुछ बिंदुओं पर चर्चा हुई जिस पर निर्णय लिए गए। निर्णय की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 12 विधायकों को दो-दो जिलों का जिम्मा दिया गया है। जिन विधायकों को जिलों की जिम्मेदारी दी गई है उन्हें हर महीने जिला में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व निर्धारित बैठक उपस्थित रहना है। बैठक में जिले से संबंधित मुद्दों, संगठन के संबंध में आम लोगों के मुद्दे पर वह चर्चा करेंगे। जिले के किन मुद्दों को सरकार के स्तर तक ले जाना है उन मुद्दों का पता करेंगे। विधायकों द्वारा द्वारा जिलों में की जाने वाली बैठक के एक वर्ष का कैलेंडर तैयार कर उन्हें दिया जाएगा ताकि वह प्रत्येक महीने बैठक कर सके। कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों के बीच पांचो प्रमंडल का बंटवारा कर उन्हें जिम्मेवारी दी जाएगी। मंत्रीगण प्रमंडल में जाकर वहां के जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकताओं के मुद्दों को सुनेंगे ताकि उन्हें सरकार तक पहुंचा जा सके। विधायकों की बैठक प्रत्येक महीने विधायक दल नेता की उपस्थिति में होगी। विधायक दल नेता अगले वर्ष 1 वर्ष का कैलेंडर तैयार करेंगे कि किस महीने किस विधायक के क्षेत्र में बैठक होगी। विधायक दल की बैठक प्रत्येक विधायक के क्षेत्र में होगी,इस बैठक के बाद सभी विधायक संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन करेंगे और बैठक में जो मुद्दे चर्चा में आएंगे उस पर बात करेंगे।



# पीएम मोदी के नेतृत्व में बढ़ते भारत, बदलते भारत का हाइवे है केंद्रीय बजट : शेखावत



*2004 से 2014 की तुलना में 2014 से 2024 के दशक में केंद्र सरकार ने झारखंड को दिए 302 प्रतिशत ज्यादा राशि*

## तीव्र बुनियादी विकास पर खड़ा हो रहा विकसित भारत का भव्य महल : बाबूलाल



प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बढ़ता भारत बदलता भारत मोदी सरकार की देन है। यह प्रक्रिया 2047 में विकसित भारत के स्वप्न को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश भर में बुनियादी ढांचों को मजबूत कर रही। झारखंड में भी सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदलता परिदृश्य केंद्र सरकार की देन है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रविवार को चैंबर भवन में केंद्रीय बजट 2025-26 पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। परिचर्चा के बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संबोधित किया।

उन्होंने ने कहा कि यह केंद्रीय बजट विकसित भारत का हाइवे है जिसपर बढ़ते भारत, बदलते भारत की गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का रोडमैप सुधारों को ईंधन और समावेशिता को मार्गदर्शक मानते हुए विकसित भारत की गति निर्धारित करने का लक्ष्य बनाया है।

उन्होंने कहा कि यह बजट स्वीकार करता है कि देश की शक्ति उसकी भूमि में नहीं बल्कि उसके लोगों में होती है। इसलिए सभी वर्गों के समावेशी विकास के माध्यम से सबका साथ सबका विकास साकार किया जा रहा।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट चार प्रमुख इंजनों द्वारा संचालित है जिसमें ग्रामीण समृद्धि केलिए कृषि,उद्यमिता और रोजगार सृजन केलिए एमएसएमई ,बुनियादी ढांचे और नवाचार केलिए निवेश और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के साथ आर्थिक वृद्धि केलिए निर्यात प्रमुख है।

कहा कि इस बजट का लक्ष्य छह आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है जिसमें विकास को गति देना, समावेशी विकास को सुरक्षित करना ,भारत के मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाना,निजी क्षेत्र के निवेश को प्रेरित करना और घरेलू भावना को मजबूत करना शामिल है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने 6 दशक के शासन में गरीबी हटाव का केवल नारा दिया लेकिन मोदी सरकार में पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। जिसके कारण देश में तेजी से मध्यम वर्ग बढ़े हैं। कहा कि मोदी सरकार बेहतर भविष्य केलिए मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने पर जोर दे रही है। ताकि उनकी क्षमता को बढ़ाया जा सके।

कहा कि मोदी सरकार विवाद से विश्वास की नीति को अपनाया है।आज आयकर विभाग पहले करदाता पर विश्वास करता है फिर उसकी जांच करता है। मोदी सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों केलिए ब्याज पर कर कटौती की सीमा पचास हजार से बढ़ाकर एक लाख कर दिया, टीडीएस की वार्षिक सीमा 6लाख कर दिया,जीरो टैक्स की सीमा 7लाख से बढ़ाकर 12 लाख कर दिया। कहा कि मोदी सरकार ने निम्न और मध्यम वर्ग केलिए किफायती आवास प्रदान करने केलिए स्वामी फंड 2 लॉन्च किया है।

उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं के समग्र कल्याण ,विश्व स्तरीय शिक्षा के माध्यम से युवाओं के सशक्तिकरण,सामाजिक न्याय और सभी वर्गों के कल्याण से अमृतकाल की अभिव्यक्ति के माध्यम से मानव संसाधन क्षमता का विकास आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित विधायक सीपी सिंह,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका,रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेपी शर्मा सहित पद्मश्री मुकुंद नायक, संजीव विजयवर्गीय, शिवपूजन पाठक, राहुल अवस्थी, उषा पांडे, जितेंद्र वर्मा, विनय सिंह, संजीव चौधरी, राजू सिंह, सुरेश प्रसाद, पायल सोनी, रोमित नारायण सिंह, प्रकाश साहू, रवि मुंडा, आर्थिक प्रकोष्ठ के धर्मेंद्र सिन्हा, सुरेन्द्र विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# जनादेश पाकर राज्य सरकार निश्चिंत जनता परेशान : नवीन जायसवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी सहित विधायक सीपी सिंह, राज सिन्हा, नागेंद्र महतो, नीरा यादव, सत्येंद्र तिवारी, शशि भूषण मेहता, नवीन जायसवाल, मनोज यादव, अमित यादव, मंजू कुमारी, रागिनी सिंह, पूर्णिमा दास, शत्रुघ्न महतो, प्रदीप प्रसाद, रोशन लाल चौधरी, उज्जवल दास, देवेंद्र कुंवर, प्रकाश राम उपस्थित रहे। बैठक में आहुत विधानसभा सत्र के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मीडिया को संबोधित करते हुए विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार जनादेश का लगातार अपमान कर रही है। सत्ता पाकर राज्य सरकार मस्त हो गई है और जनता परेशान है। श्री जायसवाल ने कहा कि अब तो नौकरी की परीक्षा ही केवल भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ी बल्कि दसवीं की परीक्षाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। हेमंत सरकार पेपर लीक की सरकार बन गई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है।बिना पैसे का ब्लॉक, अंचल में कोई काम नहीं हो रहा। विधि व्यवस्था ध्वस्त है। दिन दहाड़े हत्याएं हो रही।जमीन की लूट मची है। कहा कि लाखों नौकरी का वादा कर सत्ता में आई सरकार 100-200 नौकरी देकर अपना पीठ थपथपा रही है। बेरोजगारी भत्ता, 450रुपए में सिलिंडर की चर्चा तक नहीं कर रही राज्य सरकार। कहा कि भाजपा जनभावनाओं के अनुरूप सदन में सरकार को घेरेगी।



# इरफान अंसारी ने बाबूलाल को दी बीजेपी छोड़ने की सलाह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सर्किट हाउस में कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर जामताड़ा में दिए गए बयान को सही बताया। उन्होंने कहा कि उनसे हमारी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, लेकिन अगर संवैधानिक पद पर बैठा कोई व्यक्ति सदन के अंदर उर्दू का नाम लेकर समाज को गाली देगा तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ पर पहले दिए गए बयान पर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया पर कटाक्ष करते हुए डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि इन लोगों में दम नहीं है। योगी आदित्यनाथ के उर्दू वाले बयान पर लोगों में गुस्सा है और जामताड़ा में कार्यक्रम के दौरान लोग हमसे पूछ रहे थे कि सदन के अंदर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जो बयान दिया है, उस पर हमें क्या कहना है।



बाबूलाल मरांडी द्वारा महाकुंभ को लेकर लगातार गलत बयानबाजी करने वाले राज्य के दो मंत्रियों हफीजुल हसन और डॉ इरफान अंसारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के सवाल पर डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी अच्छे आदमी हैं, लेकिन जो उनका ट्विटर अकाउंट चलाता है, वही सब कुछ गड़बड़ कर देता है।

## एसआईटी गठन करना स्वागत योग्य : राजेंद्र



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने डीजीपी अनुराग गुप्ता द्वारा मैट्रिक परीक्षा प्रश्न पत्र लीक की जांच के लिए एसआईटी बनाई जाने का स्वागत किया है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि इससे मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक की जांच में तेजी आएगी और दोषी जल्द से जल्द पकड़ा आएगा। प्रसाद ने कहा कि अनुराग गुप्ता के डीजीपी बनने के बाद से आम आदमी को भी बहुत राहत मिली है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आज कुछ दबंग लोग आमतौर पर कहें तो जो साधारण व्यक्ति हैं, उनके जमीन -जगह को जोर जबरदस्ती से कब्जा कर रहे हैं वैसे साधारण लोग डीजीपी से मिलकर शिकायत कर रहे हैं उन लोगों को डीजीपी अनुराग गुप्ता से तुरंत राहत और न्याय मिल रहा है। राजेन्द्र प्रसाद ने आम जनता को राहत प्रदान करने के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता को धन्यवाद दिया है।

### मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण कार्यकर्ताओं ने सुना

# प्रकृति और संस्कृति से भारत महान : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हरमू मंडल स्थित विद्यानगर में कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी शामिल हुए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात का 119 वां संस्करण भारत की प्रकृति और संस्कृति को समाहित किए हुए थी। कहा कि भारत की संस्कृति महिला सम्मान की है। नारी तू नारायणी की हमारी विरासत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा जिसे आगामी 8मार्च को महिला दिवस पर और मजबूत किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम एक अनूठा कार्यक्रम है। जिसकी प्रतीक्षा जनता एक महीने तक करती है। कहा कि बढ़ते मोटापा को लेकर प्रधानमंत्री की चिंता यह दर्शाती है कि वे देश वासियों के स्वास्थ्य के प्रति कितने चिंतित हैं। कहा कि विकसित भारत की संकल्पना में स्वस्थ भारत भी शामिल है। कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, कुमार अमित, सहित अन्य शामिल रहे।

## सामुदायिक भवन का केंद्रीय मंत्री ने किया शिलान्यास



**रांची।** कडरू स्थित सरना टोली में सरना स्थल में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ के सांसद निधि से 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इसका शिलान्यास किया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा रांची में ऐसे कई सरना स्थल है जिनका जिर्णोद्धार किया जा रहा है । मंचों का निर्माण कराया जा रहा है और प्राथमिकता के आधार पर सरना स्थल के विकास का कार्य किया जाएगा। मौके पर अरुण कुमार छछारिया, श्याम हेमरोम, रवि मुंडा, अजय भंडारी, चंपा मुंडा, सुमित मुंडा, डॉक्टर तन्मय, डॉक्टर अजय, इंद्रजीत यादव, नीतू शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सच्चिदानंद राय की पुण्य स्मृति का आयोजन, बोले सरयू राय

# सच्चिदानंद का गांव से था विशेष लगाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय सच्चिदानंद राय को कार्यकर्ताओं के लिए किसी भी अधिकारी से लोहा लेने के लिए आगे रहने वाला पार्टी का बेहद समर्पित कार्यकर्ता बताया। उन्होंने कहा कि सच्चिदानंद राय जैसे बेहद सीनियर लीडर की सीख हमें जीवन में जरूर उतारनी चाहिए। बेशक वह आक्रामक प्रवृति के थे लेकिन उनके लिए सबसे पहले संगठन था।

रविवार को यहां बिष्टुपुर स्थित लक्ष्मीनाथ परमहंस गोस्वामी हॉल में सच्चिदानंद राय को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित सभा में सरयू राय ने कहा कि सच्चिदानंद जी के साथ उन्हें काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। वैसे तो सच्चिदानंद जी के साथ काम करने वालों की जमशेदपुर में लंबी फौज है। मेरा उनसे परिचय 1974 के छात्र आंदोलन के समय हुआ था। जब पटना में बैठक होती तो मेरी उनसे बराबर भेंट होती थी। सच्चिदानंद राय में जुझारूपन था। वह अपनी बात को बहुत प्रखरता से रखते थे। कई बार विरोधाभास हो जाता था, लेकिन विरोध के बावजूद यदि कोई निर्णय पार्टी की बैठक में ले लिया जाता तो उस निर्णय को लागू करने में वह अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहते थे।





## सरयू राय ने पुराने दिनों को किया याद

तब मैं नदियों के लिए काम कर रहा था। सच्चिदानंद राय के गांव आनंदपुर में नदी का कटाव तेजी से हो रहा था। इसका मुख्य कारण था बक्सर में गंगा पर पुल बन जाना। पुल की डिजाइन गलत बन गई थी। लग रहा था कि नदी की पूरी धारा कट कर गांव की तरफ आ जाएगी और पूरा गांव बह जायगा। तब सच्चिदानंद जी और मैने उनके गांव की चौकी पर बैठकर मंथन किया कि आखिर गांव बचे तो कैसे बचे। फिर हम लोगों ने अधिकारियों से बात की और पुल के डिजाइन को बदलवाया। तब जाकर गांव को बचाया जा सका। सच्चिदानंद बाबू बेशक शहर में रहते थे लेकिन उनका गांव उन्हें बहुत प्यारा था।

सरयू राय ने कहा कि जब वह भाजपा के युवा मोर्चा के संगठन मंत्री थे, तब उनका जमशेदपुर आना जाना लगा रहता था। उस दौर में भी उनकी सच्चिदानंद राय से मुलाकात होती थी। वे आक्रामक स्वभाव के थे लेकिन कार्यकर्ताओं के लिए किसी भी अधिकारी से लोहा लेने के लिए आगे रहते थे। वे पार्टी की रीढ़ की हड्डी की तरह थे। तब पार्टी के लोग परिवार की तरह रहते थे। सच्चिदानंद जी उम्रदराज हो गये थे और बहुत सक्रिय नहीं रहे लेकिन पार्टी और संघ परिवार के लिए उनके मन में वैसा ही प्रेम था। आखिरी दिनो में भी उनके मन में पार्टी को लेकर परिवार और अपनेपन की भावना थी।

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक ने कहा कि वह उस दौर को नहीं भूले, जब सच्चिदानंद राय, दीनानाथ पांडेय, अमरेंद्र प्रताप सिंह, मैनेजर प्रसाद सरीखे नेताओं में मतभेद होता था लेकिन कभी मनभेद नहीं हुआ। नई पीढी को पुराने लोगों ने खून-पसीना से सींचा है। उसके संबंध में परस्पर चर्चा होती रहनी चाहिए। यह बेहद जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे सभी पुराने लोगों के संबंध में एक आलेख तैयार करना चाहिए ताकि नई पीढ़ी को पता चल सके कि इस पार्टी के पीछे किन-किन लोगों का त्याग है।

# पृष्ठ एक के शेष

**भारत की विराट...**

ओवर में 244/4 का स्कोर बनाकर मैच जीत लिया।

भारतीय जीत के हीरो रहे विराट कोहली। उन्होंने सही समय पर फॉर्म में वापसी की। उन्होंने 111 गेंद में नाबाद 100 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने सात चौके लगाए। इस दौरान 15 रन बनाते ही विराट सचिन तेंदुलकर और श्रीलंका के कुमार संगकारा के साथ 14,000 रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन गए। हार्दिक पांड्या ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाकर विराट के साथ दो बड़े पार्टनरशिप किए। जब भारत को जीत के लिए मात्र दो रनों की जरूरत थी, उस समय विराट 96 पर नाबाद थे। उन्होंने खुशदिल शाह की गेंद पर चौका लगाकर अपने शतक और टीम की जीत का जश्न एक साथ मनाया। यह उनका 51वां वनडे शतक है। विराट के बल्ले से नवंबर 2023 के बाद पहला शतक आया है। हालांकि, इस बीच उन्होंने दो अर्धशतकीय पारी खेली थी। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में अपने दोनों मैच जीत चुका है। वहीं, पाकिस्तान पहले दोनों मैच हारकर टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो चुका है।

**टनल में फंसे गुमला के चार..**

सोनमेर मंदिर में उनके सकुशल लौटने की मन्नत मांगने गई थीं, जबकि छोटे-छोटे बच्चे सरकार से अपील कर रहे हैं कि उनके पिता को सुरक्षित घर लाया जाए। वहीं, पूरा गांव संतोष साहू के परिवार से मिलने पहुंच रहा है और हर कोई चिंतित है। संतोष साहू की बेटी राधिका कुमारी ने कहा की हम लोग बहुत गरीब हैं, इसलिए पापा कमाने बाहर गए थे। शाम को जब फोन आया, तो हम लोग बहुत डर गए। सरकार से प्रार्थना है कि मेरे पापा को सुरक्षित घर लाया जाए। संतोष साहू की चाची प्रेमा देवी ने भावुक होकर कहा कि ये लोग सिर्फ दो वक्त की रोटी कमाने बाहर गए थे, लेकिन अब पूरा गांव चिंतित है। हम सभी सरकार से जल्द से जल्द इन्हें सुरक्षित निकालने की अपील करते हैं। वहीं, गुमला के घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबाटोली निवासी 25 वर्षीय अनुज साहू के एसएलबीसी टनल में फंसे होने की सूचना शनिवार को मिलते ही उनके माता-पिता, भाई एवं नाना का रो -रो कर खराब हाल है। अनुज रामप्रताप साहू का सबसे बड़ा पुत्र है। पिता रामप्रताप साहू ने बताया कि अनुज के साथ ही गांव के ही गंदुर साहू, इंद्रदेव, सोनू एवं सुद्धेश्वर उरांव काम करते है। इन लोगों द्वारा ही शनिवार को दस बजे दिन में अनुज के सुरंग में फंस जाने की सूचना फोन पर मिली। मां गायत्री देवी ने बताई की अनुज मार्च में घर आने वाला था। इधर, गांव के कई महिला-पुरुष उनके घर जाकर उन्हें अनुज के ठीक होने की बात कह दिलासा देने में लगे हैं।

**राज्य के श्रमिकों को बचाने का प्रयास जारी : इरफान**

**रांची।** तेलंगाना में एसएलबीसी टनल हादसे पर राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने एक समाचार एजेंसी से रविवार को बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मामले में तुरंत संज्ञान लिया है। उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री से संपर्क किया है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री लगातार संपर्क में हैं। वहां की सरकार मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि सभी मजदूर सुरक्षित होंगे। यदि जरूरत पड़ी, तो वह स्वयं तेलंगाना जाकर घटनास्थल पर स्थिति का जायजा लेंगे और वहां की सरकार से सहयोग करेंगे। झारखंड सरकार लगातार तेलंगाना सरकार के संपर्क में है और उनके सचिव से लेकर वहां के अधिकारियों के साथ लगातार संवाद बनाए रखा गया है।

## सुरंग में फंसे आठ लोगों को बचाने में जुटी है सेना और एनडीआरएफ

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के नागरकुरनूल में अमराबाद मंडल के डोमलपेंटा गांव के पास श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) की निमाणाधीन सुरंग में फंसे आठ लोगों को निकालने के लिए अब सेना को बुलाया गया है। इस रेस्क्यू में एनडीआरएफ, राज्य आपदा और खदान विभाग के कर्मी भी सहयोग कर रहे हैं। सुरंग के अंदर भरे पानी को निकालने के लिए हेवी ड्यूटी के मोटर पंप लगाए गए हैं। ज्ञात हो कि शनिवार को एसएलबीसी की निमाणाधीन सुरंग में काम चल रहा था। तभी सुरंग के अंदर छत का हिस्सा ढहने से आठ लोग फंस गए हैं, जिन्हें सुरक्षित निकालने के लिए हरसंभव प्रयास हो रहे हैं। सुरंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए चल रहे बचाव अभियान में 120 एनडीआरफ के कर्मचारी, 24 सिंगरेनी खदान के कर्मचारी और राज्य आपदा प्रबंधन से जुड़े 24 कर्मचारी और भारतीय सेना के 24 जवान शामिल है। इस दौरान जिलाधीश संतोष ने सुरंग के अंदर कुछ दूर जाकर फंसे मजदूरों को उनके नाम पुकार कर संपर्क साधने की कोशिश की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बताया जा रहा है कि मलबे से 200 मीटर का हिस्सा पूरी तरह बंद हो गया है। सुरंग में 11-13 किमी के बीच के हिस्से में पानी जमा है। पानी को निकालने के लिए हेवी ड्यूटी के मोटरपंप कार्य कर रहे हैं। टनल बोरिंग मिशन के दोनों किनारों पर कीचड़ और पानी भरा है। पानी और कीचड़ को पार करने में उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी कड़ी मशक्कत कर एनडीआरएफ के जवान टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के सामने तक पहुंच गई हैं। ऐसी स्थिति है कि जब तक पानी व कीचड़ को रास्ते से हटाया नहीं जाएगा, तब तक सुरंग में फंसे लोगों को बाहर नहीं निकाला जा सकता। इस ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए चार टीमें बुलाई गई हैं। इससे पहले, रविवार की सुबह जिलाधीश संतोष, पुलिस अधीक्षक वैभव गायकवाड़ ने एनडीआरफ, सिंगरेनी खदान और सिंचाई विभाग के विशेषज्ञों के साथ रेस्क्यू अभियान की समीक्षा की।

**मोटापे की समस्या गंभीर...**

हंगुल, पिग्मी हॉग और शेर-पूंछ वाला मकाक सारी दुनिया में कहीं और नहीं पाए जाते, यह सिर्फ हमारे देश में ही पाए जाते हैं। हमारे यहां वनस्पति और जीव-जंतुओं का एक बहुत ही जीवंत इको-सिस्टम है और ये हमारे यहां के जीव-जंतु, हमारे इतिहास और संस्कृति में रचे-बसे हैं।

हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री मोदी ने खेलों को प्रोत्साहित करते हुए 'मन की बात' में इस क्षेत्र में भारत के बढ़ते कद का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक खेल पावर हाउस बनने जा रहा है और इसमें हमारे खिलाड़ियों और 'खेलो इंडिया' जैसे अभियान की बड़ी भूमिका है। इस संबंध में उन्होंने नए उभरते खिलाड़ियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस बार के राष्ट्रीय खेलों में किशोर चैंपियन की संख्या हैरान करने वाली है। उन्हें खुशी है कि भारत का युवा एथलीट समर्पण और अनुशासन के साथ भारत को वैश्विक स्पोर्टिंग पावर हाउस बनाने में तेजी से बढ़ रहा है।

हर बार की तरह इस बार भी 'नारी शक्ति' को सम्मान देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि आने वाले महिला दिवस पर वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स (एक्स, इंस्टा, फेसबुक एवं अन्य) को देश की कुछ प्रेरणादायक काम करने वाली कुछ महिलाओं को एक दिन के लिए सौंपेंगे। 8 मार्च को ये महिलाएं अपने कार्य और अनुभव को देशवासियों के साथ साझा करेंगी। उन्होंने कहा कि यह मंच भले ही उनका होगा, लेकिन इसमें बात उनके अनुभव, चुनौतियों और उपलब्धियों की होगी। डिजिटल क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में कहा कि भारत अब कृत्रिम मेधा में भी अपना एक स्थान बना रहा है। उन्होंने तेलंगाना के आदिलाबाद के सरकारी स्कूल के टीचर थोडासम कैलाश के जनजातीय भाषाओं को बचाने की दिशा में एआई के माध्यम से किए गए महत्वपूर्ण कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआई के माध्यम से उन्होंने कोलामी भाषा में गाना कंपोज कर कमाल कर दिया है। वह एआई का उपयोग कोलामी के अलावा भी कई भाषाओं में गीत तैयार करने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के 100वें रॉकेट की लॉंचिंग का भी कार्यक्रम में उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसरो की सफलताओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है। बीते 10 वर्षों में करीब 407 सैटेलाइट लांच की गई है। इसमें से बहुत से सैटेलाइट अन्य देशों के हैं। आज अंतरिक्ष क्षेत्र युवाओं के लिए पसंदीदा बन गया है। कुछ साल पहले तक किसी ने सोचा भी नहीं था कि स्टार्टअप और निजी क्षेत्र की अंतरिक्ष से जुड़ी कंपनियां की संख्या सैकड़ों में हो जाएगी।

## ग्लोबल साउथ का भरोसेमंद साथी भारत

# तूफान से प्रभावित होंडुरास को भेजी मानवीय सहायता




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत ने होंडुरास को रविवार को 26 टन मानवीय सहायता भेजी। हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान 'सारा' ने मध्य अमेरिकी देश में काफी तबाही मचाई है। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "ग्लोबल साउथ के लिए एक विश्वसनीय साझेदार। भारत ने हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान सारा के मद्देनजर होंडुरास को 26 टन मानवीय सहायता भेजी है। विदेश मंत्रालय ने कहा, "मेडिकल सप्लाई और आपदा राहत सामग्री से युक्त यह खेप भारत से रवाना हो गई है, जिसमें सर्जिकल आपूर्ति, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर, दस्ताने, सीरिंज और IV तरल पदार्थ, कंबल, स्लीपिंग मैट और स्वच्छता किट शामिल हैं। नवंबर 2024 में, होंडुरास के तट पर बना उष्णकटिबंधीय तूफान 'सारा' विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन का कारण बना। इसने होंडुरास में घरों और कई सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को तबाह कर दिया। बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए, हजारों लोगों की ज़िंदगी सीधे तौर पर तूफान से प्रभावित हुई।

## इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने वामपंथी राजनेताओं पर निशाना साधते हुए कहा

# लेफ्ट का दोहरा मापदंड है ट्रंप मोदी व मेलोनी की आलोचना

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने वामपंथी राजनेताओं पर निशाना साधते हुए कि वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीत से घबराए हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि वामपंथियों द्वारा की जा रही ट्रंप, मोदी और खुद उनकी आलोचना सिर्फ लेफ्ट का दोहरा मापदंड है। रविवार को वाशिंगटन में कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस (सीपीएसी) 2025 में बोलते हुए मेलोनी ने ट्रंप और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की तारीफ की की, जबकि 'अभिजात्य वर्ग' और वामपंथी नेताओं पर निशाना साधा।

मेलोनी ने कहा, "वामपंथी घबराए हुए हैं और ट्रंप की जीत के साथ उनकी चिड़चिड़ाहट उन्माद में बदल गई है। न केवल इसलिए कि रूढ़िवादी जीत रहे हैं, बल्कि इसलिए भी कि रूढ़िवादी वैश्विक स्तर पर सहयोग कर रहे हैं। इतालवी पीएम ने दोहरे मापदंड का जिक्र करते हुए याद दिलाया कि किस तरह पूर्व



### बोलीं पीएम, ट्रंप की जीत ने उनकी चिड़चिड़ाहट को उन्माद में बदला

अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर की 1990 के दशक में वैश्विक उदारवादी नेटवर्क बनाने के लिए तारीफ की गई थी, जबकि ट्रंप, वो स्वयं, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेताओं पर लोकतंत्र को खतरे में डालने का आरोप लगाया जाता है।

मेलोनी ने कहा, "जब बिल क्लिंटन और टोनी ब्लेयर ने 90 के दशक में वैश्विक वामपंथी उदारवादी नेटवर्क बनाया था, तो उन्हें राजनेता कहा गया। आज, जब ट्रंप, मेलोनी, माइली या शायद मोदी बात करते हैं, तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा कहा जाता है। यह वामपंथियों का दोहरा मापदंड है। इतालवी पीएम ने कहा कि मीडिया और राजनीतिक हमलों के बावजूद रूढ़िवादी नेता चुनाव जीतते रहते हैं, क्योंकि 'लोग अब उनके झूठ पर विश्वास नहीं करते।' मेलोनी ने कहा, "लोग भोले नहीं हैं जैसा कि वामपंथी उन्हें समझते हैं। वे हमें वोट देते हैं क्योंकि हम स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं, हम अपने राष्ट्रों से प्यार करते हैं, हम सुरक्षित सीमाएं चाहते हैं, हम व्यवसायों और नागरिकों को वामपंथी पागलपन से बचाते हैं। हम परिवार और जीवन की रक्षा करते हैं, हम अपने विश्वास और अपनी मुक्त अभिव्यक्ति के पवित्र अधिकार की रक्षा करते हैं, और हम सामान्य ज्ञान के लिए खड़े होते हैं।

# जर्मनी में संघीय चुनाव से ठीक पहले अनिश्चित हैं 22% मतदाता के लिए मतदान, क्या हैं प्रमुख मुद्दे?

**बर्लिन (आईएएनएस)**



जर्मनी के मतदाता रविवार को देश की संसद के निचले सदन बुंडेसटाग के गठन के लिए मतदान कर रहे हैं। इस वर्ष चुनाव सितंबर में निर्धारित थे, लेकिन पिछले वर्ष सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (एसपीडी), ग्रीन्स और फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी के वर्तमान सत्तारूढ़ गठबंधन के पतन के कारण अचानक चुनाव कराने पड़े। नवीनतम सर्वेक्षणों से पता चलता है कि क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) और क्रिश्चियन सोशल यूनियन (सीएसयू) की सहयोगी पार्टियां बढ़त ले रही हैं। फोर्सा इंस्टीट्यूट द्वारा शुक्रवार को किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, सीडीयू और सीएसयू को 29 प्रतिशत समर्थन मिला, जबकि सुदूर दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) को 21 प्रतिशत और चांसलर ओलाफ स्कोल्ज की एसपीडी को 15 प्रतिशत समर्थन मिला। फोर्सा सर्वेक्षण से यह भी बताता है कि चुनाव से ठीक पहले 22 प्रतिशत उत्तरदाता अभी भी अपनी पसंद के बारे में अनिश्चित थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 299 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 4,506 उम्मीदवार चुनाव के लिए खड़े हैं। कम से कम 59.2 मिलियन लोग मतदान करने के पात्र हैं। स्थिर संघीय सरकार बनाने के लिए बुंडेसटाग में बहुमत की जरुरत होती है।

यूक्रेन युद्ध, अर्थव्यवस्था की चुनौतिपूर्ण स्थिति, ऊर्जा की ऊंची कीमतें और अवैध प्रवास जैसे मुद्दे चुनाव पर छाए रहे हैं। जर्मनी में मतदाता सीधे चांसलर का चुनाव नहीं करते हैं। इसके बजाय, वे संसद के सदस्यों के लिए वोट करते हैं, जो फिर चांसलर का चयन करते हैं।

# मस्क की कंपनी की बनाई एआई चैटबॉट ग्रोक 3 ने एलन मस्क को अमेरिका का सबसे खतरनाक व्यक्ति बताया

## यह भी बताया कि वह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति हैं

- यह भी बताया कि अमेरिका को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाले 3 लोग हैं-डोनाल्ड ट्रंप, एलन मस्क, जेडी वेंस

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** दुनिया के सबसे धनी उद्योगपति व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सरकारी सलाहकार एलोन मस्क के ही कंपनी की बनाई एआई चैटबॉट ग्रोक 3 (Grok 3 ) ने एलन मस्क के बारे में सर्च करने पर उनको (एलन मस्क) अमेरिका का सबसे खतरनाक व्यक्ति बताया है। अपने इस जवाब की वजह से ग्रोक 3 की बहुत चर्चा हो रही है। मालूम हो कि एलन मस्क ने हाल ही में एक्स एआई (xAI) के लेटेस्ट चैटबॉट वर्जन ग्रोक 3 को लॉन्च किया है। एलन मस्का दावा था कि यह धरती का सबसे पावरफुल एआई चैटबॉट है, जो एडवांस रीजनिंग, डीप सर्च कैपेबिलिटीज और वॉइस मोड जैसी सुविधा ऑफर करता है।

### ग्रोक 3 के जवाब पर उठने लगे सवाल-

सोशल मीडिया पर एक यूजर ने एक पोस्ट साझा किया, जिसमें बताया गया है कि जब ग्रोक 3 से पूछा गया कि अभी अमेरिका को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाले 3 लोग कौन हैं? उसके नाम बताएं, तो चैटबॉट का जवाब साफ था - "डोनाल्ड ट्रंप, एलन मस्क, जेडी वेंस।

मस्क, जो xAI और X के मालिक हैं। कुछ लोगों का अनुमान लगाया कि ये एक ग्लिच था। हालांकि इस तरह के सवाल पर बार-बार ऐसे ही जवाब मिल रहे हैं। इससे पहल जब 22 फरवरी को यही सवाल पूछा गया, तो ग्रोक 3 ने दो नाम ट्रंप और वेंस दिये थे। हालांकि बाद में जवाब बदलकर व्लादिमीर पुतिन, शी जिनपिंग और अयातुल्ला अली खामनेई हो गये।

वही जब ट्रंप के बारे में पूछा गया, तो जवाब मिला कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रहे हैं। उन्हें गलत जानकारी फैलाने वाला और राजधानी में दंगे भड़काने के साथ लोकतांत्रिक संस्थानों को कमजोर करने का जिम्मेदार बताया। इस तरह के जवाब को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जाने लगी है - जैसे यदि जवाब को सही मान लिया जाए, जैसे एलन मस्क दावा कर रहे हैं कि ग्रोक 3 रियल-टाइम डेटा से कनेक्टेड है, तो इसके जवाब कुछ ही दिनों में इतने ज्यादा क्यों बदल जाते हैं? मस्क ने बार-बार जोर दिया है कि ग्रोक 3 अलग है, क्योंकि यह X से रियल-टाइम इनफार्मेशन लेता है। फिर भी, चैटबॉट का यह स्वीकार न कर पाना कि ट्रंप ने 2024 का चुनाव जीता था, और उन्हें पूर्व राष्ट्रपति कहना सवाल उठाता है।

मस्क के xAI ने ओपेन एआई के चैटजीपीटी, गूगल के जेमिनी, और मेटा के एलएलएएमए को टक्कर देने के लिए 2023 में पहला ग्रोक चैटबॉट लॉन्च किया था। वही 2025 की शुरुआत में ग्रोक 3 में लॉन्च किया गया। ग्रोक शुरू में केवल X पर प्रीमियम सब्सक्राइबर्स के लिए उपलब्ध था। लेकिन दिसंबर 2024 में कुछ फीचर्स मुफ्त में उपलब्ध करा दिये गये।ग्रोक 3 के लॉन्च के साथ मस्क ने ऐलान किया कि चैटबॉट सीमित समय के लिए मुफ्त होगा।लेकिन उससे सवाल पूछने पर जिस तरह का जवाब दे रहा है , उससे तो लगता है कि कोई उसे पैसा देकर भी क्यों गलत जवाब पाने के लिए सर्च करेगा?

# इजरायल ने रोकी फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई, हमास के सामने रखी यह शर्त

**यरूशलम (आईएएनएस)**

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को फिलिस्तीनी



कैदियों की रिहाई स्थगित करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि जब तक हमास इजरायली बंधकों की रिहाई के दौरान अपने 'अपमानजनक समारोह' बंद नहीं कर देता तब तक यह रोक जारी रहेगी। गाजा युद्धविराम समझौते के तहत हमास ने शनिवार को 6 इजरायली बंधकों की रिहाई की जबकि इजरायल को 602 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना था। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा, "हमास की ओर से बार-बार किए गए उल्लंघनों, जिनमें हमारे बंधकों को अपमानित करने वाले समारोह और प्रचार उद्देश्यों के लिए हमारे बंधकों का निंदनीय शोषण शामिल है, के मद्देनजर यह फैसला लिया गया कि शनिवार को होने वाली आतंकवादियों (फिलिस्तीनी कैदी) की रिहाई तब तक के लिए स्थगित रहेगी, जब तक कि अगले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती और रिहाई पर होने वाले अपमानजनक समारोह बंद नहीं होते। 19 जनवरी को युद्ध विराम शुरू होने के बाद से, हमास ने 25 इजरायली बंधकों को रिहा किया है। लगभग सभी की एक सार्वजनिक समारोह में रिहाई हुई है जिन्हें इजरायल फिलिस्तीनी ग्रुप का प्रचार स्टंट बताता है। हालांकि शनिवार को बंधक हिशाम अल-सईद की रिहाई एक अपवाद रही। हमास ने बिना किसी सार्वजनिक कार्यक्रम के उन्हें रेडक्रॉस को सौंप दिया। हिशाम रिहा होने वाले पहले मुस्लिम इजरायली हैं। हालांकि शनिवार सुबह हमास ने पांच बंधकों की रिहाई पूरे धूम-धाम से की थी।

हमास ने हिशाम अल-सईद को बिना किसी बड़े कार्यक्रम के रिहा करने का कोई कारण नहीं बताया। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला करके 251 बंधकों को पकड़ लिया और लगभग 1,200 लोगों को मार डाला था जिसके बाद युद्ध शुरू हो गया। गाजा के हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल के हमले में कम से कम 48,319 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इजरायल के हमलों से गाजा की लगभग दो-तिहाई इमारतें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई।

### हिजबुल्लाह पर लगाया हथियारों की तस्करी का आरोप



इजरायल ने एक बार फिर लेबनान-सीरिया सीमा क्रॉसिंग पर हमला किया है। इजरायली सेना ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने सीरिया और लेबनान के बीच सीमा क्रॉसिंग पर हवाई हमले किए हैं।

### सिर्फ सिफारिश, जबरदस्ती नहीं गाजा पर बदले डोनाल्ड ट्रंप के सुर

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने



गाजा प्लान की केवल सिफारिश करेंगे इसे जबरन लागू नहीं करेंगे। ट्रंप ने गाजा पट्टी को खाली करने और इसे अमेरिकी नियंत्रण में लेकर विकसित करने की योजना पेश की थी जिसकी व्यापक आलोचना हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फॉक्स न्यूज से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, "मैं आपको बताऊंगा कि इसे कैसे करना है।

# क्या हुड्डा व शशि थरूर को पुचकार रही भाजपा?

- पीएम ने हुड्डा से कहा - कहां हो भाई आजकल? कभी मिलिए आकर

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेसियों में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा पूर्व मंत्री व केरल से सांसद शशि थरूर को लेकर चर्चा है कि दोनों पर भाजपा डोरे डाल रही है। और ये दोनों भी कुछ -कुछ चंचल मानसिकता में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को पूर्व कांग्रेसी और अब भाजपाई सुनील जाखड़ के पोते की शादी के रिसेप्शन में शामिल हुए थे। जिसमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी शामिल हुए थे। रिसेप्शन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें मोदी और हुड्डा एक दूसरे से बड़े ही प्रेम भाव वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं।जिसको लेकर पूर्व सीएम हुड्डा ने सफाई दी है कि पीएम मोदी से मिला तो फिर क्या हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मोदी ने भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ के पोते के रिसेप्शन में हुड्डा से कहा था - कहां हो भाई आजकल? कभी मिलिए आकर। इसके बाद वह थोड़ा सा आगे बढ़ जाते हैं और रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा से हाथ मिलाते हैं और कहते हैं कि अरे जूनियर हुड्डा आप यहां पर खड़े हैं। कल काफी याद किया था।चंडीगढ़ में जब इस मामले पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'फिर क्या हो गया। शादी थी, सब मिलते हैं। उन्होंने मुझे नहीं बुलाया है। मेरे पास एक शख्स खड़े थे, उनको बुलाया है। उन्होंने समय मांगा था, मेरे पास अश्वनी कुमार खड़े थे उनको बुलाया है। जब वह 10 साल मुख्यमंत्री थे, तो रोज ही मिलते थे। कांफ्रेंस में मिलते थे। अरे यह प्रजातंत्र है, राजनीतिक विरोध है हमारा, कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है।' कहा जाता है कि इसी तरह की बातें शशि थरूर के बारे में भी कही जा रही हैं। उन्होंने हाल ही में पीएम मोदी के कुछ बातों की प्रशंसा की है। उसके बाद कांग्रेस में कुछ बातों पर सवाल उठाया है। जिसके चलते उनके बारे में भी कहा जाने लगा है - लगता है यह भी चलायमान हो रहे हैं।

# सूडान के व्हाइट नील राज्य में हैजा से तीन दिनों में 83 लोगों की मौत: एनजीओ

**खार्तूम (आईएएनएस) ।** स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने बताया कि सूडान के व्हाइट नाइल राज्य में हैजा से मौत को लेकर भयावह आंकड़ा साझा किया है। इसके मुताबिक पिछले 72 घंटों में हैजा से 83 लोगों की मौत हो गई है। गैर-सरकारी सूडानी डॉक्टर्स नेटवर्क ने शनिवार को एक बयान में कहा, "व्हाइट नाइल में हैजा फैलने से 83 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,197 अन्य संक्रमित हुए हैं, जिनमें से शुक्रवार तक 259 लोग ठीक हो चुके हैं। नेटवर्क ने स्थिति को "विनाशकारी" बताते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अस्पताल में बिस्तरों की कमी और बीमारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त केंद्र खोलें। नेटवर्क ने स्थानीय प्राधिकारियों से जागरूकता अभियान तेज करने, बाजारों को संक्रमणमुक्त करने, पारंपरिक तरीकों से पेयजल वितरण को रोकने तथा जल नेटवर्क की कमी वाले क्षेत्रों में क्लोरीन वितरित करने का भी आह्वान किया। इस बीच, स्थानीय स्वयंसेवी समूह निदा अल-वसत प्लेटफार्म ने चेतावनी दी कि व्हाइट नाइल राज्य के प्रमुख शहर कोस्टी में स्वास्थ्य स्थिति "बहुत खतरनाक मोड़ ले रही है।, जहां 800 से अधिक हैजा के मामले सामने आए हैं और कई लोगों की मौत हुई है। एक अन्य गैर सरकारी संगठन, डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (एमएसएफ) ने भी एक प्रेस विज्ञप्ति में पुष्टि की कि "बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु हो गई है, और 800 से अधिक लोग तेज दस्त, डिहाइड्रेशन, उल्टी आदि के लक्षणों के साथ कोस्टी टीचिंग अस्पताल में हैजा उपचार केंद्र में इलाज करा रहे हैं, जिसे एमएसएफ द्वारा सहायता प्राप्त है।"

# भारत ने स्पेस सेक्टर में लगाया 'शतक', तकनीक के क्षेत्र में युवाओं की भागेदारी से आई नई क्रांति : मोदी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' की 119वीं कड़ी में चैंपियंस ट्रॉफी, स्पेस सेक्टर में भारत की उपलब्धि, अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की टीम में नारी शक्ति के उदय और युवाओं की इस क्षेत्र में बढ़ती दिलचस्पी की सराहना की। पीएम मोदी ने युवाओं को रुचि विकसित करने के लिए सुझाव भी दिए और एआई के क्षेत्र में भारत की उभरती मजबूत पहचान पर भी बात की। पीएम ने बताया कि नई तकनीक को अपनाने में युवाओं की भागीदारी एक नई क्रांति को जन्म दे रही है।

पीएम मोदी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के चलते देश में व्याप्त क्रिकेट के माहौल पर बात करते हुए कहा, "इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। क्रिकेट में क्रिकेट का रोमांच क्या होता है, ये तो हम सब भली-भांति जानते हैं। 23 फरवरी को भी इस प्रतियोगिता में भारत-पाक का बहुप्रतीक्षित मुकाबला होने जा रहा है, जिसको लेकर देश में गजब का उत्साह है। पीएम ने कहा कि भारत एक तरफ क्रिकेट में कई उपलब्धियां हासिल करता जा रहा है, तो वहीं ऐसे ही रिकॉर्ड स्पेस सेक्टर यानी अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी बनाता जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जैसे टीम इंडिया क्रिकेट में शतक लगाती है, भारत ने अंतरिक्ष में भी शानदार 'शतक' बनाया है। पिछले महीने देश इसरो के 100वें रॉकेट के प्रक्षेपण का साक्षी बना है। यह केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि इससे अंतरिक्ष विज्ञान में नित नई ऊंचाइयों को छूने के हमारे संकल्प का भी पता चलता है।

पीएम मोदी ने कहा, "हमारी अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत बहुत ही सामान्य तरीके से हुई थी। इसमें कदम-कदम पर चुनौतियाँ थीं, लेकिन हमारे वैज्ञानिक विजय प्राप्त करते हुए आगे बढ़ते ही गए। समय के साथ अंतरिक्ष की इस उड़ान में हमारी सफलताओं की सूची काफी लंबी होती चली गई। प्रक्षेपण यान का निर्माण हो, चंद्रयान की सफलता हो, मंगलयान हो, आदित्य एल-1 या फिर एक ही रॉकेट से, एक ही बार में, 104 उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने का अभूतपूर्व अभियान हो – इसरो की सफलताओं का दायरा काफी बड़ा रहा है। बीते 10 वर्षों में ही करीब 460 उपग्रह प्रक्षिप्त किए गए हैं और इसमें दूसरे देशों के भी बहुत सारे उपग्रह शामिल हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हाल के वर्षों की एक बड़ी बात ये भी रही है कि अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की हमारी टीम में नारी-शक्ति की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

### नारी शक्ति को नमन, इस बार 8 मार्च पर मेरा सोशल प्लेटफॉर्म संभालेंगी महिलाएं : पीएम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कहा कि इस बार महिला दिवस पर उनके सोशल अकाउंट की कमान महिलाएं संभालेंगी। पीएम मोदी ने देश के लिए सर्वस्व समर्पित करने वाली महिलाओं को भी याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के योगदान का जिक्र करते हुए कहा, "हंसा मेहता जी ने हमारे राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण से लेकर उसके लिए बलिदान देने वाली देश भर की महिलाओं के योगदान को सामने रखा था।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एग्जाम वॉरियर्स' को दी शुभकामनाएं, बोले- 'सकारात्मक सोच के साथ दें परीक्षा'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 119वें एपिसोड में बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे बच्चों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को एग्जाम वॉरियर्स का नाम दिया। अपील की कि ये वॉरियर्स अपना आत्मविश्वास बनाए रखें और अपनी मेहनत पर विश्वास करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बोर्ड एग्जाम का समय है। मैं अपने युवा-साथियों यानि एग्जाम वॉरियर्स को उनकी परीक्षाओं के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

